

■ सावधान! आपकी जेब पर चल रही है बैंक की साइलेंट कैंची - 12



■ टैक्स नियम सख्त : अब मकान मालिक से रिश्ते का भी देना होगा हिसाब - 12



■ बच्चों के टीकाकरण दिशा निर्देशों में बदलाव पर ट्रंप प्रशासन पर मुकदमा - 13



■ टी-20 वर्ल्ड कप : भारत-जिम्बाब्वे का मैच आज : करो या मरो की चुनौती - 14

आज का मौसम
29.0°
अधिकतम तापमान
14.0°
न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.35
सूर्यास्त 06.08


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष दशमी 12:33 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2082

गुरुवार, 26 फरवरी 2026, वर्ष 36, अंक 22, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


प्रेम की लाठी



ब्रज में होली का उल्लास चरम पर पहुंचने लगा है। बुधवार को बरसाना में द्वापरयुगीन लीला एक बार फिर जीवंत हुई जहां विश्वप्रसिद्ध लट्ठमार होली में नंदगांव के हुरियारों और बरसाना की हुरियारिनों के बीच भक्ति, प्रेम और ठिठोली का अनूठा संगम देखने को मिला।

## जापान में यूपी को मिले 11 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वैश्विक कंपनियों के साथ एमओयू, कृषि मशीनरी से लेकर ऑटो इलेक्ट्रॉनिक्स तक विस्तार
- योगी बोले, भारत व जापान के औद्योगिक सहयोग को नई दिशा देने वाले हैं पहले दिन हुए करार



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जापान के अर्थव्यवस्था के उपमंत्री कोमोरी ताकुओ से मिले।

**अमृत विचार :** सिंगापुर में दो दिन के भीतर एक लाख करोड़ रुपये निवेश प्रस्तावों के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जापान दौरे के पहले ही दिन बुधवार को 11 हजार करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इन करारों से प्रदेश में कृषि यंत्र निर्माण, औद्योगिक मशीनरी, ऑटोमोटिव इलेक्ट्रॉनिक्स, एडवांस कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग, औद्योगिक प्रिंटिंग, हॉस्पिटैलिटी और रियल एस्टेट सेक्टर को नई गति मिलने की उम्मीद है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जापान दौरे के पहले दिन हुए ये करार भारत-जापान औद्योगिक सहयोग को नई दिशा देने वाले साबित होंगे और उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेश मानचित्र पर और मजबूत करेंगे। जिन कंपनियों के साथ एमओयू हुए, उनमें कुबोता कारपोरेशन, मिंडा कारपोरेशन, जापान एविएशन इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री, नागासे एंड कंपनी लिमिटेड, सीको एडवांस, ओएंडओ ग्रुप, फूजी जैपनीज जेवी और फूजीसिल्वरटेक कंक्रीट शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यूपी अब भारत का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार ही नहीं, बल्कि हाई-वैल्यू मैन्युफैक्चरिंग और ग्लोबल सप्लाई चेन का केंद्र बन चुका है। सुरक्षित निवेश माहौल, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और स्पष्ट नीतियों के कारण जापानी कंपनियां यूपी में निवेश को लेकर उत्साहित हैं। 1890 में स्थापित कुबोता कारपोरेशन कृषि और औद्योगिक मशीनरी क्षेत्र की अग्रणी वैश्विक कंपनी है। ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, इंजन और जल-अवसंरचना समाधानों में विशेषज्ञता रखने वाली यह कंपनी भारत में एस्कॉर्ट्स कुबोता लिमिटेड के साथ मिलकर फार्म मैकेनाइजेशन और मैन्युफैक्चरिंग विस्तार पर काम कर रही है। इन समझौतों से प्रदेश में कृषि आधारित उद्योगों को तकनीकी बढ़त मिलने की संभावना है।

### ऑटोमोटिव इलेक्ट्रॉनिक्स, एडवांस कंपोनेंट्स पर फोकस

मिंडा कारपोरेशन और जापान एविएशन इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री के सहयोग से ऑटोमोटिव इलेक्ट्रॉनिक्स, सेंसर, कनेक्टर्स और ईवी कंपोनेंट्स के निर्माण को बढ़ावा मिलेगा। वहीं, नागासे एंड कंपनी के साथ हुए करार से एडवांस्ड मैटेरियल्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और मोबिलिटी सॉल्यूशंस के क्षेत्र में नई साझेदारी विकसित होगी।

### औद्योगिक प्रिंटिंग, हॉस्पिटैलिटी, रियल एस्टेट में विस्तार

सीको एडवांस द्वारा औद्योगिक प्रिंटिंग और ग्राफिक्स के क्षेत्र में निवेश बढ़ाने की योजना है। इसके साथ ही ओएंडओ ग्रुप ने हॉस्पिटैलिटी और रियल एस्टेट सेक्टर में निवेश को लेकर सहमति जताई है। सरकार का मानना है कि इन परियोजनाओं से रोजगार सृजन और तकनीकी हस्तांतरण को बल मिलेगा।

## ब्रीफ न्यूज

### युकां कार्यकर्ताओं की हिरासत चार दिन बढ़ाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने यहां भारत मंडपम में 'एआई इम्पैक्ट समिट' के दौरान कमीज उतार कर प्रदर्शन करने के मामले में गिरफ्तार किए गए भारतीय युवा कांग्रेस के पांच कार्यकर्ताओं की पुलिस हिरासत बुधवार को चार दिन के लिए बढ़ा दी। न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि ने हिरासत में पूछताछ के लिए आरोपियों की पुलिस हिरासत की अवधि बढ़ाई है। आरोपियों को 20 फरवरी को किये गए प्रदर्शन के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। उनमें बिहार से युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कृष्णा हरि, इसकी बिहार इकाई के सचिव कुंदन यादव, उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय कुमार और तेलंगाना से नरसिम्हा यादव शामिल हैं।

### सूरत में दंपती ने बेटी के साथ आत्महत्या की

**सूरत।** शहर के वेसु इलाके में एक दंपती ने अपनी नौ वर्षीय बेटी के साथ आत्महत्या कर ली। दंपती की दूसरी बच्ची को बचा लिया गया। पुलिस ने बताया कि बिहार निवासी बालमुकुंद, उनकी पत्नी प्रियंका और उनकी बड़ी बेटी की मंगलवार को घर में जहर खाने से मौत हो गई। दंपती की सात वर्षीय छोटी बेटी बच गई। बालमुकुंद एक शेयर कारोबारी थे और घर से काम करते थे। घटनास्थल से एक सुसाइड नोट बरामद किया गया है, जिसमें एक व्यक्ति पर उत्पीड़न का आरोप लगाया गया है। इस व्यक्ति के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया है।

### पुंछ में सेना ने बरामद किया गोला-बारूद

**जम्मू।** सेना और पुलिस ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में बुधवार को संयुक्त अभियान ऑपरेशन गनी के दौरान भारी मात्रा में गोला-बारूद के साथ दो विस्फोटक उपकरण बरामद किए। सेना के मुताबिक जम्मू-कश्मीर पुलिस से मिले इनपुट भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कॉर्प्स और एसओजी के जवानों ने पुंछ के गनी वन क्षेत्र में संयुक्त अभियान शुरू किया जहां गुफा के नीचे छिपाए गए हथियारों के जखीरे का पता चला। वहां से 4.5 किग्रा का एक बड़ा विस्फोटक उपकरण, 800 ग्राम का एक छोटा विस्फोटक उपकरण, दो चाइनीज ग्रेनेड, एक 9 एमएम पिस्टल, दो 9 एमएम राउंड और 7.62 गोला-बारूद बरामद किए गए।

## एनसीईआरटी पुस्तक में 'न्याय पालिका में भ्रष्टाचार' खंड पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

### कहा- ये न्याय पालिका को बदनाम करने का सोचा-समझा कदम, बर्दाश्त नहीं करेंगे

- नाराजगी भरे लहजे सीजेआई सूर्यकांत ने कहा- धरती पर किसी को भी न्याय पालिका को बदनाम नहीं करने देंगे
- बोले- उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश भी हैं चिंतित, हमें एक दिन का समय दीजिए, कानून अपना काम करेगा

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने बुधवार को राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के कक्षा आठ के पाठ्यक्रम में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' नाम के अध्याय को शामिल करने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि इस धरती पर किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने और उसकी शुचिता को धूमिल नहीं करने दिया जाएगा। सीजेआई ने सख्त नाराजगी भरे लहजे में कहा, ऐसा लगता है कि यह सोचा-समझा कदम है। मैं किसी भी कीमत पर इसे बर्दाश्त नहीं करूंगा। कोई कितना भी बड़े पद या प्रभाव वाला क्यों न हो, कानून अपना काम करेगा।

सीजेआई और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अभिषेक सिंघवी की ओर से मामले को तत्काल विचार के लिए उल्लेखित किए जाने के बाद एनसीईआरटी की पुस्तक में न्याय पालिका के बारे में आपत्तिजनक सामग्री का स्वतः संज्ञान लिया। सिब्बल ने कहा, इस संस्था के सदस्य होने के नाते हमें यह जानकर बहुत दुख हुआ है कि आठवीं के बच्चों को न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के बारे में पढ़ाया जा रहा है। यह अध्याय पूरी तरह से निंदनीय है। सिंघवी ने कहा, एनसीईआरटी ने मान लिया कि अन्यत्र भ्रष्टाचार नहीं है। नौकरशाही, राजनीति, सार्वजनिक जीवन और अन्य संस्थानों में भ्रष्टाचार का कोई उल्लेख नहीं है।

सीजेआई ने कहा, मुझे इसकी पूरी जानकारी है। उन्हें कई फोन और संदेश मिले हैं और कई उच्च न्यायालय के न्यायाधीश भी चिंतित हैं। जब सिब्बल ने उम्मीद जताई कि पीठ स्वतः संज्ञान लेगी तो सीजेआई ने कहा, एक दिन इंतजार कीजिए। यह निश्चित रूप से पूरी संस्था के लिए चिंता का विषय है। बार और पीठ दोनों परेशान हैं। व्यवस्था से जुड़े हर हितधारक वास्तव में परेशान हैं। उन्होंने सिब्बल को बताया कि उन्होंने इस मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए पहले ही आदेश पारित कर दिया है। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि यह पुस्तक संविधान की मूल संरचना के विरुद्ध प्रतीत होती है।

### भ्रष्टाचार को बताया है न्याय पालिका की प्रमुख चुनौती

कक्षा आठ के लिए एनसीईआरटी की समाज विज्ञान की नई पाठ्यपुस्तक के इस अध्याय में लंबित मामलों के भारी बोझ और न्यायाधीशों की कमी के साथ भ्रष्टाचार को भी न्यायिक प्रणाली की बड़ी चुनौती बताया गया है। पुस्तक के 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' नामक खंड में कहा गया है कि न्यायाधीश एक आचार संहिता से बंधे होते हैं जो न केवल अदालत में उनके व्यवहार को नियंत्रित करती है बल्कि अदालत के बाहर उनके आचरण को भी नियंत्रित करती है।

### एनसीईआरटी ने पुस्तक को अपनी वेबसाइट से हटाया

इस बीच, एनसीईआरटी ने पुस्तक को अपनी वेबसाइट से हटा दिया है। सूत्रों के मुताबिक पुस्तक में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से संबंधित विवादास्पद अंश को हटाया जा सकता है। एनसीईआरटी ने अध्याय से संबंधित विषय विशेषज्ञों और इसे मंजूरी देने वाले अधिकारियों की अनुशंसा की समीक्षा के लिए एक आंतरिक बैठक बुलाई है। एनसीईआरटी के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद सकलानी ने इस बारे में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

### संदर्भ से बाहर लिया बयान, पूर्व सीजेआई गवई भी नाराज

पुस्तक में पूर्व सीजेआई बीआर गवई का भी उल्लेख है जिन्होंने जुलाई 2025 में कहा था कि न्यायपालिका के भीतर भ्रष्टाचार और कदाचार के मामलों का लोगों के विश्वास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। सूत्रों ने बताया कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार को लेकर पूर्व सीजेआई के बयान को संदर्भ से बाहर लिया गया और बताया जा रहा है कि वह भी इससे नाराज हैं। एक सरकारी अधिकारी ने कहा, यदि छात्रों को भ्रष्टाचार के बारे में पढ़ाया जाना है तो आदर्श रूप से इस अध्याय में उन्हें भ्रष्टाचार की शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए था न कि किसी संस्था को निशाना बनाया जाना चाहिए था।

## मोदी से मेरी दोस्ती दोनों देशों के घनिष्ठ संबंधों की प्रतीक

- नेतन्याहू ने अपनी पत्नी सारा के साथ किया प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत
- मोदी ने विभिन्न क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहयोग मजबूत होने की उम्मीद जताई



हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते नेतन्याहू और उनकी पत्नी।

> मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि प्रधानमंत्री नेतन्याहू और श्रीमती नेतन्याहू ने हवाई अड्डे पर मेरा भव्य स्वागत किया। मैं द्विपक्षीय चर्चाओं और सार्थक परिणामों की आशा करता हूं जो भारत-इजराइल मित्रता को मजबूत करेंगे।
> – प्रधानमंत्री मोदी

यरूशलम, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बुधवार को इजराइल पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा ने बेन गुरियन हवाई अड्डे पर मोदी की अगवानी की। प्रधानमंत्री मोदी की नौ वर्षों में इजराइल की यह दूसरी यात्रा है। जुलाई 2017 में इस देश की उनकी पहली यात्रा के दौरान भारत-इजराइल संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर पर ले जाया गया था।

नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री मोदी का गर्मजोशी से गले लगाकर अभिवादन किया और कहा, इजराइल में आपका स्वागत करना हमारे लिए बहुत सम्मान की बात है, प्रधानमंत्री मोदी। इसके बाद तेल अवीव से 20 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित हवाई अड्डे पर मोदी का औपचारिक स्वागत किया गया। नेतन्याहू ने कहा कि उनका और मोदी का घनिष्ठ व्यक्तिगत संबंध है, हम अक्सर बात करते हैं और मेरा मानना है कि हमारे बीच की गहरी दोस्ती हमारे दोनों देशों के बीच संबंधों को सशक्त रूप से दर्शाती है। नेतन्याहू ने 'एक्स' पर कहा, मेरी पत्नी सारा और मैंने आज अपने मित्र प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया, जो इजराइल की ऐतिहासिक यात्रा के लिए पहुंचे हैं।

इजराइल यात्रा पर रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि उन्हें विश्वास है कि यह यात्रा भारत और इजराइल के बीच स्थाई संबंधों को और सुदृढ़ करेगी तथा रणनीतिक साझेदारी के लिए नए लक्ष्य निर्धारित करेगी। मोदी ने कहा, भारत-इजराइल के बीच एक मजबूत और बहुआयामी रणनीतिक साझेदारी है, जिसमें हाल के वर्षों में उल्लेखनीय विस्तार और गतिशीलता देखी गई है।

## बेतुकी फरमाइशों पर बीएसएनएल के निदेशक को नोटिस, दो अफसर हटाए

- प्रयागराज यात्रा के दौरान साबुन-तेल और अंडरवियर तक के इंतजाम के थे निर्देश, 50 अफसरों को सौंपी गई थी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली/लखनऊ।** बीएसएनएल के वरिष्ठ निदेशक विवेक बंजल को उनके प्रस्तावित प्रयागराज दौरे के लिए की गई बेतुकी फरमाइशों के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी इन फरमाइशों को बेतुकी और शर्मनाक करार दिया है। इस मामले से जुड़े दो वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला भी कर दिया गया है।

इन अधिकारियों में से एक बृजेंद्र कुमार सिंह का प्रयागराज से आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम में स्थानांतरण किया गया है, जबकि जोगेश्वर वर्मा को राष्ट्रीय दूरसंचार क्षेत्र में स्थानांतरित किए जाने की संभावना है। जोगेश्वर ने ही बंजल की यात्रा से संबंधित विवादित कार्यालय आदेश पर हस्ताक्षर किए थे। प्रयागराज में 25-26 फरवरी को होने वाली बंजल की यात्रा के लिए लगभग 50 अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई थीं, जिसमें बंजल के लिए परिवहन, आवास के अलावा उनके अंडरवियर, तौलिये, कंघी और आईने तक का इंतजाम शामिल था।

## गन्ने के खेत में बाघ के हमले मे महिला की मौत

**पचपेड़वा, बलरामपुर।** पचपेड़वा क्षेत्र के परसरामपुर के मजरे गिद्धहवा में बुधवार दोपहर 12:30 बजे बाघ के हमले में मंजू (25) की मौत हो गई। महिला का शव गांव से लगभग 100 मीटर दूर गन्ने के खेत में मिला। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। परिजन रामेश्वर के अनुसार, मंजू खेत की ओर गई थी, तभी अचानक बाघ ने उस पर हमला कर दिया और उसे गन्ने के खेत में खींच ले गया। आसपास काम कर रहे किसानों ने शोर मचाया, जिस पर बाघ महिला को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। भांभर रेंज के क्षेत्राधिकारी योगेश कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पगचिह्नों के आधार पर जांच शुरू की। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट होगा कि किस जंगली जानवर ने हमला किया।

## मुंबई के पाली हिल में अनिल अंबानी का 3,716करोड़ रुपये का घर कुर्क



- 17 मंजिल का 66 मीटर ऊंचा है घर, अब तक 15,700 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन रोधक कानून (पीएमएलए) के तहत रिलायंस अनिल धीरूभाई अंबानी समूह के चेयरमैन अनिल अंबानी के मुंबई स्थित घर ''एबोड'' को कुर्क कर लिया है, जिसकी कीमत 3,716 करोड़ रुपये है। मुंबई के पाली हिल इलाके में स्थित 66 मीटर ऊंचा यह आलीशान घर 17 मंजिला है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, उनके समूह की कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) की ओर से कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े मामले में इस बहुमंजिला घर को कुर्क किया गया। ऐसा करने के लिए धन शोधन रोधक कानून (पीएमएलए) के तहत एक अस्थाई आदेश जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि कुर्क की गई संपत्ति का मूल्य 3,716.83 करोड़ रुपये है।

इस बीच, बताया गया है कि अंबानी पूछताछ के दूसरे दौर के लिए यहां ईडी के सामने पेश हो सकते हैं। उन्होंने पहली बार अगस्त, 2025 में ईडी के सामने पेश होकर पीएमएलए के तहत अपना बयान दर्ज कराया था।

## बसपा के इकलौते विधायक के ठिकानों पर आयकर छापे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी के मंत्री दिनेश सिंह ने की आलोचना, कहा- बीमार विधायक को कुछ हुआ तो संस्था जिम्मेदार

**अमृत विचार :** बलिया के रसड़ा से बसपा के इकलौते विधायक उमाशंकर सिंह के लखनऊ, बलिया, सोनभद्र और कौशांबी के ठिकानों पर आयकर विभाग की टीमों ने छापेमारी की। बाराती बनकर गाड़ियों के काफिलों के साथ 50 से अधिक अधिकारियों ने नकदी, जेवरात समेत इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाइस, फाइलें और अन्य दस्तावेज खंगाले। सूत्रों का दावा है कि तीन करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि बरामद की गई, जिसकी देर रात तक गिनती जारी है। हालांकि आयकर विभाग ने इसकी पुष्टि नहीं की है। परिजनों के मोबाइल कब्जे में है। मामले में बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि आज जिस तरह से हमारे विधायक पर अति गंभीर बीमारी के दौरान कार्रवाई की गई है, वह अति दुर्भाग्यपूर्ण है। साथ ही मानवता के खिलाफ भी है। वहीं यूपी के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कार्रवाई का विरोध करते हुए कहा है कि यदि बीमार विधायक को कुछ हुआ तो संस्था जिम्मेदार होगी। उधर बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने बताया कि उन्हें विधायक के आवास पर छापे की जानकारी नहीं हैं।

## हरियाणा : सरकारी खातों से 590 करोड़ उड़ाने वाले 4 गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने राज्य सरकार के विभागों के खातों से 590 करोड़ रुपये उड़ाने के मामले में बैंक अधिकारियों समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

आईडीएफसी बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में सरकारी विभागों के खातों से पैसा अवैध रूप से निजी बैंक खातों में भेजा गया था। गिरफ्तार आरोपियों में आईडीएफसी बैंक के प्रबंधक रिभव ऋषि और रिलेशनशिप मैनेजर अभय हैं, जिन्हें मुख्य साजिशकर्ता बताया जा रहा है। एक निजी फर्म की मालिक अभय की पत्नी स्वाति और उसके भाई अभिषेक को भी गिरफ्तार किया गया है।

टैरिफ वार | ट्रंप प्रशासन ने भारत पर लगाया अनुचित सब्सिडी देने का आरोप, इंडोनेशिया और लाओस पर भी शुल्क लागू

## अमेरिका में भारतीय सौर उत्पादों पर 126% प्रतिपूर्ति शुल्क

नई दिल्ली, एजेंसी

- सभी देशों पर 24 फरवरी से लागू शुल्क से अतिरिक्त होगा यह शुल्क



अमेरिका ने भारत पर अनुचित सब्सिडी दिए जाने का आरोप लगाते हुए कुछ भारतीय सौर उत्पादों के आयात पर 125.87% का प्रतिपूर्ति शुल्क लगाया है। भारत के साथ अमेरिका ने इंडोनेशिया और लाओस से आयातित 'क्रिस्टलाइन सिलिकॉन फोटोवोल्टिक सेल' पर भी अलग-अलग शुल्क दरों की घोषणा की है। इनमें संयोजित और असंयोजित दोनों मॉड्यूल शामिल हैं।

अमेरिकी आदेश के अनुसार, 24 फरवरी 2026 को अमेरिकी वाणिज्य विभाग ने भारत, इंडोनेशिया और लाओ पीपल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक (लाओस) से क्रिस्टलाइन सिलिकॉन फोटोवोल्टिक सेल के संबंध में प्रतिपूर्ति शुल्क जांच में अपने प्रारंभिक निष्कर्षों की घोषणा की। ये शुल्क अमेरिकी प्रशासन की ओर से 24 फरवरी से सभी देशों पर घोषित 10 प्रतिशत शुल्क के अतिरिक्त हैं। आदेश के अनुसार, अमेरिका में भारत से सौर आयात 2022 के 8.38 करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2024 में 79.26 करोड़ डॉलर हो गया। आदेश में कहा गया, यदि इसे स्थगित नहीं किया गया तो इन प्रतिपूर्ति शुल्क जांच के अंतिम निर्णय छह जुलाई, 2026 को जारी किए जाएंगे। वाणिज्य विभाग भारत, इंडोनेशिया और लाओस से सौर सेल के संबंध में समानांतर रूप से डंपिंग रोधी शुल्क जांच भी कर रहा है। प्रतिपूर्ति शुल्क कंपनियों को सब्सिडी वाले आयात से बचाने में मदद करते हैं।

### आयातित सौर सेल पर 2022 में लगाया था सीमा शुल्क

घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के साथ आयात को कम करने, स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने और विदेशी आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भरता कम करने के लिए भारत ने अप्रैल, 2022 में आयातित सौर सेल और मॉड्यूल पर मूल सीमा शुल्क लगाया था। इसी के साथ लिए सरकार ने ''रूफटॉप सोलर'' कार्यक्रम, प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम) योजना और सीपीएसयू योजना (द्वितीय-चरण) जैसी योजनाओं के तहत आने वाली परियोजनाओं में भारत में निर्मित पैनल एवं सेल का उपयोग अनिवार्य किया है।

### लगातार घट रहा है सौर मॉड्यूल का आयात

भारत में सौर मॉड्यूल का आयात 2024-25 में घटकर 2.15 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया जो 2023-24 में 4.35 अरब डॉलर था। चीन से आयात भी पिछले वित्त वर्ष में घटकर 1.7 अरब डॉलर रह गया, जो 2023-24 में 2.85 अरब डॉलर था। भारत जिन अन्य देशों से आयात करता है उनमें वियतनाम, हांगकांग, मलेशिया और सिंगापुर शामिल हैं।

न्यूज ब्रीफ

### होली से पहले शिक्षा विभाग के कार्मिकों को मिलेगा वेतन

**अमृत विचार, लखनऊ :** होली पर्व से पहले प्रदेश के बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों को वेतन मिलने का रास्ता साफ हो गया है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय, उत्तर प्रदेश की ओर से 24 फरवरी 2026 को जारी आदेश में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सभी कार्मिकों का वेतन 2 मार्च 2026 से पहले हर हाल में जारी कर दिया जाए। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनीका रानी द्वारा जारी आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि वेतन भुगतान में किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब को गंभीरता से लिया जाएगा।

### 9 पुलों के निर्माण को 8.85 करोड़ मंजूर

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में सड़क और सेतु अवसंरचना को मजबूत करने की दिशा में योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में नाबार्ड पोषित आरआईडीएफ योजना के तहत विभिन्न जिलों में निर्माणाधीन बागपत में एक रेल उपरिगामी सेतु समेत 9 सेतुओं के लिए 8.85 करोड़ रुपये की धनराशि जारी करने की स्वीकृति प्रदान की है। लोक निर्माण विभाग के लिए जारी शासनादेश के अनुसार, सभी कार्य लोक निर्माण विभाग एवं उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम के माध्यम से कराए जाएंगे। जारी धनराशि में सबसे बड़ा हिस्सा बागपत में दिल्ली-शाहदरा-सहारनपुर रेल सेक्शन पर बड़ौत-मुजफ्फरनगर मार्ग स्थित समपार संख्या-49ए पर निर्माणाधीन दो लेन रेल उपरिगामी सेतु (आरओबी) के लिए है। इस परियोजना के लिए वर्ष 2025-26 में 4.10 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है।

### भाजपा मंडल अध्यक्षों का कार्यालय पर स्वागत

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** भाजपा कार्यालय पर बुधवार को आयोजित समारोह में नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों का स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में मंडल अध्यक्षों को माला पहनाकर और लड्डू खिलाकर बधाई दी गई। जिलाध्यक्ष ने सभी मंडल अध्यक्षों को अपने दायित्व, कर्तव्य और संगठन के प्रति समर्पण भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका पर विशेष बल दिया। मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेंद्र मौर्य ने मंडल अध्यक्षों को शुभकामनाएं दी। समारोह में जिला महामंत्री राजेश सिंह, जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह, जिला मंत्री रामजी, रामआसरे पाल, मनोज, चंद्र प्रताप, विवेक शर्मा, लव गहलोत, राम प्रसाद माली, ओम प्रकाश जायसवाल विजय तिवारी, अभय, विशाल, मनीष आदि शामिल रहे।

# हमारे अस्तित्व व आस्था के केंद्र हैं श्रीराम

## बोले, केंद्रीय कृषि मंत्री, परिवार संग मंदिर व हनुमानगढ़ी में किया दर्शन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** प्रभु श्रीराम हमारे अस्तित्व और आस्था के केंद्र हैं। हम सभी के रोम-रोम में बसते हैं। ये बातें बुधवार को मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहीं। वह राममंदिर में दर्शन-पूजन और निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने उन्हें मंदिर निर्माण की प्रगति से अवगत कराया। मंत्री ने कहा कि पहली बार परिवार के साथ रामलला के दरबार पहुंचकर आशीर्वाद लिया। रामलला के दर्शन का अवसर मिलना परम सौभाग्य है। मन में लंबे समय से प्रभु श्रीराम के चरणों में प्रणाम करने की ललक थी, जो आज पूर्ण हुई। उन्होंने कहा कि जनता को भगवान मानकर सेवा करते रहे हैं। मेरा सारा जीवन और संपूर्ण शक्ति लोगों की सेवा करके उनके जीवन को बेहतर बनाने में लगा रहे यही कामना प्रभु से की है। इसके बाद उन्होंने सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी पर दर्शन पूजन किया। जहां उन्हें देखकर भक्तों ने घेर लिया।



श्रीराम मंदिर में पत्नी संग दर्शन-पूजन करते केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान।

# भाजपा ने 200 मंडल अध्यक्षों का किया ऐलान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कार्यकर्ताओं से बोले प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी- चुनाव आने वाले हैं सबको मिलेगा काम
- गमछा और बुलडोजर भेंट पर दिखा सादगी का अंदाज

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक विस्तार की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए बुधवार को 200 मंडल अध्यक्षों और जिला प्रतिनिधियों के नामों की घोषणा की। इसके साथ ही प्रदेश में नई कार्यकारिणी गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि चुनाव नजदीक हैं और संगठन में सभी के लिए काम है। उन्होंने कहा कि पार्टी में जिम्मेदारी काम के आधार पर तय होती है, इसलिए सभी लोग संगठन के दिए दायित्वों को पूरी निष्ठा से निभाएं।

भाजपा ने मंगलवार देर रात 1918 संगठनात्मक मंडलों में से शेष रहे 200 मंडल अध्यक्षों और जिला प्रतिनिधियों के नामों की सूची जारी की है। हालांकि 14 जिलाध्यक्षों की सूची अभी लटकी पड़ी है। नए मंडल अध्यक्ष बनाए गए कार्यकर्ताओं को जानकारी जैसे ही हुई, लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय में बुधवार को बड़ी संख्या में लोग प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से मिलने पहुंचे।

मुलाकात के दौरान एक कार्यकर्ता ने प्रदेश अध्यक्ष को भगवा गमछा पहनाकर अभिनंदन किया। इस पर पंकज चौधरी ने मुस्कुराते हुए कहा कि इस पर पैसा क्यों खर्च किया, डेढ़-दो सौ रुपये जो खर्च किए, वे तुम्हारे काम आते। वहीं, एक अन्य कार्यकर्ता ने बुलडोजर की प्रतीकात्मक रेप्लिका भेंट की, जिसे देखकर उन्होंने हंसते हुए कहा कि पूरा बुलडोजर ही उठा लाए हो। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता भी प्रदेश अध्यक्ष से मिलने पहुंचीं और नई कार्यकारिणी में स्थान को लेकर अपना दावा प्रस्तुत किया। कई कार्यकर्ताओं ने जिला और प्रदेश स्तर की जिम्मेदारी के लिए बायोडाटा भी सौंपे।

### होली बाद घोषित होगी नई कार्यकारिणी

प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से मिलने के लिए सुबह 10 से 12 बजे का समय निर्धारित किया था, लेकिन दूर-दराज से आए कार्यकर्ताओं को देखते हुए उन्होंने तय समय के बाद भी सभी से मुलाकात की और उनकी बातें सुनीं। इस दौरान प्रदेश सरकार के मंत्री जसवंत सैनी ने उनसे मिलकर विवाह का निमंत्रण भी दिया। पार्टी सूत्रों के अनुसार, होली के बाद भाजपा की नई प्रदेश कार्यकारिणी का ऐलान किया जाएगा। पहले दौर का संगठनात्मक मंथन पूरा हो चुका है, हालांकि जातीय और क्षेत्रीय संतुलन को लेकर अंतिम सहमति अभी बननी बाकी है। इसके लिए लखनऊ और दिल्ली स्तर पर दूसरे दौर की बैठकें होंगी। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी 2 मार्च को पार्टी कार्यालय में होली मिलन समारोह आयोजित करेंगे, जिसमें कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से मुलाकात कर शुभकामनाएं देंगे।

# मुख्यमंत्री ने जापान के उद्यमियों को दिया यूपी में निवेश का न्योता

## टोक्यो में निवेश रोड शो: जापान इंडस्ट्रियल सिटी से लेकर सेमीकंडक्टर तक साझेदारी का प्रस्ताव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जापान की राजधानी टोक्यो में आयोजित यूपी निवेश रोड शो के दौरान जापानी उद्यमियों को प्रदेश में निवेश का खुला निमंत्रण दिया। सिंगापुर के बाद जापान पहुंचे मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 करोड़ की आबादी वाला उत्तर प्रदेश आज देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है और जितनी बड़ी आबादी है, उतनी ही विशाल संभावनाएं भी हैं। उन्होंने 500 एकड़ में जापान इंडस्ट्रियल सिटी से लेकर सेमीकंडक्टर तक साझेदारी का प्रस्ताव रखा।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उत्तर प्रदेश में निवेश इसलिए सुरक्षित है, क्योंकि यहां स्केल, स्किल, स्टेबिलिटी और स्पीड, चारों उपलब्ध हैं। मजबूत कानून-व्यवस्था, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और युवा कार्यबल ने यूपी को भारत का सबसे भरोसेमंद निवेश गंतव्य बना दिया है। उन्होंने जापानी उद्योगपतियों से उत्तर प्रदेश आने, निवेश करने और राज्य के आध्यात्मिक व सांस्कृतिक स्थलों का अनुभव लेने का भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने जापान को 'लैंड ऑफ द सनराइज' बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सूर्यवंश की परंपरा और भगवान श्रीराम की जन्मभूमि है, वहीं भगवान बुद्ध की प्रमुख कर्मभूमि भी यही राज्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रामायण और बौद्ध सर्किट के विकास से स्पिरिचुअल टूरिज्म को नई गति मिली है, जिससे पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र में निवेश के नए अवसर खुले हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की केवल 11 प्रतिशत कृषि भूमि होने के बावजूद उत्तर प्रदेश 21 प्रतिशत खाद्यान्न उत्पादन करता है, जिससे फूड प्रोसेसिंग और एग्री-लॉजिस्टिक्स में बड़े निवेश की संभावना है। मुख्यमंत्री ने बताया कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास 500 एकड़ में जापान इंडस्ट्रियल सिटी विकसित की जा रही है, ताकि जापानी कंपनियां क्लस्टर के रूप में निवेश कर सकें। यहां बेहतर कनेक्टिविटी, लॉजिस्टिक्स और निर्यात सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।



जापान की राजधानी टोक्यो में उद्यमियों से उत्तर प्रदेश में निवेश पर चर्चा करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

### 'मेगा ट्रांसफॉर्मेशन' से बढ़ा उद्योगों का भरोसा

मारुति सुजुकी इंडिया लि. के सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर राहुल भारती ने कहा कि योगी सरकार के दौरान यूपी में मेगा ट्रांसफॉर्मेशन हुआ है। वहीं स्पार्क मिंडा के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर आकाश मिंडा ने इलेक्ट्रॉनिक्स, एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग और ईवी मोबिलिटी में निवेश का ऐलान करते हुए 3000-4000 रोजगार सृजन की बात कही।

### टोक्यो में हुआ आत्मीय स्वागत

टोक्यो आगमन पर प्रवासी भारतीयों ने पारंपरिक परिधानों में मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। यामानाशी प्रांत के वाइस गवर्नर जुनिचि इशिदरा ने मुख्यमंत्री की अगवानी की। यह दृश्य भारत-जापान के गहरे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंधों की झलक था।

कार्यक्रम में वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, जापान में भारत की राजदूत नगमा एम. मलिक सहित जापान के उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधि मौजूद

# जिनकी प्रवृत्ति डकैती की थी उन्होंने यूपी को अंधेरे में रखा

## टोक्यो में प्रवासी भारतीयों से मुख्यमंत्री ने किया संवाद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जापान की राजधानी टोक्यो में भारतीय समुदाय से संवाद करते हुए उत्तर प्रदेश के अंधेरे से उजाले तक के परिवर्तन को बेबाक शब्दों में रखा। उन्होंने कहा कि पहले यूपी में सड़कें नहीं थीं, बिजली नहीं आती थी, क्योंकि अंधेरे में काम करने वालों को उजाला रास नहीं आता। जिनकी प्रवृत्ति डकैती की थी, उन्होंने प्रदेश को भी अंधेरे में रखा। लेकिन हमने तय किया कि उत्तर प्रदेश को भय और भ्रष्टाचार से मुक्त करना है, तो उसे उजाले में लाना होगा। हम सूर्यपुत्र हैं और हमें सूर्य जैसी रोशनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को डकैती और भय से मुक्त करने का संकल्प लिया और उसके लिए बिजली, सड़क और कानून-व्यवस्था को प्राथमिकता दी। आज इसका परिणाम सबके सामने है। योगी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश दंगे, कर्फ्यू और अंधेरे की खबरों से आगे बढ़कर दीपोत्सव, महाकुंभ और वैश्विक निवेश की पहचान बन चुका है। मुख्यमंत्री ने बताया कि आज दुनिया भर के निवेशक उत्तर प्रदेश में सेमीकंडक्टर, डाटा सेंटर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ग्रीन हाइड्रोजन, लॉजिस्टिक्स पार्क और अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट जैसे क्षेत्रों में निवेश कर रहे हैं। यह वही प्रदेश है, जहां कभी उद्योग आने से कतराते थे।

प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने जापान में रह रहे करीब 55 हजार भारतीयों से अपील की कि वे एकजुट होकर भारत और जापान दोनों के विकास में योगदान दें।

इस अवसर पर वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', वरिष्ठ अधिकारी और जापान में भारत की राजदूत नगमा मलिक भी उपस्थित रहीं।



टोक्यो में भारतीय समुदाय के लोगों से मिलते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

### होली पर निर्बाध रात्रिकालीन बस सेवाएं होंगी संचालित



**अमृत विचार, लखनऊ :** होली पर्व (2 व 4 मार्च) पर संभावित भीड़ को देखते हुए यूपीएसआरटीसी ने 28 फरवरी से 9 मार्च तक विशेष संचालन योजना लागू की है। लखनऊ क्षेत्र के चारबाग, अवध, कैसरबाग, रायबरेली, हैदरगढ़, उपनगरीय, बाराबंकी व आलमबाग डिपो से कुल 1003 बसें संचालित होंगी, जबकि 50 बसें आकस्मिकता के लिए आरक्षित रहेंगी। लखनऊ से दिल्ली (कौशांबी/आनंद विहार), जयपुर, हरिद्वार, देहरादून, वाराणसी, गोरखपुर, कानपुर, प्रयागराज समेत प्रमुख मार्गों पर अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी। दिल्ली मार्ग पर 47 और गोरखपुर मार्ग पर 50 अतिरिक्त बसें लगेंगी। लंबी दूरी की बसों में जरूरत पड़ने पर दो चालक तैनात कर रात्रिकालीन सेवा निर्बाध रखी जाएगी। विशेष अवधि में अधिकारियों व कर्मचारियों के अवकाश निरस्त रहेंगे।

### स्वयंसेवकों ने स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** पीबीपीजी कॉलेज सिटी में एनएसएस स्वयंसेवकों ने रैली निकालकर लोगों को जागरूकता किया। शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अमित कुमार श्रीवास्तव ने किया। चार इकाइयों के स्वयंसेवकों ने फाइलेरिया एवं नशा उन्मूलन के प्रति जागरूक किया। लोगों को फाइलेरिया रोग के कारण, बचाव और दवा सेवन के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रमाधिकारी अजय कुमार सिंह, डॉ. शिव प्रताप सिंह, डॉ. वंदना सिंह, डॉ. पवन कुमार सिंह ने मादक पदार्थों और युवा पीढ़ी पर उनके प्रभावों में बारे में विस्तार से जानकारी दी। यहां अजीत सिंह, दिनेश कुमार, डॉ. प्रणव ओझा, डॉ. भावना सिंह, डॉ. प्रीति श्रीवास्तव, सुनीत कुमार सिंह, रचना सिंह आदि मौजूद रहे।




जागरूकता रैली में शामिल स्वयंसेवक व शिक्षक।

### स्वच्छता एवं पोषण के प्रति किया जागरूक

**संग्रामगढ़, प्रतापगढ़ अमृत विचार :** ज्वाला देवी महाविद्यालय, रेताही मानिकपुर, में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर बुधवार को शुरू हुआ। शुभारंभ बद्री विशाल तिवारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने स्वयंसेवकों को मानवीय मूल्यों एवं उनके कर्तव्यों के प्रति प्रेरित किया। स्वयंसेवकों ने प्रथम दिवस स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति किया जागरूक किया। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पवन कुमार द्विवेदी ने किया। संचालन विजय यादव ने किया।



महाविद्यालय परिसर में सफाई करते स्वयंसेवक।

### टीईटी को लेकर शिक्षकों ने जताया विरोध

**संग्रामगढ़, प्रतापगढ़ अमृत विचार :** टीईटी की अनिवार्यता को लेकर परिषदीय विद्यालय के शिक्षकों ने नाराजगी जताई। बुधवार को हांथ में काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध जताते हुए कार्य किया। रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक अन्तर्गत बीआरसी कार्यालय पर शिक्षकों ने टीईटी की अनिवार्यता को लेकर काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध जताया। शिक्षकों ने कहा कि टीईटी की अनिवार्यता को लेकर विरोध प्रदर्शन और तेज किया जाएगा। कहा कि सरकार का निर्णय सरासर गलत है। इस मौके पर रेनू सिंह, अशोक पाण्डेय, विवेक तिवारी, सुनील मौर्य, विज्ञान प्रकाश, शिवराम मिश्र, देवतादीन मौर्य, साहबलाल आदि मौजूद रहे।



विरोध जताते शिक्षक।

### 2017 में चली गई थी उमाशंकर सिंह की विधानसभा सदस्यता

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ, अमृत विचार:** बसपा के विधायक उमाशंकर सिंह, जिनके यहां पर बुधवार को आयकर विभाग ने छापा मारा है, उनकी सदस्यता वर्ष 2017 में चली गई थी। यह राज्य के इकलौते विधायक ऐसे हैं, जिनकी सदस्यता निर्वाचित होने की तारीख से समाप्त की गई थी।

उमाशंकर सिंह वर्ष 2012 में वह पहली बार बसपा के टिकट पर बलिया के रसड़ा विधान सभा क्षेत्र से चुनाव लड़कर विधायक बने थे। इसी बीच सुभाष चंद्र एडवोकेट ने 18 दिसंबर, 2013 को शपथपत्र देकर उनके खिलाफ लोकायुक्त के यहां शिकायत कर दी। आरोप लगाया था कि विधायक चुने जाने के बाद भी उमाशंकर सिंह सरकारी ठेके लेकर सड़क निर्माण करते आ रहे हैं। तत्कालीन लोकायुक्त न्यायमूर्ति एनके मेहरोत्रा ने शिकायत की जांच में उमाशंकर सिंह को दोषी पाते हुए अपनी रिपोर्ट सरकार को भेजी दी थी। प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल राम नाईक ने जनवरी 2017 में लोकायुक्त की रिपोर्ट के आधार पर उमाशंकर सिंह की विधानसभा की सदस्यता समाप्ति करने का आदेश दिया था। उमाशंकर की सदस्यता उनके विधायक निर्वाचित होने की तारीख यानी छह मार्च, 2012 से समाप्त करने का निर्णय दिया गया था। विधान सभा 2022 के चुनाव में उमाशंकर सिंह को छोड़कर बसपा का एक भी विधायक चुनकर नहीं आया। इसके बाद बसपा प्रमुख मायावती के साथ उनकी निकटता हो गई। उमाशंकर के नजदीकियों का कहना हैं कि उमाशंकर छात्र राजनीति से निकले।

# 22 मई से शुरू होगी जनगणना

## पहली बार मोबाइल ऐप से स्व-गणना का विकल्प, पूछे जाएंगे 33 सवाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में जनगणना की शुरुआत 22 मई से होगी। इस बार जनगणना को पूरी तरह डिजिटल स्वरूप दिया गया है और पहली बार नागरिकों को मोबाइल ऐप व पोर्टल के जरिए स्व-गणना (सेल्फ-एन्यूमरेशन) का विकल्प मिलेगा। पहले चरण में 33 सवाल पूछे जाएंगे। बाद में वर्ष 2027 में दूसरे चरण के दौरान जाति आधारित आंकड़े जुटाए जाएंगे।

जनगणना-2027 देश की 16वीं और स्वतंत्रता के बाद आठवीं जनगणना होगी। इसके आंकड़े 1 मार्च 2027 की स्थिति के अनुसार दर्ज किए जाएंगे। जनगणना दो चरणों में होगी। पहले चरण में मकान सूचीकरण व मकान गणना और दूसरे चरण में वर्ष 2027 में जनसंख्या के साथ जाति आधारित आंकड़े जुटाए जाएंगे। प्रदेश में जनगणना कार्य के लिए लगभग छह लाख फील्ड कर्मी लगाए जाएंगे।

### क्या है स्व-गणना

- नागरिक मोबाइल ऐप या नागरिक पोर्टल पर लॉगिन कर जानकारी भर सकेंगे
- 7 से 21 मई तक ऑनलाइन प्रश्नावली भरने का अवसर
- फील्ड कर्मी आने से पहले ही डेटा दर्ज करने की सुविधा
- 33 प्रश्नों की डिजिटल प्रश्नावली
- गलतियों की संभावना कम, समय और पारदर्शिता दोनों में सुधार
- सभी जानकारियां पूरी तरह गोपनीय रहेंगी

### पहला चरण :

- मकान सूचीकरण और मकान गणना
- 33 प्रकार की जानकारियां जुटाई जाएंगी

### दूसरा चरण:

- 9 से 28 फरवरी 2027
- जनसंख्या के साथ जाति संबंधी आंकड़े

# 27-28 को लखनऊ में मीन महोत्सव: निषाद

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में मत्स्य पालन को आधुनिक, लाभकारी और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मीन महोत्सव (एक्वा एक्सपो) का आयोजन 27 व 28 फरवरी को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया जाएगा।

यह जानकारी प्रदेश के मत्स्य विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री संजय कुमार निषाद ने प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि एक्सपो में देश व प्रदेश के प्रख्यात मत्स्य वैज्ञानिक, उद्यमी तथा प्रदेश के विभिन्न जनपदों से लगभग 1000 मत्स्य पालक भाग लेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य आधुनिक मत्स्य पालन तकनीकों का प्रसार, उद्यमिता संवर्धन तथा मत्स्य पालकों की आय में वृद्धि के लिए एक समन्वित मंच उपलब्ध कराना है। एक्सपो में लगभग 50 प्रतिष्ठित कंपनियों के स्टॉल, औद्योगिक प्रदर्शनी, तकनीकी सत्र, पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन, वेबकास्टिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी 75 जनपदों में सीधा प्रसारण, फिश फूड कोर्ट और प्रोटीन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



महोत्सव की जानकारी देते संजय निषाद।

समीक्षा बैठक | महीने में एक बार भी लॉगिन न करने वाले कर्मियों का वेतन रोकने के निर्देश

# अनिवार्य रूप से लागू हो ई-ऑफिस प्रणाली : मुख्य सचिव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 5 मार्च से पहले सभी विद्यालयों में बालिका शौचालय क्रियाशील करने के निर्देश

**अमृत विचार:** मुख्य सचिव एसपी गोयल ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि प्रदेश की सभी तहसीलों और ब्लॉक मुख्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली अनिवार्य रूप से लागू की जाए। उन्होंने कहा कि जो कार्मिक पूरे माह में एक बार भी ई-ऑफिस पर लॉगिन नहीं करते हैं, उनका वेतन आहरित न किया जाए।

मुख्य सचिव ने यह निर्देश बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में प्रदेश के सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ ई-ऑफिस की प्रगति, खेल अवसंरचना, विद्यालयों में बालिका शौचालय, आंगनबाड़ी भर्ती और पंचायत उत्सव भवन निर्माण की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने कहा कि सभी जिलाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि आवश्यक आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर, इंटरनेट कनेक्टिविटी और कार्मिकों का प्रशिक्षण पूर्ण हो तथा फाइलों का संचालन केवल ई-ऑफिस के माध्यम से किया जाए। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि 5 मार्च से पहले यू-डायस और प्रेरणा पोर्टल के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी मान्यता प्राप्त, सहायता प्राप्त, राजकीय और परिषदीय विद्यालयों में क्रियाशील बालिका शौचालय उपलब्ध हों।



मुख्य सचिव एसपी गोयल।

### 10 मंडलों में खुलेंगे स्पोर्ट्स कॉलेज

खेल अवसंरचना की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि अयोध्या, बरेली, आगरा, मिर्जापुर, देवीपाटन, झांसी, बस्ती, मुरादाबाद, मेरठ और अलीगढ़ मंडलों में एक-एक स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना के लिए 50-50 एकड़ भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव शीघ्र खेल विभाग को भेजा जाए। उन्होंने कहा कि स्पोर्ट्स कॉलेजों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा और उन्हें स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी से संबद्ध किया जाएगा।

### पंचायत उत्सव भवन के निर्माण में लाएं तेजी

पंचायत उत्सव भवन निर्माण की समीक्षा में बरेली में कार्य प्रारंभ होने पर संतोष जताते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि शेष जनपदों में भी कार्य शीघ्र शुरू कराया जाए। जिन 27 जनपदों में निविदा प्रक्रिया चल रही है, उन्हें तत्काल पूरा किया जाए, जबकि 44 जनपदों को अगले दो दिनों में टेंडर प्रकाशित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर मुख्य सचिव महिला कल्याण लीना जोहरी, प्रमुख सचिव पंचायतीराज अनिल कुमार, महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

अमृत विचार



# 100 किलो दूषित पनीर और 200 किलो रंगीन कचरी करायी गयी नष्ट

## खाद्य विभाग ने चलाया जांच अभियान, 346 लीटर सोयाबीन तेल किया गया सीज

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** होली पर्व के मद्देनजर सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय डा. शैलेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में गुरुवार को जनपद के नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में सघन छापामार अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पनीर, खोया, मैदा, गुझिया, सूजी, सोयाबीन तेल और किशमिश के नमूने जांच हेतु संग्रहीत किए गए। कार्रवाई में 100 किलोग्राम दूषित पनीर तथा 200 किलोग्राम अधिक रंग मिली कचरी को नष्ट कराया गया, जिनकी कुल कीमत लगभग 50 हजार रुपये बताई गई।



एक प्रतिष्ठान में कार्रवाई करती टीम। ● अमृत विचार

वहीं गुप्ता किराना स्टोर, सिरौली गौसपुर से 346 किलोग्राम सोयाबीन तेल सीज किया गया। नमूनों का विवरण इस प्रकार है— ग्राम रकसहा, हैदरगढ़ स्थित खोया भट्टी से खोया व पनीर का एक-एक नमूना; पारा खंदौली, देवा रोड से मैदा (अतिश ब्रांड) का नमूना; गुप्ता किराना स्टोर, सिरौली गौसपुर से सोयाबीन तेल का नमूना; अब्दुल हकीम किराना स्टोर, सिरौली गौसपुर से किसमिस का नमूना; रेलवे स्टेशन रोड से पनीर का नमूना; तथा मेसर्स राम नारायण योगेश कुमार, धनोखर से सूजी व गुझिया (हल्दीराम ब्रांड) का नमूना लिया गया। प्रवर्तन कार्रवाई में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी नीरद पाण्डेय, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरुण कुमार, अर्शी फारूकी, भगौती प्रसाद, पल्लवी तिवारी, अनुराधा मिश्रा और डॉ. अंकिता यादव शामिल रहीं।

# परीक्षा देने जा रही छात्रा की मौत, दो अन्य घायल

टिकैतनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह हुए हादसे में बोर्ड परीक्षा देने बाइक से जा रही एक छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक चालक और एक अन्य छात्रा घायल हो गई। दोनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहीं मृतका के परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम सेखवापुर निवासी कामिनी रावत (17) पुत्री स्व. रामू रावत और ग्राम उफ़रौली निवासी जानसी वर्मा (17) पुत्री बबलू वर्मा अपने चचेरे भाई अभिषेक वर्मा (20) पुत्र रामतेज के साथ बुधवार सुबह करीब सात बजे कस्बा स्थित बसंत कांति इंटर कॉलेज में चल रही हाइस्कूल की परीक्षा देने मोटरसाइकिल से जा रही थी। इसी दौरान पीछे से आ रही अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर पीछे बैठी कामिनी उछलकर ट्राली के पिछले पहिये के नीचे आ गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। बाइक चला रहा अभिषेक और जानसी भी चपेट में आने से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक मय वाहन मौके से फरार हो गया। वहां मौजूद लोगों ने दोनों घायलों को सीएचसी टिकैतनगर में भर्ती करवाया। जहां दोनों का इलाज जारी है। वहीं ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे छात्रा के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पीएम के लिए भेजा है।

### प्रचार थमा, दि बार एसोसिएशन का चुनाव आज



अधिवक्ताओं से मुलाकात करके प्रत्याशी राजीव नयन तिवारी व अन्य।

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** दि बार एसोसिएशन तहसील फतेहपुर के वार्षिक चुनाव को लेकर अंतिम दिन प्रत्याशियों ने पूरी ताकत झोंक दी। अध्यक्ष पद पर प्रदीप कुमार निगम, प्रेमचन्द्र पाल और हरीश मौर्या मैदान में हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए राजीव नयन तिवारी व सतीश वर्मा के बीच मुकाबला है। महामंत्री पद पर मनीष कुमार श्रीवास्तव, संजय सिंह नम्बरदार, अनीत रावत, रामऔतार गौतम, अमर सिंह वर्मा और कुबेर सिंह वर्मा सहित छह प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं उपाध्यक्ष द्वितीय पद पर गणेश शंकर मिश्रा व सर्वेश श्रीवास्तव के बीच सीधी टक्कर मानी जा रही है। चुनाव अधिकारी मुरलीधर वर्मा ने बताया कि तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आज सुबह 11 बजे से अपराह्न 3 :30 बजे तक मतदान होगा, जिसके बाद शाम 4 बजे से मतगणना शुरू कर परिणाम घोषित किए जाएंगे। अंतिम बैठक में इल्डर्स कमेटी के चेयरमैन शीतला प्रसाद श्रीवास्तव, पौरूष श्रीवास्तव, अलीउद्दीन शेख और ओमप्रकाश यादव मौजूद रहे।

### एमआरएफ सेंटर व विकास कार्यों का किया निरीक्षण



जागरुक करतीं अधिशासी अधिकारी मोहिनी केसरवानी। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अधिशासी अधिकारी मोहिनी केसरवानी द्वारा नगर पंचायत बंकी में एमआरएफ सेंटर (मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) का औचक निरीक्षण किया गया। यहां घरों से एकत्रित सूखे कूड़े को अलग-अलग श्रेणियों में छांटकर व्यवस्थित किया जाता है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसी क्रम में उन्होंने क्षेत्र में हो रहे विकास एवं निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया और संबंधित ठेकेदारों को गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने व निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारी ने स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता 2026 के तहत लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि जिन वार्डों और घरों का प्रदर्शन उत्कृष्ट पाया जाएगा, उन्हें निकाय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

# मनपसंद गाने को लेकर भिड़े जनाती व बराती

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** डीजे पर मनपसंद गाने को लेकर जनाती और बरातियों के बीच में हुई कहासुनी मारपीट में तब्दील हो गई। वैवाहिक स्थल अखाड़ा बन गया। इस घटना में दोनों पक्षों से चार युवक घायल हुए है। सूचना पर पहुंची पुलिस की मौजूदगी में विवाह की रस्में पूरी की गईं।

मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के आल्हेमऊ निवासी विलास गौतम ने अपनी बेटी राधा की शादी पुरैना मजरे बरैय्या निवासी शिवराम के बेटे दीपू गौतम के साथ तय की थी। तय तारीख के अनुसार मंगलवार को बारात आल्हेमऊ पहुंची। जहां डीजे पर मनपसंद गाने को लेकर वर और कन्या पक्ष के लोगों के बीच कहासुनी होने लगी। देखते ही देखते विवाद मारपीट में तब्दील हो गया। लाठी-डंडे से हुई मारपीट में कन्या पक्ष के धर्मराज, संदीप और अंशू चोटिल हुए, जबकि वर पक्ष से दूल्हे के चचेरे भाई कुलदीप को चोटे आई है। सूचना पर पहुंची यूपी 112 और पुलिस ने समझा-बुझाकर शादी संपन्न करायी। घायलों को सीएचसी फतेहपुर भेजा। कोतवाल आशुतोष मिश्रा ने बताया कि गाने को लेकर विवाद हुआ, पीआरवी गई थी। मामला शांत करवा कर शादी संपन्न करवा दी गयी। दोनों पक्षों की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है।

# 40 लीटर कच्ची शराब बरामद

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में बुधवार को अवैध शराब के खिलाफ सघन कार्रवाई की गई। जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के निर्देशन में आबकारी निरीक्षक रामनगर एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़नपुर और फिरोजपुर में दबिश दी। संयुक्त टीम ने करीब 15 स्थानों पर छापेमारी कर 40 लीटर कच्ची शराब बरामद की, जबकि मौके पर लगभग 80 किलो लहन नष्ट कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान आबकारी अधिनियम के तहत चार अभियोग पंजीकृत किए गए। दबिश के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों को अवैध शराब के सेवन के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया।

# हिंदू संगठन से भी जुड़े छांगुर बाबा के तार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

● एनजीओ संचालिका को अब भी धमकियां मिलनी जारी

**अमृत विचार :** धर्म परिवर्तन, लव जिहाद दुष्कर्म कर देह व्यापार कराने के जघन्य अपराध को उजागर करने पर डराई-धमकाई जा रही एनजीओ संचालिका को अब भी धमकियां मिलनी जारी हैं। इस प्रकरण में आरोपियों के छांगुर बाबा से कनेक्शन सामने आ रहे, वहीं एक आरोपी हिन्दू संगठन का पूर्व पदाधिकारी निकला है। पुलिस संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

बताते चलें कि एनजीओ संचालिका युवती एक हॉस्टल में रहकर पढ़ाई भी करती है। उन्होंने लखनऊ के गोमतीनगर स्थित एक कैफे से संचालित बताए जा रहे एक गिरोह के खिलाफ धर्म परिवर्तन, लव जिहाद और दुष्कर्म जैसे मामलों में पीड़िताओं की पैरवी की थी।

इस संबंध में गोमतीनगर थाने में कई मुकदमा दर्ज हैं, जिनमें एक आरोपी की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि अन्य की गिरफ्तारी शेष है। आरोप है कि 21 फरवरी की रात उसके मोबाइल पर कई अज्ञात नंबरों से कॉल और व्हाट्सएप मैसेज आए।

कॉल करने वालों ने जान से मारने, दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो वायरल करने और सहयोगियों को भी नुकसान पहुंचाने की धमकी दी। इसी दौरान घर की खिड़की पर पत्थर भी फेंके गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की वहीं तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की। आरोपियों के फरार होने के साथ ही पुलिस की जांच में धमकी देने वाले कई नए चेहरे भी सामने आए हैं, जिनसे पूछताछ की जा रही।

मामले में एक नया नाम भी उजागर हुआ, जो हिन्दू संगठन का पदाधिकारी भी रह चुका है। धमकी देने में इंटरनेशनल काल का प्रयोग हुआ, जो छांगुर बाबा के सक्रिय नेटवर्क की ओर इशारा कर रहा। इस संबंध में शहर कोतवाल सुधीर सिंह ने बताया कि कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है।

### भारत स्काउट-गाइड कैडेट रैली आयोजित



कार्यक्रम के दौरान मौजूद जिला स्काउट मास्टर, शिक्षक व अन्य। ● अमृत विचार

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** कंपोजित विद्यालय चिलौकी में बुधवार को ब्लॉक स्तरीय उत्तर प्रदेश भारत स्काउट-गाइड की सर्वोत्तम कैडेट रैली का आयोजन किया गया। बीईओ जैनेन्द्र कुमार को बच्चों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया। रैली के दौरान स्काउट, गाइड और बुलबुल दल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सोमनाथ राजपूत, जिला स्काउट मास्टर राजेंद्र कुमार त्रिपाठी, एआरपी आशीष शुक्ला, सुरेश चंद्र, विश्वनाथ वर्मा, नरेंद्र कुमार, सुमन वर्मा, शालिनी, स्वास्थ्य कर्मी संगीता वर्मा, ममता द्विवेदी, गरिमा, निहारिका सिंह, राहुल कुमार, रामहित वर्मा सहित अभिभावकगण उपस्थित रहे।

# बदमाशों ने कार सवार से छीने 27 हजार रुपये

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** थाना बड्डूपुर क्षेत्र अंतर्गत कसियापुर रेलवे क्रॉसिंग के पास दिनदहाड़े लूट की घटना सामने आई। कार सवार युवक से बदमाशों ने मार पीटकर 27 हजार रुपये लूट लिए। पुलिस के अनुसार मामले की जांच की जा रही है।

सीतापुर के थाना इमिलिया सुल्तानपुर क्षेत्र के ग्राम टिकरा बहादुरपुर निवासी पुष्पेंद्र प्रताप सिंह फतेहपुर से सीतापुर अपनी डिजायर कार से जा रहे थे। फतेहपुर से कुछ दूरी पर चार मोटरसाइकिलों पर सवार लगभग दस अज्ञात युवकों ने उनकी कार को रोक लिया। आरोप है कि बदमाशों ने खुद को फाइनेंस कंपनी का कर्मचारी बताते हुए कार एजेंसी ले जाने का दबाव बनाया। पुष्पेंद्र ने संदेह होने पर कार आगे बढ़ा दी, लेकिन कसियापुर रेलवे फाटक बंद होने के कारण उन्हें रुकना पड़ा। इसी दौरान आरोपियों ने कार के शीशे तोड़े और उन्हें जबरन बाहर खींचकर मारपीट की। आरोप है कि मारपीट के दौरान बदमाश उनके पास मौजूद 27 हजार रुपये लूटकर फरार हो गए। घटना में पीड़ित के दोनों हाथों में चोट आईं। पीड़ित ने मारपीट और गाली-गलौज का वीडियो भी बना लिया। घटना के बाद पीड़ित पुलिस चौकी पहुंचा और घटना बताई। इस संबंध में कोतवाल मनोज कुमार सोनकर ने बताया कि मामला संज्ञान में है। पीड़ित को थाने बुलाकर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस जांच में जुटी है।

### दुकानदार व कर्मी से 7 हजार रुपये व बैग की लूट

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सुबेहा क्षेत्र में सोमवार देर रात बाइक सवार तीन बदमाशों ने एक दुकानदार और उसके कर्मचारी से मारपीट कर नकदी व जरूरी कागजात से भरा बैग लूट लिया। घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की। बड़ी मेहदिया निवासी शिवबक्श पाल की शुकुलबाजार रोड, इन्हौना अमेठी में कॉपी-किताब की दुकान है। बताया गया कि 23 फरवरी की रात 8 बजे वह दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे। उनके साथ दुकान पर काम करने वाला शुभम भी था। रात करीब 8 :20 बजे ग्राम सराय गोपी पार कर टावर के पास पहुंचते ही एक बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने उनकी बाइक को ओवरटेक कर रोक लिया। आरोप है कि बदमाशों ने छीना-झपटी करते हुए शिवबक्श की जेब से 2000 रुपये तथा शुभम की जेब से 5000 रुपये छीन लिए। इसके अलावा पिट्ठू बैग में रखा एटीएम कार्ड, डीएल व जरूरी कागजात भी लूट ले गए। बदमाश बैग भी ले गए।

# अनुदान के लिए 4 मार्च तक ऑनलाइन बुकिंग

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** कृषि विभाग द्वारा संचालित कृषि यंत्रीकरण योजनाओं सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन तथा प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेजिड्यू के अंतर्गत कृषि यंत्र एवं कृषि रक्षा उपकरणों की बुकिंग 25 फरवरी से शुरू हो गई है।

विभाग के अनुसार इच्छुक किसान 4 मार्च की रात्रि 12 बजे तक कृषि विभाग की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अनुदान का लाभ प्राप्त करने के लिए किसानों को निर्धारित समयावधि के भीतर आवेदन करना अनिवार्य होगा। कृषि विभाग ने किसानों से समय रहते पंजीकरण कराने की अपील की है।

### विरोध के स्वर दबाने की कोशिश में दर्ज हुआ मुकदमा



प्रेस वार्ता करते आप नेता। ● अमृत विचार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** अयोध्या पुलिस की कथित धमकी के बाद जान देने की कोशिश करने वाले युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। वही इस मामले को उजागर करने वालों पर उल्टा पुलिस ने एक और मुकदमा दर्ज कर लिया। असंद्रा थाना क्षेत्र के ग्राम ढेमा निवासी सुहेल के साले अरमान के खिलाफ इनायत नगर थाने में छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज है। पुलिस अरमान को तलाश नहीं कर पाई तो दबाव बनाने के लिए उसके जीजा सुहेल को उठाया गया। अगले दिन हालत बिगड़ने पर पटरंगा पुलिस ने परिजनों को बुलाकर एक कागज पर हस्ताक्षर करवाए और सुहेल को उनके सुपुर्द कर दिया। घर पहुंचे सुहेल ने फांसी लगाने की कोशिश की। परिजनों ने उसे हिंद हॉस्पिटल में भर्ती कराया। इस मामले में आप नेता व अधिवक्ता अभिषेक प्रताप सिंह ने अस्पताल पहुंचकर परिजनों से मुलाकात करने के साथ ही मदद भी की। 21 फरवरी को भिटरिया में समर्थकों के साथ प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान रामसनेहीघाट, रुदौली और मिल्कीपुर के सर्किल अधिकारियों ने जांच का आश्वासन देते हुए तीन दिन का समय मांगा। उधर रात में ही एसआई शोभित शुक्ला की तहरीर पर अभिषेक प्रताप सिंह, मृत्युंजय सिंह समेत 12 नामजद और 40 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली। आरोप है कि पुलिस ने आंदोलन को दबाने और आवाज उठाने वालों का मनोबल तोड़ने के लिए यह कार्रवाई की।

# बारात से लौटते समय ट्रैक्टर और कार सवारों में मारपीट

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को बारात से लौट रहे दूल्हे पक्ष और ट्रैक्टर-ट्रॉली सवारों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट और सामान, नकदी छीनने के आरोप लगाए हैं। पुलिस जांच में जुटी है। फतेहपुर क्षेत्र के तिलरन निवासी ज्ञान सिंह के पुत्र संग्राम की बारात मंगलवार को लखनऊ गई थी। बुधवार को बारात लौटते समय देवा के रण्डवारा गांव के पास दूल्हे की कार और ट्रैक्टर-ट्रॉली के बीच रास्ते को लेकर विवाद हो गया। बताया जा रहा कि पटना गांव निवासी गिरीश चन्द्र मौर्य अपने पुत्र भीम के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली में आलू लादकर स्टोर जा रहे थे। दूल्हे की कार चला रहे आयुष ने ट्रैक्टर को धीमा चलाने की बात कही, जिस पर दोनों पक्षों में हुआ विवाद हाथापाई में बदल गया। दूल्हे का आरोप है कि कार चालक के साथ मारपीट के दौरान उनके बहनोई की एक चेन व बैग में रखी दो अंगूठियां गायब हो गईं। गिरीश चन्द्र का कहना है कि वह खरबूजा खरीदने के लिए एक लाख 20 हजार रुपये लेकर जा रहे थे, जो दूसरे पक्ष ने छीन लिए। मामले में हल्का उपनिरीक्षक हरिश्चंद्र यादव ने बताया कि प्रथम दृष्टया दोनों पक्षों में केवल मारपीट की बात सामने आई है।

# बारात गए युवक की बाइक चोरी

**सफदरगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम बिरौली में बारात में शामिल होने आए एक युवक की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। काफी तलाश के बावजूद कुछ पता न चलने पर पीड़ित ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार अमित कुमार यादवव निवासी ग्राम रायपुर थाना टिकैतनगर गत 19 फरवरी को ग्राम बिरौली थाना सफदरगंज में एक बारात में शामिल होने आए थे। वह अपनी मोटरसाइकिल से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। बताया जाता है कि गाड़ी खड़ी कर वह नाश्ता करने चले गए। कुछ देर बाद वापस लौटे तो जहां मोटरसाइकिल खड़ी की थी, वहां से वह गायब मिली।

# मारपीट की घटनाओं में 7 घायल

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में मारपीट, जान से मारने की धमकी और जानलेवा हमले की घटनाओं में सात लोग घायल हो गए। एक बालिका को शराबी युवक ने जमीन पर पटक दिया तो सास व देवर ने मिलकर विवाहिता व बच्चों से मारपीट की।

कोतवाली असन्द्रा क्षेत्र के नयापुरवा मजरे कस्बा निवासी मनोज रावत ने पुलिस को बताया कि 20 फरवरी की शाम उनकी 4 वर्षीय पुत्री दरवाजे पर खेल रही थी। आरोप है कि गांव का एक युवक शराब के नशे में आया और बच्ची को उठाकर पटक दिया, जिससे उसके माथे पर गंभीर चोटें आईं। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडे से मारपीट की। कोतवाली देवा क्षेत्र के बबुरिहा मजरे कोटवाकला निवासी संजय कुमार ने शिकायत में बताया कि उनकी 18 वर्षीय पुत्री खेत से घर लौट रही थी। आरोप है कि गांव के एक युवक ने गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों व डंडे से मारपीट की।

कोतवाली फतेहपुर क्षेत्र के डडियामऊ निवासी अम्बुज चौधरी ने आरोप लगाया कि गांव के कुछ लोगों ने एकराय होकर उन पर धारदार हथियार व लोहे की रॉड से जानलेवा हमला किया। पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गंभीर धमकियां दीं। फतेहपुर कस्बे के कटघरा गांव की दो महिलाओं ने आरोप लगाया कि पड़ोसियों ने जबरन नाली का पानी उनके खेत में काट दिया, जिससे फसल को नुकसान हुआ। विरोध करने पर आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िताओं ने चिकित्सीय परीक्षण कराया है।

सतरिख थाना क्षेत्र के भनौली गांव निवासी एक महिला ने घर में अकेला होने के समय पड़ोसियों पर गाली-गलौज, लाठी-डंडों से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। टिकैतनगर थाना क्षेत्र के सेवढ़ा मजरे दुल्हदेपुर गांव की एक महिला ने अपनी सास और देवर पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया।

### 98वां रामचरितमानस संत सम्मेलन 2 मार्च से

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** बहुताधाम का 9 दिवसीय रामचरितमानस संत सम्मेलन इस वर्ष अपना 98वां वार्षिकोत्सव मना रहा है। सम्मेलन का आयोजन 2 मार्च से 10 मार्च तक होगा। यह जानकारी वर्तमान आयोजक सुशील कुमार पांडेय ने दी। प्रतिदिन प्रात : 4 बजे से श्री सीताराम नाम कीर्तन, सुबह 7 से 9 बजे तक मानस नवाह्न पाठ तथा दोपहर 3 से सायं 6 बजे तक श्रीराम कथा प्रवचन होगा।

सूरत-ए-हाल | 10 दिन रहती है सुविधा बाकी 355 दिन बदहाली

# बस स्टेशन को तरस रही पर्यटन नगरी देवा

दीपराज सिंह, देवा, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जिले में पर्यटन नगरी और गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल देवा आज भी स्थायी बस स्टेशन जैसी बुनियादी सुविधा के लिए तरस रहा है। आजादी के दशकों बाद भी यहां नियमित बस अड्डा न होना व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है।

देवा मेला के नाम पर बना बस स्टेशन कस्बे से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर बाराबंकी मार्ग पर स्थित है, जिसका संचालन वर्ष में केवल 10 दिन कार्तिक मेले के दौरान होता है। शेष 355 दिन परिसर सुनसान पड़ा रहता है और प्राइवेट वाहनों का अस्थायी स्टैंड बन जाता है। सूफी संत की पावन सरजमीं पर देश-विदेश से आने वाले हजारों श्रद्धालुओं, छात्रों व दैनिक यात्रियों को सड़क किनारे खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ता है। बस कब और कहां रुकेगी, इसकी कोई निश्चित व्यवस्था नहीं है। मजबूरन लोगों को प्राइवेट ऑटो व अन्य साधनों से मनमाना किराया देकर सफर करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष देवा महोत्सव के दौरान अस्थायी व्यवस्थाएं तो कर दी जाती हैं, लेकिन मेला समाप्त होते ही बस स्टेशन फिर वीरान हो जाता है। करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े इस कस्बे को अब स्थायी परिवहन सुविधा की दरकार है। मधु निगम सहित क्षेत्र की प्रियंका सिंह, मंजू सिंह, दिनेश श्रीवास्तव, सत्यनाम शर्मा, मनोज सोनी, तुलसी करमाकर, पिंकी श्रीवास्तव और कृतिका कृष्ण समेत कई लोगों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की है कि देवा बस स्टेशन को पूरे वर्ष नियमित रूप से संचालित किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं व यात्रियों को राहत मिल सके।



वीरान पड़ा देवा का बस स्टेशन। ● अमृत विचार

# बीए की छात्रा, विवाहिता समेत चार लोग लापता

**बाराबंकी, अमृत विचार :** विभिन्न थाना क्षेत्रों में युवतियों और एक विवाहित महिला को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के चार अलग-अलग मामले सामने आए हैं। थाना देवा क्षेत्र की रहने वाली महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी 20 वर्षीया पुत्री बीए तृतीय वर्ष की छात्रा है। उसे 14 फरवरी को अरुण गोस्वामी निवासी भिंड मध्य प्रदेश भगा ले गया। थाना फतेहपुर अंतर्गत एक व्यक्ति ने तहरीर में बताया कि उनकी 20 वर्षीय पुत्री 23 फरवरी की सुबह कॉलेज के लिए निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। आरोप है कि अभिषेक वर्मा उसे बहला-फुसलाकर भगा ले गया। थाना रामनगर क्षेत्र के एक गांव वासी व्यक्ति ने आरोप लगाया कि पड़ोसी महेश उनकी पत्नी को 14 फरवरी को दवा लेने के बहाने बुलाकर भगा ले गया। आरोप है कि पत्नी घर में रखे 30 हजार रुपये नकद, करीब 100 ग्राम चांदी की पायल व 10 ग्राम सोने की झुमकी भी साथ ले गई। पीड़ित का कहना है कि पहले भी आरोपी ऐसा कर चुका है तथा पूछने पर जान से मारने की धमकी दी। थाना सुबेहा क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया कि उनकी 18 वर्षीय पुत्री 23 फरवरी को मोबाइल ठीक कराने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी।

### शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर किया विरोध



विरोध जताते शिक्षक। ● अमृत विचार

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए टेट अनिवार्यता के विरोध में लगातार दूसरे दिन भी शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेन्द्र मिश्रा ने बताया कि 26 फरवरी को बीएसए कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। ब्लॉक मंत्री महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टेट अनिवार्यता लागू करना पूरी तरह गलत है। विरोध प्रदर्शन में प्रदीप मिश्रा, सत्यदेव सिंह, बृजेंद्र सिंह, धर्मेन्द्र मिश्रा, प्रियंका सिंह, महेंद्र प्रताप सिंह, राजेंद्र पांडेय, रीता राणा, अवधेश कुमार, आशीष त्रिवेदी, अमित अवस्थी, सत्यप्रकाश सिंह, लक्ष्मी खरे, श्रीकृष्ण मिश्रा, मो. इस्माइल, प्रवीण कुमार, अभिषेक आदि थे।

## न्यूज ब्रीफ

### शटर तोड़कर शराब की दुकान में चोरी

अतरौली, हरदोई, अमृत विचार। थाना अतरौली चौराहा पर मंगलवार की रात अंग्रेजी शराब की दुकान के शटर साइड तोड़कर चोरो ने एक लाख से आठ हजार नकदी व 50 हजार की शराब चोर चोरी कर ले गये। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। सेल्समैन आशु शर्मा निवासी बागरमऊ जिला उन्नाव ने बताया कि अतरौली कस्बा में किराये के कमरे में उसकी दुकान है। मंगलवार की रात चोरी होने की बात कही है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश चन्द्र ने बताया कि चोरी की सूचना मिली है जांच की जा रही है। अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।

### युवती ने फंदे से लटक कर की खुदकुशी

फतेहपुर चौरासी उन्नाव, अमृत विचार। बीमारी से परेशान युवती ने फांसी लगाकर जान दे दी। मां की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव का पोस्टमार्टम कराया है। फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के फखरापुर गांव के मजरा नगहरी निवासी दिव्या (22) पुत्री अकबाल का शव बुधवार सुबह कमरे में लटका मिला। मां बबली ने बताया कि दिव्या को दौरे पड़ने की बीमारी थी। इसका इलाज भी चल रहा था। लेकिन फायदा न होने से वह परेशान रहती थी। एसओ ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि सूचना पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### तरावीह में कुरान मुकम्मल

बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार। मुकद्दस रमजान के पहले अशरे में नगर के मोहल्ला हटिया स्थित पूर्व चेयरमैन इजहार खां गुड्डू के आवास पर छठे रोजे को तरावीह की नमाज हुई। यहां हाफिज हसनैन ने कुरान पाक मुकम्मल किया। इसमें मौलाना अब्दुल वारिस ने रमजान की फजीलत बताते हुए कहा कि यह महीना रहमत, बरकत व मगफिरत का है। इसमें कुरान की तिलावत का खास महत्व है। अंत में हाफिज हसनैन को तोहफे देकर सम्मानित किया गया और शीरनी बांटी गई।

# डंपर की टक्कर से भाई की मौत, बहन गंभीर

## बहन को बोर्ड परीक्षा दिलाकर बाइक से लौट रहा था भाई, छात्रा मेडिकल कॉलेज रेफर

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। संविदा सफाई कर्मी का बेटा भाई अपनी बहन को बोर्ड परीक्षा दिला कर बाइक से वापस लौट रहा था, उसी बीच टड़ियावां-हरिहरपुर रोड शारदा नहर पुल पर तेज़ रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। सड़क पर गिरे दोनों भाई-बहन के सिर में गहरी चोट पहुंची, उन्हें एम्बुलेंस-108 से सीएचसी टड़ियावां पहुंचाया गया, जहां भाई की मौत हो गई, जबकि बहन को मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया।

कोतवाली शहर की नई बस्ती पंजाबी कालोनी निवासी शिव कुमार नगर पालिका परिषद में संविदा सफाईकर्मी हैं। उसकी पुत्री वैष्णवी टड़ियावां थाने के मामपुर भैंसरी के एक इण्टर कालेज में 12 वीं की छात्रा है, बुधवार को उसकी रसायन विज्ञान की परीक्षा थी, वह 22 वर्षीय अपने बड़े भाई



रचित की फाइल फोटो।

रचित के साथ उसकी बाइक से परीक्षा देने गई थी, परीक्षा के बाद दोनों भाई-बहन बाइक से लौट रहे थे, शाम को रास्तें में टड़ियावां-हरिहरपुर रोड पर शारदा नहर पुल के पास तेज़ रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक में टक्कर मारी, दोनों उछल कर सड़क पर गिर गए, जिससे उनके सिर में गहरी चोंट पहुंची। दोनों को सीएचसी टड़ियावां ले जाया गया, वहां रचित की मौत हो गई, डाक्टरों ने वैष्णवी को मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया, जहां उसका इलाज चल रहा है। दो भाइयों और दो बहनों में बड़ा रचित शहर की एक पैथालॉजिस्ट के पास नौकरी करता था। पुलिस जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है, तहरीर के मुताबिक आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### हादसों में परीक्षार्थियों सहित 8 लोग घायल

सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर हुए 4 सड़क हादसों में 3 परीक्षार्थियों सहित 8 लोग घायल हो गए। जिसमें 7 को डॉक्टरों ने जिला अस्पताल भेजा है। पहला हादसा कोतवाली क्षेत्र के वजीरगंज गांव के पास हुआ। जहां बह्मना गांव निवासी इंटर का छात्र आदर्श (17) पुत्र धर्मेंद्र गांव के ही आर्यन पुत्र नन्हक्के के साथ बाइक से दोपहर को इंटर का पेपर देने के लिए ऊगू जाने को निकला था। वजीरगंज गांव के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक से उसकी बाइक की टक्कर हो गई। इसमें दूसरी बाइक सवार जटपुरवा गांव निवासी आलोक (30) पुत्र शशि विनोद द्विवेदी सहित दोनों परीक्षार्थी घायल हो गये। दूसरा हादसा सराय सकहन गांव के पास हुआ। जहां कोतवाली क्षेत्र के हाजी खेड़ा गांव निवासी धर्मवीर (15) पुत्र दुलारे सुबह की पाली में हाईस्कूल की परीक्षा देने सफीपुर कस्बा जा रहा था। तभी सकहन गांव के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। तीसरा हादसा बीती रात कस्बे के बाहर एक गेस्ट हाउस के सामने हुआ। जहां बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के बेवली इस्लामाबाद निवासी मोहित (27) पुत्र श्रीपाल अपने छोटे भाई अभिषेक (24) के साथ बाइक से सफीपुर कस्बा जा रहा था। तभी अज्ञात कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक सड़क पर फिसलती चली गई। इसकी चपेट में गेस्ट हाउस के बाहर खड़े ककरौरा गांव निवासी साहेब लाल (50) पुत्र राजा भी आ गया। एक अन्य हादसा माखी थानाक्षेत्र के चकलवंशी गांव के पास हुआ। इसमें अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार पारुल (26) पुत्र कप्तान सिंह घायल हो गया। जिसे सफीपुर सीएचसी पहुंचाया गया। जहां से डॉक्टर ने अभिषेक को छोड़कर कर सभी को जिला अस्पताल भेज दिया।

### दुर्घटना में पिता-पुत्र चोटहिल

औरास उन्नाव। थानाक्षेत्र के रामपुर खझडी गांव निवासी जगदीश (65) बेटे शरद (34) के साथ बुधवार को लखनऊ जा रहे थे। औरास-मोहान मार्ग पर हाजीपुर गोशा गांव के पास तेज रफ्तार लोडर उसकी बाइक में टक्कर मार भाग निकला।


**सूचना**

सुचित किया जाता है कि में GAYA SUDDEEN से अपना नाम बदलकर GAYASUDDIN रख लिया है अब भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना हुआ पहचाना जाए पुत्र NIZAM निवासी ग्राम 158 सहजौरा बरागांव मुस्तफाबाद बड़ा गांव जिला अयोध्या का रहने वाला हूँ

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम आधार कार्ड में त्रुटिवश नन्दनी तिवारी हो गया है, जबकि हाई स्कूल के अंक पत्र में नन्दिनी तिवारी है। यही नाम सही व वास्तविक है। मुझे इसी नाम से जाना जाए। नन्दिनी तिवारी पुत्री जय नारायन तिवारी ग्राम तुरकौलिया, पंडरी कृपाल गोंडा।

**सूचना**

पहले मेरा नाम काजिम अब्बास (KAZIM ABBAS) था अब में अपना नाम बदलकर काजिम अब्बास खान (KAZIM ABBAS KHAN) रख रहा हूँ अतः मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायें। S/O MOHD SAJJAD R/O VILLAGE& POST-GORABARIK Thana-KOTWALI NAGAR Post& SULTANPUR U.P. 228001

**सूचना**

मेरे रजिस्ट्री बैनामा की मदरडीड जो कि रेनू ऋषि पुत्री स्व. बंसीलाल ऋषि निवासी एल आई जी 133 शास्त्रीनगर गोरखनाथ गोरखपुर उपनिबंधक द्वितीय के वहां पंजीकृत है मौजा जंगल छात्रधारी तप्पा खुटहन परगना हवेली सदर गोरखपुर है जो खो गया है, जिसका एल ए आर न0 2026000 0202809 दिनांक 24-02-2026 दर्ज है, जिसका आराजी न0 497 मि0, रकबा 10800 वर्गफीट, बही न0 1, खण्ड 9120, पृष्ठ न0 167 से 192 क्रमांक 4026 दिनांक 15.04.2013 पर पंजीकृत है। उक्त संपत्ति को एसबीआई शाखा एच एल सी गोरखपुर में बंधक रखकर गृह ऋण लिया जा रहा है, यदि किसी को इस संबंध में कोई आपत्ति है तो 15 कार्य दिवस के भीतर एसबीआई शाखा एच एल सी गोरखपुर में संपर्क करें। सोनम शुक्ला पुत्री मार्कण्डेय प्रसाद शुक्ला निवासी मानस बिहार कॉलोनी, पादरी बाजार, जंगल धूसड़, गोरखपुर।

**नोटिस निस्बत दिखाने वजह के (नमूना आम)**
**अदालत श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय बिलग्राम जिला हरदोई**
**मान सिंह बनाम नन्हू आदि**
**1– सिपाही लाल पुत्र मनफूल 2– तोताराम पुत्र मूलचंद्र 3– नन्हू पुत्र रग्घा सर्वनिवासी ग्राम जाफराबाद परगना व तहसील बांगरमऊ जिला उन्नाव।**

हरगाह मुशम्मो मैं दरख्वास्त इस अदालत से गुजराई है कि लिहाजा आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अदालत या मार्फत किसी वकील के जो हालात मुकदमा में बखूबी वाकिफ हो बवक्त 10 बजे बतारीख 10 माह 03 सन 2026 ई0 इस अदालत में हाजिर होकर दरख्वास्त के खिलाफ वजह दिखलाइए। अगर आप ऐसा न कर सके तो दरख्वास्त मजबूरन आपके गैरहाजिर में समाप्त हो जायेगी। आज बतारीख 25 माह 02 सन 2026 ई 0 को मेरे दस्तखत और मोहर अदालत में जारी किया गया।

**आज्ञा से– श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय बिलग्राम जिला हरदोई।**

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना सं. 17 वर्ष 2025-26**

अधोलिखित कार्यों के लिए मुहरबन्द खुली निविदायें भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मण्डल रेल प्रबन्धक (सिगनल एवं दूरसंचार), पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा आमंत्रित की जाती हैं :–

**कार्यों का विवरण : 1.** इज्जतनगर मंडल के काशीपुर, भोपतपुरा एवं बीसलपुर स्टेशनों के गुड्स शेड पर सी.सी.टी.वी. कैमरों का प्रावधान, **अनुमानित लागत :** ₹ 69,36,645.47, **बयाना राशि :** ₹ 1,38,700/-, **कार्य समापन अवधि :** 6 माह, **ई-निविदायें जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :** दिनांक 17.03.2026 को 11:00 बजे।

• पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गयी है। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहियें।

**वरि. मंडल सिगनल व दूरसंचार इंजीनियर, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर**
**मुजाधि/सिगनल-108**

**ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें**


# आज रेल ब्लॉक के चलते 2 प्रमुख ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। लखनऊ मंडल के बी-व्यास नगर–काशी रेलखंड पर स्वचालित सिग्नलिंग प्रणाली स्थापित करने के लिए 26 फरवरी को ट्रैफिक ब्लॉक लिया जाएगा।

रेलवे प्रशासन की ओर से जारी सूचना के अनुसार यह तकनीकी कार्य रेल संचालन को अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। हालांकि, इस कार्य के चलते मुरादाबाद मंडल से गुजरने वाली कुछ ट्रेनों के संचालन पर असर पड़ेगा। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि ब्लॉक के कारण 25 फरवरी को चलने वाली दो लंबी दूरी की ट्रेनों को मार्ग में नियंत्रित किया जाएगा। गाड़ी संख्या 13010 योगनगरी ऋषिकेश-दून एक्सप्रेस को रास्ते में लगभग 180 मिनट तक रोका जाएगा। इसी तरह गाड़ी संख्या 13006 अमृतसर-हावड़ा मेल भी अपने निर्धारित समय से करीब तीन घंटे विलंब से चलेगी। यात्रियों को असुविधा से बचाने के लिए संबंधित स्टेशनों पर सूचना प्रसारित की जा रही है।

रेलवे का कहना है कि स्वचालित सिग्नलिंग व्यवस्था लागू होने के बाद ट्रेनों की आवाजाही अधिक सुगम होगी और भविष्य में देरी की समस्या कम होने की संभावना है। यह कार्य रेलखंड की क्षमता बढ़ाने और सुरक्षा मानकों को मजबूत करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। यात्रियों से अपील की गई है कि वे यात्रा से पहले अपनी ट्रेन की स्थिति की जानकारी आधिकारिक माध्यमों से अवश्य प्राप्त कर लें।

## महिला की मौत मामले में जांच-पड़ताल शुरू

हरदोई, अमृत विचार। बिहार से ब्याह कर लाई गई महिला घर में अकेली रहती थी, उसका पति गुड़गांव (हरियाणा) में नौकरी करता है, बुधवार की सुबह उसी महिला का शव संदिग्ध हालत में फांसी पर लटका देखा गया, प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्ज़े में लिया, मामले की जांच फ़ोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी टीम को सौंपी गई है। बघौली थाने के गंगापुर निवासी धर्मेंद्र गुड़गांव (हरियाणा) में नौकरी करता है, उसकी 45 वर्षीय पत्नी गीता घर में अकेली रह रही थी। बुधवार की सुबह उसके घर से कोई आहट न होने पर पड़ोस में रह रहें धर्मेंद्र के चचेरे भाई परमाई ने अंदर झांक कर देखा तो उसे गीता का शव लटकता हुआ दिखाई दिया, परमाई ने प्रधान रामविलास द्विवेदी को बताया, उन्होने पुलिस को सूचना दी।

# तमंचे के बल पर बाइक सवार दंपति से लूट

संवाददाता, अतरौली, हरदोई

अमृत विचार। मंगलवार की रात को अतरौली क्षेत्र के बार्डर पर सण्डीला थाना क्षेत्र में मंगलवार की आधी रात तमन्चे के बल पर बदमाशों ने एक दम्पति को लूट लिया। सूचना पाकर सण्डीला पुलिस इंस्पेक्टर विद्यासागर, सीओ सन्तोष सिंह ने घटना स्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल किया।

सण्डीला थाना क्षेत्र के ग्राम टिकरा कला निवासी सर्वेश पाल ने बताया कि वह मंगलवार की शाम अपनी पत्नी उमा पाल के साथ अतरौली थाना क्षेत्र के ग्राम कसियापुर मजरा भरावन में रिस्तेदारी सोहन लाल के घर शादी समारोह में आया था। रात 1 बजे बाइक से वापस घर जा रहा था। रास्ते में गांव टिकरा कला से 500 मीटर पहले नहर किनारे सुनसान जगह पर पीछे से आ रहे चौपहिया सवार बदमाशों ने अपना वाहन बाइक के आगे करके लगाते हुए बाइक रोक लिया। तीन बदमाशों ने पति पत्नी दोनों पर तमंचा लगाकर कहा कि चिल्लाये तो गोली मार देंगे और नहर में फेंक देंगे। चौथे बदमाश ने पत्नी के दोनों कान से सोने के कुण्डल नोच लिए जिससे उसके कान फट गये। बदमाशों ने कान के झाला कुण्डल, सोने के 2 माला बड़े, 250 ग्राम चांदी की पायल, 10 हजार नगद रुपये, एक स्मार्ट फोन, गाड़ी की चाभी लूट ले गये। पूछे जाने पर इंस्पेक्टर विद्यासागर ने बताया कि मामले में जांच पड़ताल की जा रही है।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **19.03.2026** को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | निविदा सूचना संख्या | 00212026 दिनांक 24.02.2026 | | | |
| 2. | निविदा संख्या | 05-Sr-DEN-C-LKO-2025-26<br>06-Sr-DEN-C-LKO-2025-26 | | | |
| 3. | कार्य का नाम | 1. मगरवारा नार्थ ईस्ट और मगरवारा साउथ बैलास्ट डिपो : सहायक मंडल इंजीनियर – द्वितीय–लखनऊ के अधीनं, आर० डी० एस० ओ०/लखनऊ के ट्रैक बैलास्ट हेतु जारी की गयी स्पेसीफिकेशन संख्या आई एस/आर० डी० एस० ओ०/जी इ/0001: फरवरी 2023 तथा चीफ इंजीनियर के सर्कुलर संख्या 257 एवमं समय–समय पर जारी करेक्शन स्लिप के अनुसार मगरवारा नार्थ ईस्ट बैलास्ट डिपो में (50000 Cum) एवम मगरवारा साउथ बैलास्ट डिपो में (50000 Cum) कुल 100000 घन मीटर 65 एम एम साइज मशीन द्वारा तोंडी गयी कठोर गिटटी की आपूर्ति, चटटा लगाना एवं मैकेनिकल लोडिंग का कार्य किया जाना। (दोहरी पैकेट प्रणाली) | | | |
| | | 2. सहायक मण्डल इंजीनियर–प्रयाग के अधीन उत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के लिए झाँसी मण्डल के AIT स्टेशन बैलास्ट डिपो पर आर० डी० एस० ओ०/लखनऊ के ट्रैक बैलास्ट हेतु जारी की गयी स्पेसीफिकेशन संख्या आई एस/आर० डी० एस० ओ०/जी इ/0001 : फरवरी 2023 तथा चीफ इंजीनियर के सर्कुलर संख्या 257 एवमं समय–समय पर जारी करेक्शन स्लिप के अनुसार बैलास्ट डिपो में (30000 Cum) 65 एम एम साइज मशीन द्वारा तोंडी गयी कठोर गिटटी की आपूर्ति, चटटा लगाना एवं मैकेनिकल लोडिंग का कार्य किया जाना। | | | |
| 4. | अनुमानित लागत | 1. | Rs. 13,41,76,000.00 | 2. | Rs. 3,05,12,400.00 |
| 5. | धरोहर राशि | 1. | Rs. 8,20,900.00 | 2. | Rs. 3,02,600.00 |
| 6. | कार्य की समापन अवधि | 1. | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से आठ माह। | | |
| | | 2. | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से चार माह। | | |
| 7. | निविदा डालने का प्रारंभ | 05.03.2026 | | | |
| 8. | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 19.03.2026 at 15:00 बजे | | | |
| 9. | वेबसाईट | www.ireps.gov.in | | | |

नोट : 1. निविदाकर्ता निविदा डालते समय गिट्टी की (इम्पैक्ट वेल्यू जो कि IS: 2386 Pt-IV-1963 पर आधारित हो, अब्रेशन वैल्यू जो कि IS: 2386 Pt.-III-1963 पर तथा वाटर एब्जोरपशन वैल्यू जो कि IS: 2386 Pt. III 1963 पर आधारित हो) की जाँच रिर्पोट जो कि रेलवे प्रयोगशाला/राजकीय प्रयोगशाला/राजकीय स्वामित्व वाले इंजीनियरिंग कालेज/राजकीय पालीटेक्निक/आई०आई०टी० तथा एन०आई०टी० की हो तथा निविदा नोटिस की तिथि से निविदा बंद होने की तिथि बीच की हो को संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जायेंगी। 2. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 625/26


# गला घोंट कर हुई थी पूजा की हत्या, पीएम रिपोर्ट में खुलासा

अमृत विचार Follow UP

• भाजपा का मंडल अध्यक्ष रहा चुका है आरोपी ममेरा ससुर

हरदोई, अमृत विचार। विवाहिता की हत्या उसके ससुराल वालों ने गला घोटकर ही की थी, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसकी पुष्टि हो गई है। इसके बाद पुलिस ने अपनी जांच व कार्रवाई तेज कर दी है। मृतका के पिता ने पहले ही हत्या का आरोप लगाते हुए बेटी के पति के अलावा सास-ससुर और ममेरे ससुर (पूर्व मण्डल अध्यक्ष, भाजपा) के खिलाफ तहरीर दी थी। मामले की जांच सीओ सण्डीला संतोष सिंह कर रहे है।

बताते चलें कि उन्नाव ज़िले के महामाइन खेड़ा मजरा सुसुमऊ थाना फत्तेपुर चौरासी निवासी रामविलास पुत्री पूजा की शादी पिछले साल 15 मई को कासिमपुर थाने के सफियापुर तिराहा निवासी विपिन के साथ की थी। पिता रामविलास ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि दहेज़ में कार की मांग कर रहे पूजा के ममेरे ससुर सुरेश पाल ने बताया था कि पूजा के ससुराली लोन पर कार ले आए और उसकी किस्त उसे देनी होगी, रामविलास का कहना था कि ससुराली उसी किस्त की अदायगी के लिए पूजा पर दबाव बनाते हुए उसे प्रताड़ित करने लगे और उसी बीच मंगलवार को उसकी गला घोंट कर हत्या कर शव फांसी पर लटका दिया। पुलिस ने दी गई तहरीर पर पति विपिन, ससुर रामसेवक, सास सावित्री और भाजपा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष व पूजा के ममेरे ससुर सुरेश पाल के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज करते हुए पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई करने को कहा था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक बुधवार को खुलासा हुआ कि पूजा की मौत फांसी से नहीं, बल्कि उसकी गला घोंट कर हत्या की गई थी। इस तरह का खुलासा होते ही पुलिस की जांच और तेज़ हो गई है।

## दो पक्षों में जमकर संघर्ष आधा दर्जन लोग घायल

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला निहाल गंज में 23 फरवरी की रात दो पड़ोसियों में किसी बात को लेकर जमकर मारपीट हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस के समझाने पर रात भर शांत रहने के बाद 24 फरवरी को सुबह 7 बजे फिर दोनों पक्षों में ईंट पत्थर और डंडे चले। इस मारपीट में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। संघर्ष का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। एक पक्ष की किशोरी ईट लगने से गंभीर घायल हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल परीक्षण करवाया है।


**न्यायालय श्रीमान् नायब तहसीलदार महोदय डलमऊ**

वाद संख्या T202010580501114 /24.08.2020
सन् 2026 ई0

**सिताला** .... वादी प्रार्थी

बनाम

**सोमवार उर्फ सुम्वारे** .... प्रतिवादी/विपक्षी

रजाना पत्नी राम किशुन निवासिनी ग्राम भदोखर प0 त0 सदर, जिला रायबरेली।

चूँकि ऊपर नामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि धारा 34/35 अतएव आपको एतद्वारा चेतावनी आ जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ किसी प्रकार की भी कोई आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते हैं तो आप दिनांक 10 माह 03 सन् 2026 ई0 दिन के 10 बजे पूर्वान्ह इस न्यायालय में उपस्थित स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और यदि आप ऐसा करने में असफल रहे तो उक्त आवेदन की सुनवाई एकपक्षीय करके वाद निर्णत कर दिया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 20.01..2026 को जारी की गयी।

**आज्ञा से**
**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**डलमऊ– रायबरेली**


# 3 सराफा सहित 5 दुकानों से लाखों का सामान किया पार

बीघापुर उन्नाव, अमृत विचार। बीघापुर कोतवाली अंतर्गत बीती रात चोरों ने सिकंदरपुर कस्बा में बनी एक मार्केट में बनी 3 सराफा की दुकानों सहित 5 दुकानों का ताला तोड़कर नगदी, जेवर व अन्य सामान पार कर दिया। वहीं चोर घर के बाहर खड़ी एक बाइक भी उठा ले गए। पीड़ित सराफा व्यवसाई की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की है।

कोतवाली क्षेत्र के निवासी राजन सोनी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के कस्बा सिकंदरपुर स्थित मधुकर मार्केट में सराफा की दुकान किए है। बताया किन मंगलवार की रात उसकी माँ ज्वैलर्स पड़ोसी परिहार ज्वैलर्स व ज्वैलर्स की दुकानों के ताले काटकर दाखिल हुए चोर चांदी की पायलें, बच्चों के गले की हाय, तश्तरी, गिलास कान की कीलें उठा ले गए। चोरों ने इसी इसी मार्केट प्रिया ब्यूटीपार्लर व मोबाईल सेंटर से 30 हजार रुपये नगद, मोबाइल व एसेसरीज सहित उसके पड़ोसी राज स्टूडियो से 15 हजार पार कर दिए। पांचों दुकानों में चोरी की घटना का हवाला देकर राजन पुलिस को संयुक्त तहरीर दी है। यही नहीं चोर मार्केट के बगल में कृष्णा चाट भंडार के स्वामी अजय के घर के सामने खड़ी उसकी बाइक भी ले गए। प्रभारी कोतवाल सुनील अवस्थी ने बताया कि चोरी की सूचना पर जांच कर रिपोर्ट दर्ज की गई है। सराफा की तीनों दुकानों ने 750 ग्राम के चांदी का सामान चोरी होने की बात पीड़ितों ने बताई है। उन्होंने नगदी चोरी होने की बात को संदिग्ध बताया।

## सपा प्रदेश अध्यक्ष ने की जांच की मांग

बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने सिंचाई विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र भेजकर बांगरमऊ में गंगा कटान व निर्माण कार्यों में हुई कथित धांधली को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने करोड़ों से बने बंधे के पहली ही बारिश में गंगा में समाहित होने पर उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। प्रमुख सचिव को भेजे पत्र में सपा प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि विधानसभा बांगरमऊ के अंतर्गत काली मिट्टी से शिवराजपुर (कानपुर) राजमार्ग गंगा की बाढ़ के कारण पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है। यह मार्ग टूटने से कटरी क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों का कानपुर के लिए आवागमन ठप हो गया है। जिससे जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और ठेकेदारों पर कार्रवाई की जाए।

# कब्र से निकाल शव का कराया गया पोस्टमार्टम

सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार। डीएम के निर्देश पर सड़क हादसे में मृत युवक का शव प्रशासनिक व पुलिस अफसरों की मौजूदगी में कब्र से निकलवाकर मोर्चरी लाया गया। जहां फोरेंसिक एक्सपर्ट के साथ दो अन्य डॉक्टरों ने वीडियोग्राफी के बीच पोस्टमार्टम किया। इसमें सिर में आई चोटों से मौत होने की बात सामने आई। विसरा भी सुरक्षित किया गया है।

आसीवन थानाक्षेत्र के रोलिया गांव निवासी सुमन पत्नी स्व. सुरेंद्र बीती 13 दिसंबर को अपने बेटे रामजी (20) के साथ बाइक से लखनऊ गई थी। तभी बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर अज्ञात बाइक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी थी। इसमें मां-बेटा गंभीर घायल हो गए थे। जिसमें रामजी की लखनऊ ले जाते समय मौत हो गई थी। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव दफन कर दिया था। बाबा रामस्वरूप के प्रार्थनापत्र पर डीएम ने जांच कर एसडीएम सफीपुर शिवेंद्र वर्मा व सीओ बांगरमऊ व सफीपुर सोनम सिंह को वीडियोग्राफी के बीच कब्र से शव निकलवाकर पोस्टमार्टम कराने के निर्देश दिए थे। सीएमओ द्वारा गठित डाक्टरों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया। सिर में आई चोट से मौत होने की पुष्टि हुई।


**भारत सरकार – रेल मंत्रालय**
**अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन मानक नगर, लखनऊ–226011**

RO No. 57/2025-26/TMS दिनांक: 24.02.2026

**दूरसंचार अनुरक्षण अनुभाग खुली ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, दूरसंचार अनुरक्षण अनुभाग, अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन, मानक नगर, लखनऊ, द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई निविदा आमंत्रित की जाती है।

| ई–निविदा सूचना | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित मूल्य (रू0) | बयान राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0) | समय अवधि | जमा करने की अन्तिम तारीख व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| एसटीटीएमएसए सटीएस्टरिस्क एक्स. | अ अ मा स लखनऊ में एस्टरिस्क बेस्ड IP एक्सचेंज की कॉम्प्रिहेंसिव AMC चार साल के लिए और विभिन्न टेलीकॉम आइटम की SITC | 19689707.75 | 248500.00 | निल | 48 महीने | 17.03.2026 को 15:00 बजे तक |

उपरोक्त ई–निविदा प्रपत्र वेब साइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकर्ता अपनी निविदा दिनांक 03.03.2026 से दिनांक 17.03.2026 को 15.00 बजे तक प्रेषित कर सकते हैं। उपरोक्त निविदा के लिए केवल ई–निविदा ही स्वीकार्य होगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य केवल ऑनलाईन पेमेन्ट के माध्यम से जो कि आईआरईपीएस पोर्टल पर उपलब्ध है जमा करा सकते है, इसके अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से भुगतान स्वीकार्य नही होगी। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के लिए सीआरआइएस/नई दिल्ली के सहायता प्रकोष्ठ में संपर्क कर सकते है। फोन न0– 01124105180, 24102855, 23370704, 23370703

फाइल संख्या :– एसटीटीएमएसएसटीएस्टरिस्क एक्स
दिनांक :– 23/02/2026

(ब्रजेष कुमार)
सहा0अभि0अभि0 / दू0अ0अ0 कृते महानिदेषक अ0अ0मा0सं0, लखनऊ

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,**
**निर्माण खण्ड–2, लो0नि0वि0, लखनऊ**

पत्रांक: 926 / 14एम0जी0 / 2026 विज्ञप्ति दिनांक: 23.02.2026

भू–स्वामियों से आपसी समझौते के आधार पर भूमि क्रय करने के सम्बन्ध में

भू–स्वामियों से आपसी समझौते के आधार पर अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड–2 ,लो0 नि0 वि0 ,लखनऊ के माध्यम से सार्वजनिक प्रयोजन के लिए लखनऊ जिले में प्रस्तावित जनपद लखनऊ में लखनऊ–मोहान–बांगरमऊ–नानमऊ–बिल्हौर–इटावा मार्ग (राज्य मार्ग सं0–40) के कि0मी0–30 में स्थित क्षतिग्रस्त नगवा नाला लघु सेतु के समीप नये लघु सेतु के निर्माण हेतु ग्राम– तेज कृष्ण खेड़ा ,तहसील – सरोजनी नगर, जिला–लखनऊ में प्रस्तावित भूमि के स्वामित्व की पुष्टि हेतु विवरण –

| क्र0 सं० | जिला | तहसील | ग्राम का नाम | गाटा संख्या | गाटे का कुल क्षेत्रफल (हे० में) | परियोजना हेतु आवश्यक क्षेत्रफल (हे० में) | खातेदार का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | लखनऊ | सरोजनी नगर | तेज कृष्ण खेड़ा | 825 | 0.3410 | 0.0271 | 1. सुहैल खाँ/ मो. अकील खाँ/ नि. 266/577 भदेवां शहर लखनऊ<br>2. रामशरन पाल/ पुत्र राम भजन पाल/ नि–सिविल लाईन्स फतेहगढ़ जिला फर्रुखाबाद<br>3. शेर सिंह यादव/ पुत्र श्री ओम प्रकाश यादव/ नि–ग्वाल टोली फतेहगढ़ जिला फर्रुखाबाद<br>4. संजय कुमार सिंह/ पुत्र बालिस्टर सिंह/नि–सथरा भरखा जिला फर्रुखाबाद<br>5. सोनू वर्मा/ पुत्र श्री यादराम वर्मा/ नि–सिविल लाइन तिर्वा कोठी फतेहगढ़ जिला फर्रुखाबाद |
| | | | | 826 | 0.6320 | 0.0540 | |

उपरोक्त विवरण में भू–स्वामियों के सूचनार्थ प्रकाशित किया जा रहा है। स्तम्भ–08 में अंकित व्यक्ति से भिन्न किसी व्यक्ति का यदि वर्णित भूमि में हित निहित हो तो वह साक्ष्य सहित अपना दावा 10 दिन में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है।

UP-246903 दिनांक 24.02.2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता,
निमार्ण खण्ड–2, लो0नि0वि0,
लखनऊ।


आयोजन

नगर के शांति मिल मैदान में 10 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता

# भारत, नेपाल व भूटान के पहलवानों ने दिखाया दम

बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार। नगर के शांति मिल मैदान में 'नशा मुक्त खेल अभियान' के तहत आयोजित 10 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में भारत के साथ-साथ नेपाल व भूटान के नामी पहलवान अपनी कुश्ती कला व दांवपेंच का शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। दंगल के दौरान मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन इजहार खां गुड्डू ने अखाड़े में पहुंचकर पहलवानों का हाथ मिलवाया और परिचय प्राप्त



पहलवानों के हाथ मिलवाकर कुश्ती की शुरुआत कराते अतिथि।

किया। उन्होंने अजमेर के बब्बर अली पहलवान व झांसी के तूफान पहलवान के बीच मुकाबले की शुरुआत कराई। दोनों पहलवानों ने मैदान पर अपनी ताकत व तकनीक का ऐसा प्रदर्शन किया कि दर्शक तालियां बजाने पर मजबूर हो गए। आयोजन समिति ने बताया कि इस दंगल का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को नशे की बुराइयों से बचाकर खेलों के प्रति आकर्षित करना है। पूर्व पालिकाध्यक्ष ने पहलवानों को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित कर कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं बल्कि अनुशासन भी सिखाते हैं। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता व उपविजेता पहलवानों को नगद पुरस्कार, शील्ड व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इसमें रवि नादान, लालेश अस्थाना आदि मौजूद रहे।

## मुकद्दस रमज़ान



- आठवां रोज़ा–
- अफ्तार–गुरुवार 6 :08 बजे
- नवां रोज़ा–
- सहरी–शुक्रवार 5 :18 बजे।

## न्यूज ब्रीफ

### 96 लाख से होगा मन्दिर का जीर्णोद्धार

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** विकास खंड भरावन के लालपुर खाले गांव में स्थित ऐतिहासिक पौराणिक सिद्धनाथ बाबा मन्दिर के जीर्णोद्धार के लिए प्रशासन द्वारा 96 लाख 45 हजार रूपये से पर्यटन स्थल को विकसित किया जाएगा। सिद्धनाथ बाबा मन्दिर के विकास के लिए प्रशासन द्वारा स्वीकृति धनराशि में यात्री विश्राम हाल, स्वागत द्वार,आर सी सी बेंच, इंटरलाकिंग, बोरिंग, सहित अन्य कार्यों की मंजूरी दी गई है। प्रशासन द्वारा पहली किश्त 2025–26 वित्तीय सत्र में 70 लाख रुपये आवंटित कर दिये गए है। सिद्धनाथ बाबा मन्दिर ट्रस्ट के अध्यक्ष गोकुल कश्यप नें बताया उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का धन्यवाद इससे मन्दिर के विकास के साथ साथ क्षेत्र का विकास तेजी से होगा।

### समिति की बैठक आज

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला पंचायत राज अधिकारी विनय कुमार सिंह ने बताया कि जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण समिति की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 26 फरवरी को स्वामी विवेकानन्द सभागार में होगी।

### रामलीला में धू-धू कर जला रावण का पुतला

**हरदोई, अमृत विचार।** नुमाइश मेला स्थित श्रीराम लीला में बुधवार को वृंदावन से आए कलाकारों ने रावण वध का मंचन किया, जिसके देर शाम को श्रीराम ने रावण का वध कर दिया। यह दृश्य देख लोग भाव–विभोर हो उठे।

# अब जनप्रतिनिधियों की कॉल की अनदेखी नहीं कर पाएंगे अधिकारी

## राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने संवाद सेतु का किया शुभारंभ

संवाददाता, हरदोई



वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जानकारी लेते डीएम अनुनय झा व सीडीओ सान्या छाबड़ा।

- संबंधित अधिकारी को 10 मिनट के अंदर देना होगा जवाब
- ऐसा न करने पर संवाद सेतु ऐप पर जाएगा अलर्ट

**अमृत विचार।** स्वामी विवेकानन्द सभागार में जनपद में जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच समन्वय व संवाद को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के उद्देश्य से संवाद सेतु (जिला संपर्क एवं कमांड सेंटर) व्यवस्था का समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस पायलट प्रोजेक्ट का विधिवत शुभारंभ किया।

समाज कल्याण राज्यमंत्री ने बताया कि इस पायलट प्रोजेक्ट का आगाज़ हरदोई, गाजियाबाद और कन्नौज के साथ प्रदेश के पहले चरण में शामिल किया गया है। मंत्री ने इस प्रोजेक्ट के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर जिलाधिकारी अनुनय झा ने बताया कि जिले के सभी अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों के साथ होने वाले संवाद को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जायेगी। इस नई व्यवस्था के तहत अब जिले में एक प्रभावी कमांड सेंटर सक्रियता से कार्य करेगा, जो यह सुनिश्चित करेगा कि यदि किसी अधिकारी द्वारा जनप्रतिनिधि की कॉल 10 मिनट के भीतर रिसीव नहीं की जाती है, तो उसे अनिवार्य रूप से कॉल बैक किया जाए। अधिकारी द्वारा 10 मिनट के अंदर ऐसा न करने पर संवाद सेतु ऐप पर एक अलर्ट स्वतः चला जाएगा।

डीएम ने विश्वास जताया कि इस पहल से जिले में विकास कार्यों की गति तेज होगी और प्रशासन की जवाबदेही जनता के प्रति और अधिक सुदृढ़ होगी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने भी इस पहल की सराहना की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, ई-डिस्ट्रिक मैनेजर देवेश सिंह, जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम तथा सभी जन प्रतिनिधि मौजूद रहें।

# 3 करोड़ की विकास योजनाओं का हुआ लोकार्पण-शिलान्यास

**कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** बुधवार को कस्बे में लगभग 3 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ। बालामऊ से विधायक रामपाल वर्मा और एमएलसी अशोक अग्रवाल ने इन कार्यों का उद्घाटन किया। विधायक रामपाल वर्मा ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान हमारी जिम्मेदारी है, उसी पर काम कर रहे हैं। एमएलसी अशोक अग्रवाल ने कहा कि आरोप लगते हैं कि मैं सिर्फ कछौना के विकास की बात करता हूं, लेकिन नगर के लिए हम हमेशा मौजूद हैं। भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रीतेश दीक्षित ने कहा कि नगर का विकास प्रत्येक नागरिक के सहयोग से होता है। सभी नगरवासियों के सहयोग से विकास की गंगा बहेगी। जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि भाजपा की सरकार पर काम धरातल पर दिखाई देता है।

**नगर में चौराहे से स्टेशन तक सड़क निर्माण का कार्य होली बाद शुरू होगा**

नगर अध्यक्ष राधारमण शुक्ला (पंकज) ने बताया कि चौराहे से स्टेशन तक सड़क का टेंडर हो चुका है। होली के कारण काम रुका था, लेकिन होली के बाद शुरू होगा। यह सड़क हाइवे जैसी चमचमाती बनेगी। स्थानीय व्यापारियों की सुविधा के लिए नया कॉम्प्लेक्स बनाया जा रहा है। नगर में आरओ प्लांट लगाए गए, जिनका उद्घाटन जनप्रतिनिधियों ने किया। पूर्व मंडल अध्यक्ष ब्रह्म कुमार सिंह ने विधायक रामपाल वर्मा को ज्ञापन दिया, जिसमें पीलियाडीह के कच्चे मार्ग पर डामरीकरण हो, नगर में निर्माणाधीन कुशीनाथ मंदिर में निर्माणाधीन तेजी के साथ अन्य समस्याओं का ज्ञापन सौपा। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी देवांशी दीक्षित जिला मंत्री अजय शुक्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष नवीन पटेल, मंडल उपाध्यक्ष अजय बाजपेयी, श्रीश मिश्रा अनूप सिंह सभासद और अन्य पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।





विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करते विधायक रामपाल वर्मा और एमएलसी अशोक अग्रवाल।

# घुमंतू जनजाति परिषद के युवा प्रांत संयोजक ने पासपोर्ट आफिस में किया हंगामा, दी तहरीर

संवाददाता, हरदोई

- अधिकारियों पर सुनवाई न करने व युवक पर अभद्रता करने का लगाया आरोप, कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार।** पासपोर्ट आफिस पहुंचे घुमंतू जनजाति परिषद के युवा प्रांत संयोजक का आरोप है कि काफी देर बैठने के बाद उनकी सुनी नहीं गई,लेकिन जब बात सुनाने के लिए आगे बढ़े तो वहां मौजूद युवक ने अधिकारियों के साथ अभद्रता की गई। पुलिस को दी तहरीर में पूरे मामले की जांच कर कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

बताया गया है कि कोतवाली शहर के आलूथोक निवासी रुद्राक्ष सिंह चौहान प्रशांत' जोकि घुमंतू जनजाति परिषद के युवा प्रांत संयोजक है,ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि बुधवार को अपने काम से पासपोर्ट आफिस पहुंचे,वहां काफी देर बैठने के बाद सुनी नहीं गई। युवा प्रांत संयोजक का कहना है कि उन्होने अपना परिचय देते हुए अपनी बीमार मां का हवाला भी दिया,फिर भी कोई ध्यान नहीं दिया गया। आरोप है कि उसी बीच वहां मौजूद अयान खां नाम के युवक वहां बैठे अधिकारियों के सामने अभद्रता करने लगा, इतना सब होने के बाद उसे टोका तक नहीं गया। युवा प्रांत संयोजक रुद्राक्ष सिंह चौहान 'प्रशांत' ने पुलिस से मामले की जांच करा कर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# पति को वीडियो कॉल कर खाया विषाक्त, मौत

संवाददाता, हरदोई,



बेटे को गोद में लिए शिखा की फाइल फोटो।

- मृतका के पिता ने दामाद पर लगाया हत्या का आरोप, जांच शुरू

**अमृत विचार।** गैस एजेंसी के आपरेटर की पत्नी ने उसे वीडियो कॉल कर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जानकारी होने पर मकान मालिक मौके पर पहुंचा और महिला को मेडिकल कालेज। इलाज के लिए लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही महिला की मौत हो गई। मामले में मृतका के परिजनों ने पति पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

सवायजपुर कोतवाली के खतौली निवासी घनश्याम शहर की एक गैस एजेंसी में ऑपरेटर की नौकरी करता है। उसकी शादी 5 जून 2021 को बेहटा गोकुल थाने के कजीबाड़ी के चंद्रप्रकाश की पुत्री शिखा (25) से हुई थी। शादी के करीब एक साल बाद धनश्याम पत्नी के साथ मोहल्ला आज़ाद नगर में रिंकू के मकान में किराए पर रहने लगा,गांव आना-जाना रहता था। सोमवार की देर शाम शिखा ने धनश्याम को वीडियो कॉल करते हुए उसे दिखा कर कीटनाशक दवाई पी ली और फोन काट दिया। इस बारे में तुरंत ही घनश्याम ने मकान मालिक रिंकू को फोन पर पूरी बात बताई। वहां पहुंचे रिकू अपनी कार से शिखा को मेडिकल कालेज ले गए,वहां के डाक्टरों ने लखनऊ रिफर कर दिया,लेकिन घर वाले उसे शहर के एक निजी हास्पिटल ले गए,जहां इलाज चला रहा था। अगले दिन मंगलवार की दोपहर हालत बिगड़ने पर उसे लखनऊ ले जाने की सलाह दी गई। उसे लखनऊ ले जाया जा रहा था,रास्तें में खेतुई के पास उसकी मौत हो गई। शिखा का एक डेढ़ साल का बेटा अहान है। शिखा के पिता चंद्रप्रकाश का आरोप है कि दामाद धनश्याम ने उसकी पुत्री की ज़हर दे कर हत्या कर दी। पुलिस ने नायब तहसीलदार की मौजूदगी में शव का पंचनामा भरा,पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कार्यालय में अचानक बेहोश हुए ईओ, हड़कंप

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

- राजनीतिक दबाव और काम के प्रेशर में बिगड़ी तबियत
- सीएचसी से हायर सेंटर हरदोई रेफर किया गया

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी राजनैतिक दवाब और काम के बढ़ते बोझ के कारण बुधवार को दोपहर 12 बजे अपने कार्यालय में बेहोश हो गए। जिससे वहां हड़कंप मच गया। उन्हें सीएचसी ले जाया गया। डाक्टरों ने इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया है।

नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी द्वारा आउटसोर्सिंग ठेके की सभी फर्मों को ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया था, जिससे आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का वेतन रुक गया। वेतन न मिलने से नाराज होकर आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी, जिससे अधिशासी अधिकारी की काफी किरकिरी हुई। नगर में गंदगी का साम्राज्य फैल गया। 8 दिन बाद गुरुवार को 2 महीने का वेतन देने का आश्वासन देने के बाद हड़ताल समाप्त हुई थी। शनिवार को कर्मियों और नगर पालिका प्रशासन के मध्य हुई वार्ता में ईओ ने गुरुवार को हर हाल में दो माह का वेतन देने का लिखित समझौता कर हड़ताल को समाप्त कराया था। सोमवार को नगर पालिका की आउटसोर्सिंग ठेकेदारों को हाईकोर्ट ने यथास्थित बनाये रखने के आदेश दिए। 15 दिन के अंदर अधिशासी अधिकारी को अपना जवाब दाखिल करने का हाईकोर्ट ने निर्देश दिया। पालिका के आउटसोर्सिंग कर्मियों को वेतन दिए जाने को लेकर पालिका ईओ पर काफ़ी दबाव था। वह बुधवार को अपने कार्यालय में थे, दोपहर 12 बजे उन्हें अचानक बेहोशी आ गयी। नगर पालिका के कर्मियों द्वारा उन्हें तुरंत सीएचसी ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने उन्हें इलाज के लिए हायर सेंटर हरदोई रेफर किया गया।

## युवक से गाली-गलौज व मारपीट में रिपोर्ट दर्ज

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ललौली में युवक के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित मंशाराम निवासी ग्राम ललौली ने कोतवाली में दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि 22 फरवरी की शाम गांव के ही अनुज व मिथिलेश उसके दरवाजे पर आकर गाली–गलौज करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने उसके पुत्र सुमित के साथ मारपीट कर दी, जिससे उसके सिर और शरीर में चोटें आईं। परिजन घायल युवक को लेकर कोतवाली पहुंचे और तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

# पुलिस को दी बहन की हत्या की झूठी खबर

संवाददाता, हरदोई

- 20 फरवरी को लखनऊ में महिला को प्रसव में हुआ था मृत बच्चा
- बुधवार को महिला की भी अस्पताल में मौत के बाद भाई ने डायल 112 पर दी फर्जी सूचना

**अमृत विचार।** एक भाई ने यूपी-112 पर काल करते हुए बताया था कि जेठ-जेठानी ने उसकी बहन की लाठी-डंडे से पिटाई कर दी,जिससे उसकी मौत हो गई। इस तरह की सूचना पर अलर्ट हुई पुलिस ने जांच की तो पता चला कि लखनऊ के एक निजी हास्पिटल में 20 फरवरी को उसके प्रसव में मरा हुआ बच्चा पैदा हुआ था। 25 फरवरी को उसकी वहीं मौत हो गई,घर वाले शव गांव उठा लाए,उसी बीच पुलिस को काल कर दी गई। पुलिस का कहना है कि जांच हो रही है,पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सुरसा थाने के सहिमापुर मजरा ज्यौरा निवासी सुरेश ने बताया कि 19 फरवरी को वह अपनी गर्भवती पत्नी रिंकी (24) को लेकर लखनऊ के एक निजी हास्पिटल पहुंचा, जहां 20 फरवरी को उसे मृत बच्चा हुआ। उसके बाद से वहीं इलाज चल रहा था। सुरेश ने बताया कि बुधवार को रिंकी की वहीं पर मौत हो गई। घर वाले उसका शव गांव उठा लाए,उसी बीच यूपी-112 पर काल कर दी गई। लेकिन वहां पहुंची पुलिस ने जब पूरे मामले की छानबीन की तो सारी सच्चाई सामने आ गई। रिंकी की शादी साल 2016 में हुई थी। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सिरफिरे ने परीक्षा देकर आ रही छात्रा पर बांके से किया हमला

- जबरन शादी का बना रहा था दबाव, गंभीर रूप से घायल छात्रा मेडिकल कॉलेज रेफर

**हरदोई, अमृत विचार।** सिरफिरे ने 12वीं की बोर्ड परीक्षा देकर वापस लौट रही छात्रा के सिर पर बांके से हमला कर दिया। जिससे वह लहूलुहान हो गई, उसे सीएचसी बावन से मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया है। सीओ हरपालपुर सत्येंद्र सिंह का कहना है कि दी गई तहरीर पर केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी गई है, जबकि पुलिस पर हमले पर अनदेखी का आरोप लगाया जा रहा था।

बुधवार की शाम को लोनार थाने के एक गांव की रहने वाली छात्रा बोर्ड परीक्षार्थी है। बुधवार की शाम को वह परीक्षा देकर लौट रही थी। उसी बीच जगदीशपुर और बावन के बीच असलापुर निवासी पंकज ने उसके सिर पर बांके से हमला कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गई। राहगीरों के दौड़ने व शोर मचाने पर हमलावर भाग गया। छात्रा को सीएचसी बावन पहुंचाया गया,जहां से मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। बताया गया है कि हमलावर छात्रा से जबरन शादी का दबाव बना रहा था,मना करने पर उसने हमला किया। सीओ हरपालपुर सत्येंद्र सिंह का कहना है कि केस दर्ज कर लिया गया है,जांच की जा रही है।

## महिला कोटेदार ने धन उगाही और छेड़छाड़ का लगाया आरोप

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला कोटेदार ने दो किसान नेताओं पर धन उगाही और छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल कर रही है। पीड़िता के अनुसार 24 फरवरी को वह आवश्यक कार्य से तहसील शाहाबाद आई थी। आगापुर निवासी सत्यवीर और कठमा निवासी गोलू ने तहसील में रोककर उससे धन उगाही की मांग की। मना करने पर विपक्षियों ने उसे पकड़ लिया और अश्लील हरकतें करने लगे। शोर मचाने पर तहसील में मौजूद लोगों ने उसे छुड़वाया। पुलिस जांच कर रही है।

# फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगाने की मांग





कलेक्ट्रेट में जिला प्रशासन को ज्ञापन देने आए यदुवंशी महासभा के पदाधिकारी। अमृत विचार

**हरदोई, अमृत विचार।** अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के जिला अध्यक्ष हरिनाम सिंह यादव के नेतृत्व में प्रधानमंत्री, गृहमंत्री व सूचना प्रसार मंत्री को जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन दिया गया। कहा कि फिल्म 'यादव जी की लव स्टोरी' 27 फरवरी को रिलीज होने वाली है, फिल्म के प्रसार प्रचार पोस्टर ट्रेलर एवं सोशल मीडिया सामग्री से प्रतीत होता है कि इसमें यादव समाज को आपत्तिजनक एवं गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया है, इस प्रकार की प्रस्तुति से समाज की भावनाएं आहत हो रही हैं तथा रोष एवं असंतोष उत्पन्न हो रहा है। यदि इस फिल्म का प्रदर्शन बिना जांच किया किया जाता है तो इससे समाज में तनाव बढ़ सकता है। इस मामले की प्राथमिकता दर्ज कर उचित जांच की जाए तथा जांच पूर्ण होने तक फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगाने हेतु आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन में रजनीश यादव, सुरेंद्र यादव, यतेंद्र यादव, शैलेंद्र यादव, सौरभ यादव, लालू यादव, अभिषेक यादव, सुरजीत यादव व पंकज यादव आदि मौजूद रहे।

# घर से लापता युवक का शव अगले दिन लटकता मिला

संवाददाता, हरदोई



मृतक विशाल की फाइल फोटो।

**अमृत विचार।** घर से निकला युवक अचानक लापता हो गया। परिजन पूरी रात उसकी खोजबीन करते रहे। अगले दिन युवक का शव पेड़ पर फंदे से लटकता हुआ मिला। पुलिस ने शव कब्ज़े में लिया और फोरेंसिक टीम जांच कर रही है।

कासिमपुर थाने के दुलारपुर निवासी विशाल कुमार (23) मंगलवार शाम को घर था और उसी बीच कहीं गायब हो गया। काफी देर बाद तक वापस नहीं,सारी रात उसे ढूंढा गया,अगले दिन बुधवार उसका पता लगाया जा रहा था,उसी बीच दोपहर में उसका शव राकेश के खेत में खड़े यूकेलिप्टिस के पेड़ में गमछे से लटकता देखा गया,इसका पता होते ही वहां भीड़ लग गई। पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए इस बाबत पूछताछ की,वहीं फोरेंसिक टीम हर पहलू से जांच शुरु कर दी है। विशाल के परिवार में मां और पिता के अलावा एक भाई और एक बहन है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**कार्यक्रम** — पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि सभा व कवि सम्मेलन का किया गया आयोजन

# रंग खुशबू नजारे नहीं चाहिए, ख्वाब भी प्यारे-प्यारे नहीं चाहिए

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई



शिवराज सिंह व डा. आलोक सिंह के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करतीं मंत्री रजनी तिवारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे के जूनियर हाई स्कूल मैदान में दिव्य आलोक सेवा फाउंडेशन के तहत विधायक आशीष सिंह, आशू के पिता शिवराज सिंह की पुण्य स्मृति और भाई डॉ आलोक सिंह, नीलू की आठवीं पुण्यतिथि पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

मंगलवार की शाम को दिब्य आलोक सेवा फाउंडेशन के तहत कवि सम्मेलन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मंत्री रजनी तिवारी ने स्व. शिवराज सिंह व डॉ आलोक सिंह, नीलू के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित कर की। कार्यक्रम कि शुरुआत करते हुए लखनऊ से आई कवयित्री शशि श्रेया ने गाया रंग खुशबू नजारे नहीं चाहिए, ख्वाब भी प्यारे प्यारे नहीं चाहिए, भाल पर एक बिंदिया सजा देना तुम, मुझको चंदा सितारे नहीं चाहिए। शिवपुरी मध्यप्रदेश से आई मनु वैशाली ने कहा, उलझे है सुलझा लो, हाथ खोलकर ताली बजा लो, सरल हो जायेंगे,सिर्फ थिरक कर और जरा सा संयम।

भोपाल से आए कवि अक्षर अमन ने गाया कभी व्यवहार अपना रुखा नहीं रखती, भले तन सूखता जाए, ये मन सुखा नहीं रखती। यहां दुनिया कितने है जो रोटी छीनने वाले हैं,ये धरती मां हमे लेकिन कभी भूखा नहीं रखती। कवि हरिओम पवार ने गया कोई बार मेरा भाव लगाने आता है, कोई मुझ पर दाम लगाने आता है, सत्ता और विरोधी सब बहलाते हैं, कभी-कभी मिलकर मुझको धमकाते हैं, मैं हरिओम पवार किसी से डर जाऊं, इससे अच्छा तो है मैं मर जाऊं। गाकर लोगों को वाह वाह करने पर मजबूर कर दिया। संचालन कर रहे हास्य कवि दिनेश बावरा ने हास्य कवि की रचनाओं को सुनकर श्रोताओं को हसने को मजबूर कर दिया। उन्होंने छोटे छोटे चुटकुले सुनाकर सभी मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन,,पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, ब्लाक प्रमुख डॉ गीता वर्मा, चेयरमैन अनिल राठौर, संदीप सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# मेडिकल कॉलेज में लिफ्ट में फंसे भाई-बहन

संवाददाता, हरदोई



- करीब आधे घंटे बाद लॉक खोलकर दोनों को निकाला गया
- महिला अस्पताल में भर्ती प्रसूता पत्नी को खाना लेकर पहुंचा था पति

**अमृत विचार।** प्रसूता का पति अपनी छोटी बहन के साथ उसके लिए खाना लेकर महिला अस्पताल पहुंचा। भीड़ से बचने के लिए उसने लिफ्ट का सहारा लिया, लेकिन लिफ्ट बीच में ही फंस गई। वह चिल्लाया, टोल फ्री नंबर पर कॉल की, लेकिन कहीं से मदद नहीं मिली। उसके बाद उसने भर्ती अपनी पत्नी को काल की। पति की बात सुनकर बेहाल पत्नी बेड से उठकर भाग खड़ी हुई। ड्यूटी रूम पहुंची तो वहां बैठे स्वास्थ्यकर्मी मदद की बजाये उस पर चिल्लाने लगे। करीब आधे घंटे बाद आपरेटर की मदद से लिफ्ट का लाक खुला, तब कहीं उसकी अटकी सांस वापस वापस आ सकी।

शहर के रेलवे गंज निवासी रोहित राठौर की पत्नी राधा राठौर (25) को मंगलवार को प्रसव पीड़ा होने पर मेडिकल कालेज के महिला अस्पताल में भर्ती कराया। रात के करीब सवा 12 बजे राधा के कट ओपिनियन से मृत बच्चा हुआ। अगली सुबह रोहित उसे दफन करने के बाद घर पहुंचा और वहां से अपनी छोटी बहन के साथ महिला अस्पताल के वार्ड नंबर-पीएनसी-3 के बेड नंबर-15 पर भर्ती पत्नी और तीमारदार सास के लिए खाना ला रहा था। रोहित ने बताया कि उसने भीड़ से बचने के लिए लिफ्ट का सहारा लिया, लेकिन एक-दो सेकेंड के बाद लिफ्ट एक ही जगह पर फंस गई। परेशान हाल रोहित ने तमाम जतन किए। पति के मुसीबत में होने का पता चलते ही प्रसूता बेड से भागकर मदद के प्रयास में जुट गई। आधे घंटे बाद लिफ्ट का लाक खुला और रोहित अपनी बहन के साथ बाहर निकला।



**रोजा**

शिया
सहरी : 05.04 बजे
अफ्तार : 06.18 बजे

सुन्नी
सहरी : 05.10 बजे
अफ्तार : 06.08 बजे

# डीएम का प्रयासः सरकारी विद्यालयों में बनेंगे हर्बल गार्डन

- उत्कृष्ट कार्य के लिए खालेगढ़ी स्कूल के स्टाफ को प्रशस्ति-पत्र
- रेलवे ओवरब्रिज, जर्जर भवनों के ध्वस्तीकरण में तेजी लाने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर



बीएसए को निर्देश देकर डीएम डॉ. राजा गणपति आर। अमृत विचार

**अमृत विचारः** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. की अध्यक्षता में दो महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुईं। प्रथम सत्र में बेसिक शिक्षा विभाग और द्वितीय सत्र में जनपद की बड़ी निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा की गई। डीएम ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि विकास कार्यों और शिक्षा के मानकों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान बैठक में मुख्य रूप से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी तिलक सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान डीएम ने निर्देश दिए कि प्रत्येक विकास खंड के दस-दस विद्यालयों को चिन्हित कर वहां हर्बल गार्डन स्थापित किए जाएं। उन्होंने डीबीटी की राशि समय से अंतरित करने और कंपोजिट ग्रांट के व्यय का विवरण विद्यालय की दीवार पर प्रदर्शित करने को कहा। जर्जर भवनों पर कड़ा रुख अपनाते हुए उन्होंने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों से इस आशय का प्रमाण पत्र मांगा कि क्षेत्र में अब कोई भी चिन्हित जर्जर भवन शेष नहीं है।

### बेहतर प्रदर्शन पर सम्मान, लापरवाही पर नोटिस

शैक्षणिक लक्ष्यों की प्राप्ति और उत्कृष्ट अकादमिक गतिविधियों के लिए विकास खंड गोंदलामऊ के प्राथमिक विद्यालय खालेगढ़ी के स्टाफ को जिलाधिकारी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं, विद्यालयों की जांच में आंकड़ों का अंतर पाए जाने पर संबंधित एआरपी से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए।

### अधूरे निर्माण कार्यों पर कड़े तेवर

जनपद की निर्माणाधीन बड़ी परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने रेलवे ओवरब्रिज के लंबित कार्यों को समन्वय बनाकर जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो परियोजनाएं भूमि विवाद या अन्य कारणों से अटकी हैं, उन्हें प्राथमिकता पर हल करें।



विरोध जताती शिक्षिकाएं। अमृत विचार

## टीईटी अनिवार्यता पर भड़के शिक्षक

**सीतापुर, अमृत विचार :** वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य किए जाने के विरोध में शिक्षक संगठनों ने मोर्चा खोल दिया है। टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर मंगलवार को जिले के शिक्षकों ने हाथों पर काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया और शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराया। प्रांतीय उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष रवींद्र दीक्षित ने बताया कि आंदोलन के अगले चरण में आज शिक्षक एक दिन का अवकाश लेकर सुबह 11 बजे से बीएसए कार्यालय पर धरना देंगे। इसके बाद दोपहर दो बजे जिलाधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च निकाल कर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिला मंत्री हंसराज वर्मा ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने निर्णय वापस नहीं लिया, तो दिल्ली में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

**न्यूज ब्रीफ**

## मानपुर पुलिस ने खोए गहने पहुंचाए

**सीतापुर, अमृत विचार :** मानपुर पुलिस ने एक महिला को उसके खोए हुए गहने सुपुर्द किये। पहचान के बाद उसे जागरूकता का पाठ पढ़ाना भी पुलिस नहीं भूली। सीओ बिसवां अमन सिंह ने बताया कि मानपुर थानाक्षेत्र की डेढ़ुवापुर मजरा महमदापुर निवासी अनुपम वर्मा पत्नी विपिन वर्मा हनुमान मंदिर गई थी। इसी दौरान उसकी झुमकी लापता हो गई। पुलिस ने बरामद कर महिला के सुपुर्द किया।

## नदी में मिला नवजात का शव, सनसनी

**इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर :** फर्रकपुर पुल के पास बुधवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब ग्रामीणों ने सरायन नदी में एक नवजात शिशु का शव उतराता हुआ देखा। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर तत्काल पहुंची इमलिया सुल्तानपुर पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को नदी से बाहर निकलवाया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। थाना पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की छानबीन में जुटी है ताकि यह पता लगाया जा सके कि शव यहाँ कैसे पहुँचा।

## पेंशनर जमा करें आयकर गणना शीट

**सीतापुर, अमृत विचार :** वरिष्ठ कोषाधिकारी सीतापुर ने जनपद के सभी पेंशनरों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति को देखते हुए ऐसे सभी पेंशनर, जिनकी वार्षिक आय आयकर श्रेणी 12.75 लाख रुपये से अधिक में आती है, उन्हें तत्काल अपनी आयकर आगणन शीट और पैन कार्ड की छायाप्रति कोषागार कार्यालय में जमा करनी होगी। विज्ञप्ति के अनुसार, यदि समय से विवरण प्रस्तुत नहीं किया गया, तो फरवरी-2026 की पेंशन रोकी जा सकती है।

# पेड़ से टकराई बाइक, चाचा भतीजे समेत तीन की मौत

## पैंतेपुर के नजदीक बाकरनगर तिराहा के पास हुआ हादसा

**रफ्तार की मार**

- बाराबंकी से शादी समारोह से घर लौट रहे थे तीनों, एक ने मौके पर दो ने लखनऊ में तोड़ा दम, घर में मचा कोहराम

महमूदाबाद, सीतापुर



शुभम कुमार। अमृत विचार



देवकांत उर्फ देव कुमार।



श्याम सुंदर। अमृत विचार

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के पैंतेपुर-बेलहरा मार्ग पर बाकरनगर तिराहा के पास मंगलवार देर रात करीब 12:30 बजे तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार चाचा-भतीजे समेत तीन युवकों की मौत हो गई। तीनों युवक बाराबंकी जनपद में एक शादी समारोह से लौट रहे थे। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जाँच शुरू की।

महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अलीपुर निवासी 20 वर्षीय श्याम सुंदर पुत्र श्रवण कुमार अपने चाचा देवकांत उर्फ देव कुमार वर्मा (25) पुत्र कृष्ण कुमार वर्मा तथा बघाइन निवासी मित्र शुभम वर्मा (25) पुत्र रामनरेश वर्मा के साथ मंगलवार शाम बाराबंकी के जेवली गांव में शादी में शामिल होने गए थे। बताते हैं कि देर रात लौटते समय पैंतेपुर कस्बे से पहले बाकरनगर तिराहे के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने मिट्टी के टीले पर चढ़ गई और पेड़ से जा टकराई। हादसे में श्याम सुंदर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल देवकांत और शुभम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद लाया गया हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने दोनों को लखनऊ स्थित ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। उपचार के दौरान दोनों ने वहां दम तोड़ दिया।

बताया जा रहा है कि श्याम सुंदर और देवकांत आपस में चाचा-भतीजे थे। घटना से परिवार में कोहराम बरपा है। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि हादसे में तीनों युवकों की मौत हो गई। एक का शव रात में पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था। दूसरे का ट्रामा सेंटर लखनऊ में पोस्टमार्टम हो रहा है। तीसरे की इलाज के दौरान मौत के बाद परिजन शव घर ले गए और पोस्टमार्टम से इंकार कर दिया। किसी ने भी हेलमेट नहीं लगाया था।

**सड़क हादसे में चार छात्र गंभीरः सीतापुरः** सिधौली कस्बे में नेशनल हाईवे पर बाइक और साइकिल की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे के समय रेवा और हुसैनपुर निवासी छात्र बाइक से हाईस्कूल की परीक्षा देने जा रहे थे, तभी उनकी टक्कर साइकिल सवार एक अन्य परीक्षार्थी से हो गई। इस घटना में प्रियांश, आदर्श, अमन और एक अन्य छात्र घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली पहुंचाया गया, जहां से आदर्श को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### तीनों थे यूट्यूबर, घर में बना रखा था स्टूडियो

सड़क हादसे में जान गंवाने वाले चाचा-भतीजा और उनका दोस्त सोशल मीडिया पर सक्रिय यूट्यूबर थे। परिजनों के मुताबिक, श्याम सुंदर वर्मा और देवकांत और शुभम मिलकर वीडियो बनाते थे। घर में ही एक छोटा स्टूडियो भी तैयार कर रखा था। क्षेत्रीय युवाओं के बीच उनकी अच्छी पहचान थी। वे कॉमेडी व ब्लॉगिंग से जुड़े वीडियो बनाकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड करते थे

## केबल ब्लास्ट होने से बिजली हुई ठप

**खैराबाद, सीतापुरः** हुसेनगंज पावर हाउस से जुड़ी अंडरग्राउंड केबल में दोपहर बाद अचानक ब्लास्ट हो गया। इस हादसे के कारण पूरे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप रही। बिजली गुल होने से आम जनजीवन के साथ- साथ सबसे ज्यादा असर बोर्ड परीक्षार्थियों पर पड़ रहा है। स्थानीय निवासी बिंदु मौर्या, प्रेम, अनिल और सुनील ने बताया कि परीक्षाएं सिर पर हैं, लेकिन घंटों से बिजली न आने के कारण बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। गुस्साए निवासियों ने विद्युत विभाग से मांग की है कि केबल की तत्काल मरम्मत कर आपूर्ति बहाल की जाए, ताकि छात्रों का भविष्य प्रभावित न हो।

## डीजे पर नाचने को लेकर हुई मारपीट

**सीतापुर, अमृत विचारः** रेउसा थाना क्षेत्र के सालपुर अजयपुर गांव में मंगलवार रात एक तिलक समारोह की खुशियां उस वक्त काफूर हो गईं, जब डीजे पर नाचने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। मारपीट में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों के अनुसार, तिलक की रस्म और भोजन के बाद युवक डीजे की धुन पर नाच रहे थे। इसी बीच मनपसंद गाना बजाने को लेकर कुछ युवकों में कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने स्थिति को संभाला और घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेउसा में भर्ती कराया, जहां हालत गंभीर बताई जा रही है।

## फिल्म को लेकर बिफरा यादव समाज, प्रदर्शन



विरोध-प्रदर्शन करते लोग। अमृत विचार

**महमूदाबाद, सीतापुर :** फिल्म यादव जी की लव स्टोरी बनाए जाने को लेकर यादव समाज बिफरा, ऐसे में पहला ब्लॉक प्रमुख की अगुवाई में बड़ी संख्या में यादव समाज के लोगों ने अन्य लोगों के साथ मिलकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री को संबोधित ज्ञापन में फिल्म पर रोक लगाने की मांग की है। फिल्म प्रोड्यूसर संदीप तोमर द्वारा बनाई जा रही फिल्म यादव जी की लव स्टोरी को लेकर आशंका जताई गई है कि फिल्म की विषय-वस्तु से जातीय वैमनस्य फैल सकता है, इसमें धार्मिक भावनाएं भी आहत हो सकती हैं। इस दौरान प्रवीण यादव, लवकुश यादव, दिलीप मौर्य और आशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

## छह उप निरीक्षकों के हुए तबादले

**सीतापुर, सीतापुर :** पुलिस प्रशासन ने कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के उद्देश्य से जिले में तैनात छह उप-निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। जिसमें अशफाक अहमद को पुलिस लाइन्स से थाना हरगांव भेजा गया है। विजय राठी का मुंशीगंज चौकी से अटरिया के लिए किया गया स्थानांतरण निरस्त कर उन्हें पुलिस लाइन्स भेजा गया है। रजा हैदर और महातम सिंह को पुलिस लाइन्स से हटाकर यातायात नगर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। महिला उप-निरीक्षक गीता सिंह को परिवार परामर्श केंद्र / मिशन शक्ति से हटाकर नेपालपुर चौकी का प्रभारी बनाया गया है। राजेश कुमार दीक्षित को नेपालपुर चौकी प्रभारी से स्थानांतरित कर थाना कोतवाली देहात भेजा गया है।

## कारावास और अर्थदण्ड की सुनाई सजा

**सीतापुर, अमृत विचार :** अदालत ने मिश्रिख इलाके के मुड़िया निवासी अरुण कुमार उर्फ अन्ना मिश्रा पुत्र बालकृष्ण मिश्रा को धारा 304 में 10 वर्ष कारावास एवं 10 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। वहीं तालगांव से जुड़े पॉक्सो एक्ट के मामले में न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-14/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) द्वारा दोषसिद्ध आनन्द कुमार वर्मा उर्फ बुधई पुत्र स्व. लालचन्द निवासी ग्राम सलोना बीबीपुर थाना रामपुरकलां को धारा 376(एबी) भादवि/ 5एम/6 पॉक्सो एक्ट व 3(2)(वी) एससी/एसटी एक्ट में आजीवन कारावास एवं 30 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।



मेधावी को सम्मानित करते नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु। अमृत विचार

## मिला पुरस्कार तो खिले मेधावियों के चेहरे

**सीतापुर, अमृत विचार :** पीएम श्री योजना अंतर्गत चयनित विद्यालयों के खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की जनपद स्तरीय प्रतियोगिता मेजर ध्यानचंद स्टेडियम सीतापुर में आयोजित की गई। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सीतापुर अखिलेश प्रताप सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। उनके द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता में टॉस करा कर विधिवत शुभारंभ किया गया। 31 पीएमश्री विद्यालयों के बालक एवं बालिका वर्ग की 100 मी 400 मीटर दौड़, लंबी कूद, कबड्डी, योग, पोस्टर, समूह नृत्य आदि प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री नगर विकास राकेश राठौर गुरु ने विजयी बच्चों को पुरस्कार वितरित किए। इस मौके पर प्रमोद दीक्षित, लौंग श्री यादव, प्रदीप तिवारी, रवि प्रकाश सिंह, जुल्फिकार अली रहे।

## राहुल सिंह बने भाजपा मंडल अध्यक्ष



नवनियुक्त भाजपा मण्डल अध्यक्ष राहुल सिंह व अन्य। अमृत विचार

**मछरेहटा, सीतापुर :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन विस्तार के तहत बीहट बीरम निवासी राहुल सिंह को मछरेहटा मंडल का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति की घोषणा होते ही क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। राहुल सिंह की नियुक्ति पर क्षेत्रीय विधायक रामकृष्ण भार्गव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय भार्गव और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विजय भार्गव सहित वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें बधाई दी। मछरेहटा पहुँचने पर बबलू दीक्षित, राजू दीक्षित और सुशील शुक्ल समेत दर्जनों कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।



खिलाड़ियों से हाथ मिलाते मुख्य अतिथि सेनानायक संतोष कुमार मीना। अमृत विचार

## 11वीं वाहिनी पीएसी ने दी गोंडा को शिकस्त

**सीतापुर, अमृत विचार :** 11वीं वाहिनी पीएसी के प्रांगण में बुधवार को 27वीं अंतर-वाहिनी हैंडबॉल क्लस्टर एवं बास्केटबॉल प्रतियोगिता का शानदार शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वितीय वाहिनी पीएसी के सेनानायक संतोष कुमार मीना ने रिबन काटकर खेल उत्सव की शुरुआत की। समारोह के दौरान संतोष कुमार मीणा ने विभिन्न वाहिनियों से आए खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। खिलाड़ियों ने आकर्षक मार्च-पास्ट कर सलामी दी और खेल भावना की शपथ ली। प्रतियोगिता शुक्रवार तक चलेगी, जिसमें मध्य जोन की द्वितीय, ग्यारहवीं, 27वीं वाहिनी सीतापुर की टीम, 10वीं वाहिनी बाराबंकी की टीम, 26वीं वाहिनी गोरखपुर की टीम, 30वीं वाहिनी गोंडा की टीम, 32वीं व 35 वीं वाहिनी लखनऊ और एसडीआरएफ लखनऊ की टीमें दमखम दिखा रही हैं। उद्घाटन मैच में 32वीं वाहिनी लखनऊ ने कड़े संघर्ष के बीच 30वीं वाहिनी गोंडा को शिकस्त दी। वहीं, मेजबान 11 वीं वाहिनी सीतापुर ने एक तरफा मुकाबले में शानदार खेल दिखाते हुए 30 वीं वाहिनी गोंडा को 09-01 के बड़े अंतर से पराजित किया। इस अवसर पर आयोजक सचिव सहित पीएसी के अधिकारी रहे।

## टप्पेबाजों ने महिला से जेवर ठगे, मचा हड़कंप

**बिसवां, सीतापुर :** नगर के व्यस्त बड़े चौराहे के पास देर शाम टप्पेबाजों ने एक महिला को अपनी बातों में फंसाकर लाखों के जेवर ठग लिए। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। सदरपुर इलाके के सुरखूपुर निवासी शिवकुमार अपनी पत्नी माया देवी के साथ एक वैवाहिक कार्यक्रम से लौटकर ऑटो से उतरे थे। आरोप है कि जहांगीराबाद चौराहे की ओर जाते समय एक युवक ने महिला से खाने के लिए बीस रुपये मांगे। इसी बीच उसका दूसरा साथी भी आ गया और महिला को बहला-फुसलाकर पास की गली में ले गया। आरोप यह भी है कि शातिरों ने महिला की सोने की चेन, मंगलसूत्र, बाला और अंगूठी उतरवा ली और फरार हो गए। काफी देर तक पत्नी के न मिलने पर पति ने तलाश शुरू की, तो वह बदहवास हालत में मिली। कोतवाली प्रभारी राम राघव सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही पूरी स्थिति साफ हो जायेगी।



मीटर चेक करती टीम। अमृत विचार

## बिजली चोरी: 17 लोगों पर केस दर्ज

**हरगांव, सीतापुर :** बिजली चोरी के खिलाफ सख्त रुख अख्तियार करते हुए विद्युत विभाग ने हरगांव थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की है। पिछले 24 से 48 घंटों के भीतर चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान में 17 उपभोक्ताओं को अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पकड़ा गया, जिनके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। विभागीय टीमों ने योजनाबद्ध तरीके से विभिन्न इलाकों में दबिश दी। तीर्थवार्ड मोहल्ला में छह उपभोक्ता सीधे कटिया डालकर बिजली चोरी करते पकड़े गए। झरेखापुर उपकेंद्र में सात लोगों के खिलाफ अवैध उपभोग पर केस दर्ज। राजस्व हानि रोकने और ईमानदार उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा देने के लिए 28 फरवरी तक रोजाना अलग-अलग क्षेत्रों में छापेमारी की जाएगी। विभाग ने चेतावनी दी है कि उपभोक्ता केवल वैध कनेक्शन का ही उपयोग करें अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

## स्मार्ट मीटर के सहारे समस्याओं का हल

**सीतापुर, अमृत विचारः** स्मार्ट मीटर लगाकर उपभोक्ताओं की समस्याओं के हल निकाले गए। पखवारे के दौरान लाभों के प्रति जागरूक करते हुए सीतापुर सर्किल में स्मार्ट मीटर भी लगाए गए। बता दें कि 9 फरवरी से 23 फरवरी तक स्मार्ट मीटर पखवाड़े का आयोजन हुआ। जिसमें 82,602 स्मार्ट मीटर लगाए, इसी कड़ी में पुराना शहर सहित अन्य स्थानों पर कैंप का आयोजन हुआ। उपभोक्ताओं की समस्याओं के निस्तारण किये गए। लाभों के प्रति जागरूक किया गया।

अधीक्षण अभियंता ललित कृष्ण ने बताया कि जागरूकता शिविर के दौरान उपभोक्ताओं के मोबाइल फोन में संबंधित मोबाइल ऐप डाउनलोड कराई गई और उसका लाइव डेमो भी दिखाया गया। जागरूकता अभियान के दौरान अधीक्षण अभियंता ललित कृष्ण, उपखंड अधिकारी हिमांशु पटेल, अवर अभियंता रवि गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

## पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**रामपुर मथुरा, सीतापुर :** ग्राम गढ़चपा में बुधवार सुबह एक युवक का शव अमरूद के पेड़ से लटकता मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गढ़चपा निवासी शोभित (22) पुत्र स्व. पप्पू का शव बुधवार सुबह गांव के प्राथमिक विद्यालय के पीछे एक खेत में अमरूद के पेड़ पर रस्सी के फंदे से झूलता पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्रवाई शुरू की। परिजनों के अनुसार, शोभित नशे का आदी था। पिता की मृत्यु पहले ही हो चुकी है और वह घर पर अपनी मां के साथ रहता था। उसका भाई बाहर काम करता है, जबकि बहन की शादी हो चुकी है। थाना प्रभारी श्यामू कनौजिया ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## युवक को नशीली नमकीन खिलाकर लूटा

**सीतापुर, अमृत विचार :** रोडवेज की बस में जहरखुरानी का मामला सामने आया। इलाज के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले में छानबीन करते हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। नोएडा की एक सॉफ्टवेयर कंपनी में कार्यरत मोहित द्विवेदी (27) निवासी संदना अपने गांव जा रहे थे। आरोप है कि सफर के दौरान बगल में बैठे युवक ने बातचीत कर उन्हें नमकीन खिला दी। नमकीन खाते ही मोहित अचेत हो गए, जिसके बाद आरोपी उनका लैपटॉप और कीमती सामान से भरा बैग लेकर चंपत हो गया। मोहित के मुताबिक, वह आज अपनी ही गोदभराई की रस्म में शामिल होने घर आ रहे थे। बस चालक ने उन्हें तहसील रोड के पास हाईवे पर उतारा, जहां से पीआरवी पुलिस ने उन्हें सीएचसी सिधौली में भर्ती कराया। युवक का उपचार जारी है। पुलिस छानबीन कर रही है।



आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर। अमृत विचार

## डीएम ने परखी एमडीएम की गुणवत्ता, एएनएम को दी नोटिस

**सीतापुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने महोली विकासखंड के कार्टरगंज स्थित आंगनबाड़ी केंद्र और प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बिना सूचना अनुपस्थित मिलीं एएनएम मालती देवी को डीएम ने 'कारण बताओ नोटिस' जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वीएचएसएनडी सत्र का जायजा लिया और वहां मौजूद महिलाओं से टीकाकरण कार्ड के बारे में पूछताछ की। उन्होंने वजन मशीन, लंबाई मापने वाली मशीन और दवाओं की उपलब्धता की भी गहनता से जांच की। डीएम ने दो टूक कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप हर मरीज को समुचित स्वास्थ्य सेवाएं मिलनी चाहिए। मिड-डे मील की गुणवत्ता जांची : डीएम ने प्राथमिक विद्यालय का रुख किया। रसोई घर में पहुंचकर उन्होंने बच्चों को परोसे जाने वाले मिड-डे मील की गुणवत्ता खुद परखी और किताबों का अवलोकन कर शिक्षा के स्तर का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

## होली पर्व को लेकर की गयी बैठक, दिए निर्देश

**लहरपुर, सीतापुरः** कोतवाली परिसर में आगामी होली व चल रहे रमजान पर्व को लेकर उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम व पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें होली पर्व को शांति पूर्ण ढंग से मनाने की अपील की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम व पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार ने की। इस मौके पर पालिका परिषद अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद ने नगर में चलाए जा रहे अतिक्रमण विरोधी अभियान को होली व ईद के पर्व को देखते हुए रोके जानें कि मांग की। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद, हरीश रस्तोगी, विशाल कपूर, फुरकान मास्टर, प्रधान विवेक शुक्ला, अब्दुल मोइन सोनू, सिद्दीक, नाजिम, शुभम श्रीवास्तव, आलम, अवनीश वर्मा, जगगन अंसारी, विनीत जायसवाल, नीरज गौड़, अंकुर वर्मा, मनमोहन गुप्ता आदि उपस्थित थे।



नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपता किसान संगठन। अमृत विचार

## कृषि समझौते के विरोध में निकाला मार्च

**महोली, सीतापुर :** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को भारत-अमेरिका कृषि समझौते के विरोध में महोली कस्बे में जोरदार प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष मयंक सिंह चौहान के नेतृत्व में ब्लॉक परिसर से शुरू हुआ यह पैदल मार्च तहसील कार्यालय पर जाकर समाप्त हुआ। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने हमारा खेत, हमारा अधिकार' के नारे लगाए और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। तहसील मुख्यालय पहुंचकर कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार महेंद्र सिंह को सौंपा। भाकियू जिलाध्यक्ष मयंक सिंह चौहान ने कहा कि भारत-अमेरिका के बीच हुआ कृषि समझौता भारतीय किसानों के लिए घातक है। यदि दलहन और डेयरी उत्पादों पर आयात शुल्क घटाया गया, तो सस्ती अमेरिकी फसलों के सामने स्थानीय किसान टिक नहीं पाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि इस समझौते से ग्रामीण अर्थव्यवस्था और दुग्ध उत्पादकों की कमर टूट जाएगी। इस अवसर पर रत्नेश मिश्रा, विनय प्रताप सिंह, अखिलेश पंजाबी और नफीस अहमद आदि रहे।

## शंकराचार्य के खिलाफ दर्ज केस की निष्पक्ष जांच की उठी मांग, कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**सीतापुर, अमृत विचार :** ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के विरुद्ध दर्ज यौन शोषण के मामले को लेकर बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने कड़ा विरोध दर्ज कराया। जिलाध्यक्ष डॉ. ममता वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. को सौंपकर मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग की। जिलाध्यक्ष डॉ. ममता वर्मा ने मांग की है कि केस दर्ज कराने वाले व्यक्तियों की पृष्ठभूमि और उनके संभावित प्रेरकों की स्वतंत्र जांच हो ताकि किसी भी राजनीतिक षड्यंत्र या दुर्भावना का पर्दाफाश हो सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस संवेदनशील मामले में प्रशासन को राजनीति नहीं, बल्कि न्याय' सुनिश्चित करना चाहिए। ज्ञापन सौंपने के दौरान शहर अध्यक्ष शिशिर बाजपेई, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह चौहान, दानिश नकवी, किसान कांग्रेस महासचिव राजेश सिंह तोमर और पूर्व जिलाध्यक्ष विनीत दीक्षित सहित कई प्रमुख नेता उपस्थित रहे। इस दौरान दीपा वैश्य, श्रेष्ठ तिवारी, आजाजुद्दीन अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

## न्यूज ब्रीफ

### छेड़छाड़ से आहत किशोरी ने दी जान

लालगंज: तहसील कार्यालय के पास रेल कोच की इनसर्ट कारखाने में काम करने वाले चार युवकों द्वारा एक किशोरी से छेड़छाड़ से आहत होकर जान देने का मामला सामने आया है। घटना क्षेत्र के एक गांव की है। मृतका के माता-पितालालगंज बाजार गए थे। बेटा स्कूल गया था। घर वापस लौटे तो पुत्री का शव घर के अंदर फांसी पर लटका देखा। दीवार तोड़कर शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारा। सूचना पर पहुंचे कोतवाल प्रमोद सिंह को मौजूद लोगों ने बताया कि मंगलवार को परिजन एक वैवाहिक समारोह में शामिल होने गए थे। घर पर किशोरी अकेले थी। मौका पाकर कारखाने में काम करने वाले चार युवक उसे घर के पीछे खींच ले गए और दुष्कर्म का प्रयास किया था। उसके पिता ने कारखाना के मालिक को फोन कर इसकी जानकारी ली तो उसने सब ठीक करने की बात कही थी। बुधवार की दोपहर किशोरी ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने तत्काल कारखाने में छापा मारकर कुछ लोगों को पूछतांछ के लिए कोतवाली ले गई। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाल प्रमोद सिंह का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी गयी है।

### पत्रकार के पिता के निधन पर शोक

खीरों: खीरों क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार देवगांव निवासी सुशील कुमार यादव (मुन्ना) के पिता रामरतन यादव (84) का बुधवार को सुबह आकस्मिक निधन होने से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों के अनुसार बुधवार को सुबह वह पूर्ण स्वस्थ थे और खेतों की तरफ टहलकर घर वापस पहुंचे। तभी लगभग आठ बजे अचानक उनकी तबियत खराब हुई और जब तक उन्हें अस्पताल पहुंचाया जाता। तब तक वह जिन्दगी की जंग हार चुके थे। गेगासो घाट पर उनका अन्तिम संस्कार किया गया। गोलोकवासी रामरतन यादव अपने पीछे पत्नी शिवदुलारी यादव, पुत्र सुशील कुमार यादव (मुन्ना), सुखेन्द्र यादव (संजय), रामनरेश यादव, बहू सुशीला यादव, संगीता यादव, पोते अनुराग यादव, अभय यादव, अभी यादव, पोती अपेक्षा यादव, आकांक्षा यादव, पोते की बहू आकांक्षा यादव के साथ दीपक, पंकज, रामू, देवेन्द्र, विश्राम, लालू आदि भरापुरा परिवार छोड़ गए हैं।



रामरतन यादव की फाइल फोटो।

### कमला दीक्षित को दी गई श्रद्धांजलि

लालगंज: क्षेत्र के पूरे पुराना गौरा रुपई गांव निवासी हरीशंकर दीक्षित की पत्नी श्रीमती कमला दीक्षित का 14 फरवरी को निधन हो गया था। 25 फरवरी को स्वर्गीय कमला दीक्षित के तेरहवीं संस्कार शांति भोज में पहुंचकर लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी है। इस मौके पर रघुवीर हॉस्पिटल अध्यक्ष रमेश दीक्षित, पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुरसिंह, भाजपा नेता जेपी सिंह, भाजपा प्रांतीय परिषद सदस्य सुशीलशुक्ला, युवा मोर्चा भाजपा पूर्व संयोजक सरेनी पुनीत दीक्षित, अंबुज दीक्षित, हरिशंकर दीक्षित, नीरज दीक्षित, शिवम शुक्ला, अनूप पांडे, निखिल पांडे आदि मौजूद रहे।

### पानी भरने गई युवती से छेड़खानी

लालगंज: कोतवाली लालगंज क्षेत्र के एक गांव में एक बालिका के साथ छेड़खानी और मारपीट की घटना हुई है। मामले की शिकायत करते हुए बालिका की मां उर्मिला पत्नी महेश रावत ने पुलिस को बताया कि उसकी पुत्री बुधवार सुबह नल में पानी भरने गई थी। तभी गांव के व्यक्ति ने छेड़खानी की।

## गूढ़ा रजबहा की पटरी के नवीनीकरण में अनियमितता बरतने का आरोप

शिवगढ़ (रायबरेली)

अमृत विचार। एक करोड़ 50 लाख की लागत से किए जा रहे गूढ़ा रजबहा की पक्की पटरी के नवीनीकरण में ठेकेदार पर अनियमितता बरतने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। गौरतलब हो कि गूढ़ा रजबहा की 10 किलोमीटर पक्की पटरी का नवीनीकरण किया जा रहा है जिसमें मानक के हिसाब से तारकोल व गिट्टी न डालने पर ओसाह के पास ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर मानक के हिसाब सड़क निर्माण कराने की मांग की।

सिंचाई विभाग द्वारा गूढ़ा रजबहे में गूढ़ा से अलीपुर टेल तक पटरी पर पक्की पटरी का नवीनीकरण कराया जा रहा है। जिसकी लागत 1 करोड़ 50 लाख रुपए बताई जा रही है। बुधवार को ओसाह के पास विनय शर्मा, हरकल्प मौर्य, कपिल मौर्य, सम्मन नवाज, निसार, अनिरुद्ध सिंह, निखिल सिंह, निखिल सिंह सहित प्रदर्शन कर रहे दर्जनों लोगों का कहना था कि यदि मानक के हिसाब से सड़क का निर्माण नहीं कराया गया तो जिलाधिकारी से शिकायत करेंगे।

वहीं इस बारे में एक्सईएन मुकेश कुमार ने बताया कि जो भी कार्य हो रहा है मानक के हिसाब से ही हो रहा है यदि ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर आरोप लगाया तो इसकी जांच कराई जाएगी।

## गूढ़ा-चन्दापुर सम्पर्क मार्ग बदहाल, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

शिवगढ़ (रायबरेली)

आक्रोश

- जल्द ही नवीनीकरण कार्य शुरू न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

अमृत विचार। पीएमजीएसवाई विभाग की लापरवाही से वर्षों से जर्जर एवं गड्ढों में तब्दील गूढ़ा-चन्दापुर वाया बेड़ारु सम्पर्क मार्ग का नवीनीकरण पिछले एक साल से अधर में लटका होने से नाराज ग्रामीणों का गुस्सा बुधवार को फूट पड़ा। आक्रोशित ने जोरावर खेड़ा के पास सड़क पर खड़े होकर पीएमजीएसवाई के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। साथ ही जल्द ही नवीनीकरण कार्य शुरू न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

गौरतलब हो कि एक साल पूर्व टेण्डर प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद अभी तक नवीनीकरण शुरू नहीं हो सका। जिसको लेकर क्षेत्र के लोगों में पीएमजीएसवाई विभाग के प्रति गहरा रोष व्याप्त है। जल्द नवीनीकरण शुरू न होने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने जिलाधिकारी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिकायत करने की बात कही है। समाजवादी पार्टी के भौसी सेक्टर प्रभारी श्रवण कुमार का कहना है कि करीब 9 किमी लम्बे गूढ़ा-चन्दापुर वाया बेड़ारु सम्पर्क मार्ग के पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील होने से स्कूली छात्र-छात्राओं एवं राहगीरों को आवागमन में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सोनू हाण्डा का कहना है कि सम्पर्क मार्ग के जर्जर एवं बदहाल होने से राहगीर गड्ढो में गिरकर आए दिन हादसों का शिकार होते रहते हैं। आलम यह है कि सड़क को देखकर यह अंदाजा लगाना मुश्किल हो रहा है कि सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क। जल्द नवीनीकरण कार्य शुरू न होने पर राष्ट्रीय कल्याण मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज कुमार रावत, बंकागढ़ प्रधान दुर्गेश बहादुर, रोहित गौतम, दिनेश यादव आदि लोगों ने जिलाधिकारी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिकायत करने की बात कही है।



बदहाल गूढ़ा-चन्दापुर वाया बेड़ारु सम्पर्क मार्ग के विरोध में प्रदर्शन करते ग्रामीण।

> संबंधित ठेकेदार को भवानीगढ़ सूरजपुर सम्पर्क मार्ग और गूढ़ा-चंदापुर सम्पर्क मार्ग का नवीनीकरण कराना है, जिसमें ठेकेदार ने भवानीगढ़-सूरजपुर सम्पर्क मार्ग पर नवीनीकरण कार्य शुरू करा दिया है, जिस पर काम समाप्त करने के बाद इस सम्पर्क मार्ग पर नवीनीकरण कार्य शुरू करेगा। हर हाल में 31 मार्च तक इस सम्पर्क मार्ग पर नवीनीकरण कार्य पूरा हो जाएगा।
> -ओपी वर्मा, जेई, पीएमजीएसवाई।

# निर्माणकार्य की गुणवत्ता भी सुनिश्चित करें: राकेश

## समीक्षा बैठक: हीलाहवाली पर प्रभारी मंत्री राकेश सचान सख्त, तय समय में कार्यों को पूरा कराने के दिए निर्देश

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ कानून-व्यवस्था की स्थिति एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

प्रभारी मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सर्वे में यह सुनिश्चित कराया जाए कि कोई पात्र लाभार्थी का नाम सर्वे में न छूटें। निराक्षित गोवंश की समीक्षा करते हुए निर्देशित शतप्रतिशत निराश्रित गोवंशों को आश्रित कराया जायें, गोशालाओं में हरे चारे की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए, आवश्यकतानुसार गोवंश आश्रय स्थल का निर्माण कराया जायें। गोवंश सहभागिता योजना के अन्तर्गत लोगों को प्रेरित कर अधिक से अधिक गोवंशों की सुपुर्दगी करायें। आयुष्मान कार्ड की समीक्षा में निर्देश दिये कि कार्य में तेजी लाते हुए शत प्रतिशत पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनवाया जायें। किसानों को सिंचाई हेतु नहरों में टेल तक पानी पहुंचाया जाए, जिससे किसानों को फसल सिंचाई में कोई दिक्कत न हो, किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए विद्युत आपूर्ति भी रोस्टर के अनुसार सुनिश्चित करायी जायें। ग्रामीण क्षेत्रों में जले हुवे ट्रासंफार्मर को 24 से 48 घंटे में रिप्लेश कराया जाए। लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सड़कों की नवीनीकरण/मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए, इसके साथ ही निर्माणकार्य की गुणवत्ता भी सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष में एक माह का समय शेष बचा है सभी विभाग अपने लक्ष्यों की शतप्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करायें, इसके साथ ही शत प्रतिशत प्राप्त बजट का उपयोग समय से कर लिया जाए, वित्तीय वर्ष के निर्माणाधीन कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाए।

जनपद में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु भी विचार विमर्श किया गया तथा निर्देश गये कि जनपद में सभी त्यौहारों को शांतिपूर्ण व सौहार्द पूर्ण ढंग से मनाया जाए, इसके लिए सभी व्यापक प्रबंध किये जाये। सलोन विधायक अशोक कुमार, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता, डीएफओ प्रखर मिश्रा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नवीन चन्द्रा, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार आदि उपस्थित रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक लेते प्रभारी मंत्री राकेश सचान। अमृत विचार

### डीसी एनआरएलएम के निरीक्षण में मिलीं खामियां, अधिकारियों को लगाई फटकार

जगतपुर, अमृत विचार। विकास कार्यों की जमीनी हकीकत परखने के उद्देश्य से बुधवार को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) की डिप्टी कमिश्नर सविता सिंह ने ब्लॉक का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ब्लॉक परिसर में फैली गंदगी और अव्यवस्था देखकर वह खासा नाराज नजर आईं और जिम्मेदार अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। दोपहर लगभग 3 :30 बजे ब्लॉक परिसर पहुंचीं डिप्टी कमिश्नर ने जैसे ही वाहन से उतरकर चारों ओर नजर डाली, परिसर की स्थिति पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा, "यह ब्लॉक परिसर है या कॉलोनी?" उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि सरकारी कार्यालयों में इस प्रकार की लापरवाही और अव्यवस्था कतई स्वीकार्य नहीं है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न अभिलेखों की गहन जांच की तथा योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी योजनाओं का क्रियान्वयन पूर्ण पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से किया जाए। डिप्टी कमिश्नर ने मनरेगा, राज्य वित्त, 13वां एवं 15वां वित्त आयोग, एनआरएलएम तथा प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति का पटलवार अवलोकन किया। कई स्थानों पर कमियां मिलने पर संबंधित कर्मचारियों को तत्काल सुधार के निर्देश देते हुए जवाबदेही तय करने की बात कही।ब्लॉक परिसर में फैली गंदगी पर विशेष नाराजगी जताते हुए उन्होंने साफ-सफाई व्यवस्था तत्काल दुरुस्त कराने और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। खंड विकास अधिकारी प्रवीण कुमार त्रिपाठी, सहायक विकास पंचायत अधिकारी अनिल वर्मा, ग्राम पंचायत अधिकारी अमित सोनकर, अंजलि पांडे, जितेन्द्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

### जिला सहकारी बैंक से जुड़ रहा हर तबका: विवेक

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। जिला सहकारी बैंक सभागार में सहकारिता गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बैंक के संचालकों को शॉल एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान बैंक की उपलब्धियों को बताते हुए आगे भी बेहतर करने की बात कही गई। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह ने सदस्यता महाभियान के अन्तर्गत सहकारिता विभाग एवं बैंक के अधिकारियों द्वारा उत्कृष्ट कार्य किये जाने पर उनका उत्साहवर्धन करते हुए प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों की सराहना करते हुए सभी को अपने कर्तव्यों का पालन करने पर बल दिया। कहा कि बैंक की स्थिति दिनोंदिन बेहतर होती जा रही है। आर्थिक दृष्टिकोण से पहले से हमारा बैंक काफी मजबूत हुआ है। इसका लाभ भी लोगों को मिल रहा है। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष सुशील कुमार शर्मा, वरिष्ठ कोआपरेटर एवं पूर्व निदेशक कुंवर बहादुर सिंह, भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष देवेन्द बहादुर सिंह, निदेशक राकेश प्रताप सिंह, अब्दुल रिजवान, अमरेश सिंह, विवेक कुमार सिंह सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में बैंक शाखाओं के शाखा प्रवन्धक, सहायक विकास अधिकारी सहकारिता एव बी-पैक्स के अध्यक्ष, संचालक, एवं सचिव भी उपस्थित रहे। अंत में मुख्य कार्यपालक अधिकारी बृजेश विश्वकर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।।



समारोह को संबोधित करते हुए जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह।

### जिले में 93 गेहूं क्रय केन्द्र स्थापित

संवाददाता, रायबरेली। रबी विपणन वर्ष 2026-27 में मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के आदेशानुसार जनपद रायबरेली में क्रय एजेंसी खाद्य विभाग के 27 और भाखानि के 05 प्रेषित प्रस्तावों के अनुसार 32 गेहूं क्रय केन्द्रों को खोले जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। जिलाधिकारी द्वारा क्रय एजेंसी खाद्य विभाग के 7, पीसीएफ के 29, पीसीयू के 15, यूपीएसएस के 08 एवं मण्डी परिषद के 02 सहित 61 प्रेषित प्रस्ताव के अनुसार गेहूं क्रय केन्द्रों को खोले जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके तहत तहसील सदर के ब्लाक राही में 15, ब्लॉक अमावां में 05, ब्लाक सतांव में 02 एवं ब्लाक हरचन्दपुर में 05 गेहूं क्रय केन्द्र स्थापित किये गये है। इसी प्रकार तहसील/ब्लाक महराजगंज 11, ब्लॉक शिवगढ़ 03, ब्लॉक बछरावां में 02, तहसील/ब्लाक लालगंज में 03, ब्लॉक सरेनी में 01 ब्लॉक खीरों 01, तहसील/ब्लाक ऊँचाहार में 09, ब्लॉक रोहनियां 01, ब्लॉक जगतपुर 02, तहसील/ब्लाक डलमऊ में 06, ब्लॉक दीनशाहगौरा में 04, तहसील/ब्लाक सलोन में 11, ब्लाक डीह में 04 एवं ब्लाक छतोह में 08 गेहूं क्रय केन्द्र स्थापित किये गये है। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिये है कि गेहूं क्रय केन्द्रों पर गेहूं खरीद से संबंधित समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं तत्काल प्रभाव से पूर्ण कराते हुए शासनादेशानुसार/नियमानुसार समस्त कार्यवाही ससमय पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

### नाचते-झूमते निकलने लगी फाग की टोलियां

छतोह, अमृत विचार। होली के अब चंद दिन ही शेष बचे हैं। ऐसे में फाग टोलियां निकलनी शुरू हो गई। पुलिस भी साथ में चलकर माहौल ना बिगड़ने पाए इसका पूरा ध्यान दे रही है। यह होलिकादहन तक निरंतर चलता रहेगा। चार मार्च को होली का पर्व मनाया जाएगा। फाग गशत डेला महरानी और हसन मिया की कोठी से प्रारम्भ हुआ, जो निर्धारित भार्ग से विचरण करता हुआ मोहल्ला हाता पहुंचा। दोनों फाग गशत निर्धारित मार्ग से शिवनगर, हाता, मोमिनपुरा, खुदगंज हसनमिया की कोठी, कुर्मियाना, हासिमुकुआ, बंगला, दखिन टोला, कोरी टोला, गुडखेत, कायस्थाना होकर पहला होली फाग गशत डेला महारानी पर दूसरा विचरण करता हुआ हसन मियां की कोठी समाप्त हुआ। होली फाग गशत के आयोजक पवन श्रीवास्तव अध्यक्ष श्री राम लीला कमेटी अपने सहयोगी राम तिलक पासी के साथ कमान संभाले हुए थे। होली फाग गशत में बुजुर्ग, युवा, बच्चे नगाड़े की धुन पर थिरक रहे थे। गशत में अंश श्रीवास्तव, राजू सिन्हा, राजू सिन्ह पिंटू सहित कस्बे के लोग शामिल रहे। होली फाग गशत में थाना नसीराबाद के प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार सोनकर पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।



फाग की टोली के साथ में पुलिस कर्मी।

## शादी समारोह में जा रहे हादसे में बाइक सवार की मौत, दूसरा घायल

शिवगढ़ (रायबरेली)

- पाराकला गांव के पास ई-रिक्शा ने मारी जोरदार टक्कर

अमृत विचार। बाइक से शादी समारोह में शामिल होने जा रहे दो लोगों को ई-रिक्शा ने जोरदार टक्कर मार दी। इसमें एक अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। वहीं दूसरा गम्भीर रुप से घायल है।

घटना शिवगढ़ क्षेत्र के पाराकला गांव के पास की है। मंगलवार की देर शाम हरचन्दपुर के कठवारा गांव निवासी छीटूलाल गांव के ही अशोक कुमार के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए भटसरा गांव जा रहे थे। तभी पाराकला गांव के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ई रिक्शा और बाइक की आपस में टक्कर हो गई। टक्कर के बाद आसपास के स्थानीय लोगों ने घायल छीटूलाल को सीएचसी महराजगंज पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उनकी हालत गम्भीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में राहत न मिलने पर उन्हें लखनऊ ट्रामा सेन्टर भेजा गया, जहां ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। वहीं अशोक कुमार का अस्पताल में चल रहा है। वृद्ध की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया, जिनका रो-रोकर बुराहाल है। शिवगढ़ थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि मृतक की पुत्री अंजूलता की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, मामले की जांच प्रताप की जा रही है।



छीटूलाल की फाइल फोटो।

**रंजिशन हुई मारपीट की घटना, लालगंज:** कस्बे के पूरे देवी मोहल्ला में रंजिशन मारपीट की घटना हुई है। घायल रामकुमार ने बताया कि मोहल्ले के ही जगदीश लोधी का उन लोगों से विवाद है, जिसके चलते जगदीश ने उसे बुरी तरह मारा पीटा है। शिकायत करने पर लालगंज पुलिस ने रामकुमार का मेडिकल कराकर मामला दर्ज किया है।

## बसपा विधायक के घर आयकर के छापे पर राज्यमंत्री ने सरकार को कटघरे में किया खड़ा


संवाददाता, रायबरेली

- सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया राजनीतिक बदले की भावना से ग्रसित

अमृत विचार। स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री और रायबरेली से विधान परिषद सदस्य दिनेश प्रताप सिंह के बुधवार को आये एक बयान से सियासी गलियों के सन्नाटे में कयासी बयानबाजी का शोर गूंज उठा। दिनेश सिंह ने बलिया के रसड़ा से बसपा विधायक और अपने समधी उमाशंकर सिंह के घर पर आयकर विभाग के अफसरों द्वारा की गई छापेमारी पर बयान दिया है। राज्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया एकाउन्ट्स पर साझा की गई एक पोस्ट मे सवाल खड़ा किया है कि गंभीर रूप से अस्वस्थ विधायक उमाशंकर सिंह के घर आईटी की रेड होने के पीछे 'आखिर कौन संवेदनहीन राजनेता या संस्था हो सकती है जो ऐसी परिस्थितियों में भी राजनैतिक बदले की भावना से उन्हे पीड़ा देने की सोच सकता है?'

राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह के इस बयान को लेकर राजनैतिक कयासबाजी चरम पर है। कोई उनका मंत्री पद खतरे मे बता रहा है, तो कोई उनके राजनैतिक वजूद पर सवाल खड़े कर रहा है। कयासबाजों का कुछ भी सोच सकते हैं और बोल सकते हैं। चर्चायें रहीं कि मनोज पाण्डेय के घर अमित शाह के जाने के समय से दिनेश सिंह अपमानित महसूस कर रहे थे, इसलिए अब वे फिर दल बदलने वाले हैं। उनका राज्यमंत्री पद छीन लिया जाय, उससे पहले ही वे पार्टी से किनारा कर सकते हैं। ऐसी ही तमाम चर्चाओं ने सियासी गलियों मे हलचल पैदा कर दी, जबकि हकीकत है कि प्रदेश विधानसभा मे बसपा के एकलौते विधायक और अपने सेवा क्षेत्र में लोकप्रिय नेता उमाशंकर सिंह गंभीर रूप से कैंसर से पीड़ित हैं। उनके दो ऑपरेशन हो चुके हैं और लखनऊ के गोमती नगर स्थित अपने आवास में आइसोलेशन में रहकर इलाज करा रहे हैं। उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। चूंकि उमाशंकर सिंह दिनेश प्रताप सिंह के समधी हैं। ऐसे में घर आईटी द्वारा की गई छापेमारी को दिनेश सिंह ही नहीं, हर संवेदनशील व्यक्ति, संवेदनहीन कार्रवाई ही कहेगा।

दिनेश सिंह ने आईटी की रेड के समय पर सवाल उठाये हैं और उमा शंकर सिंह से रिश्तों को लेकर अपने समर्पण का इजहार किया है। उन्होने आई टीम पर अमानवीय व्यवहार करने का आरोप लगाते हुये अपनी पोस्ट मे लिखा कि दो साल से घर में आइसोलेट उमाशंकर सिंह धनार्जन में नहीं अपनी जिन्दगी बचाने में धन व्यय कर रहे हैं। ऐसे में उनके इलाज मे लगी नर्सों व डॉक्टरों को घर जाने से रोकना, जायज कैसे ठहराया जा सकता है। दिनेश सिंह ने कहा कि इस प्रकार की परिस्थितियों में दुर्लभतम अपराधों में भी न्याया पालिका भी दया के आधार पर फैसले कर देती है। उन्होने कहा कि यदि विधायक के साथ कोई अनहोनी हुई तो आईटी विभाग जिम्मेदार होगा।



दिनेश प्रताप सिंह, राज्यमंत्री।

### परीक्षार्थियों ने किया हंगामा



हंगामा कर रहे छात्रों को समझाते पुलिस कर्मी। अमृत विचार

डलमऊ (रायबरेली), अमृत विचार। कस्बे में जगतपुर मार्ग तिराहे पर बुधवार को यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट की परीक्षा के बाद छात्रों ने कथित परीक्षा केंद्र के शिक्षकों द्वारा उत्तर पुस्तिका के पृष्ठ फाड़ने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना पर मौके पर पहुंची डलमऊ पुलिस ने छात्रों को समझा बूझाकर शांत कराया। कोतवाली प्रभारी राघवन सिंह ने बताया कि कस्बे के एक परीक्षा केंद्र के पास छात्रों द्वारा हंगामा करने की सूचना मिली थी। जिस पर मौके पर जाकर छात्रों को समझा बूझाकर घर भेज दिया गया। बताते है कि कुछ छात्रों ने उत्तर पुस्तिका पुस्तिका में अच्छे नंबर के चक्कर कुछ रुपये लगा दिए थे। उनका आरोप है कि तैनात शिक्षकों ने उत्तर पुस्तिका के पृष्ठ फाड़ कर रुपये निकाल लिए। हालांकि पुलिस ऐसी किसी जानकारी से इन्कार कर रही है।

### 40 रोगी मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिह्नित

शिवगढ़ (रायबरेली)। क्षेत्र के पंचायत भवन चितवनियां में शंकरा आई हॉस्पिटल कानपुर द्वारा नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। इसमें हॉस्पिटल की चार सदस्ययीय नेत्र विशेषज्ञ द्वारा डॉ. अनिल के नेतृत्व में 265 नेत्र रोगियों का नेत्र परीक्षण कर 200 से अधिक नेत्र रोगियों को नि:शुल्क नजर के चश्मे वितरित किए गए। वहीं 40 नेत्र रोगियों को मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया, जिन्हें बस द्वारा ऑपरेशन के लिए कानपुर ले जाया गया। शिविर के व्यवस्थापक एवं रिद्धि मेडिकल स्टोर के संचालक राहुल शर्मा ने बताया कि इस वर्ष यह तीसरा नेत्र शिविर आयोजित किया गया है। शिविर में नेत्र परीक्षण के साथ ही साथ नि:शुल्क शुगर तथा बीपी की जांच की गई एवं नजर के चश्मे वितरित किए गए। ताकि जरूरतमंद लाभान्वित हो सके। इस मौके पर नेत्र विशेषज्ञ टीम से सुष्मिता, शरद, संजना, सीपी पाण्डेय, बबलू वर्मा, रामनरेश रावत, रामसजीवन, संतोष सिंह, मिट्ठू आदि लोग उपस्थित रहे।

आक्रोश

अध्यक्ष रमेश सोनकर ने कहा-20 से 25 साल की शिक्षक सेवा देने के बाद थोपी जा रही परीक्षा अनिवार्यता

# काली पट्टी बांध कर शिक्षकों ने पात्रता परीक्षा का किया विरोध

राही (रायबरेली)

अमृत विचार। काली पट्टी बांध कर शिक्षकों ने शिक्षक पात्रता परीक्षा का जमकर विरोध किया। टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलाभेला संग क्षेत्र के समस्त विद्यालयों के शिक्षकों ने काली पट्टी बांध कर अपना विरोध दर्ज कराया। इसके बाद सभी ने शिक्षण कार्य किया।

ब्लाक क्षेत्र राही के अध्यक्ष रमेश सोनकर ने बताया कि 20 से 25 साल की शिक्षक सेवा देने के बाद आज उनपर शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्य रूप से थोपा जा रहा है, जिससे इस श्रेणी में आने वाले सभी शिक्षक काली पट्टी बांध कर अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं। अध्यक्ष ने बताया कि यह विरोध 22 से 25 फरवरी तक का है। यदि सरकार ने समय रहते समस्या का निदान नहीं किया तो 26 फरवरी को विकास भवन में शिक्षक एकत्र हो कर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपेंगे। प्रधानाध्यापक रमेश सोनकर, अनिल कुमार,शादमान, निर्मला, ममता श्रीवास्तव, सुनीता देवी, ममता सिंह आदि मौजूद रहे।




शिक्षक पात्रता परीक्षा का काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन करते शिक्षक। अमृत विचार

### रेल कोच मजदूर संघ ने मुख्य कार्मिक अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

लालगंज (रायबरेली) अमृत विचार। आधुनिक रेल कोच कारखाने की मजदूर संघ के अध्यक्ष आदर्श सिंह बघेल और महामंत्री सुशील गुप्ता ने अपने यूनियन लीडरों के साथ मुख्य कार्मिक अधिकारी को कर्मचारियों से संबंधित ज्ञापन सौंप कार्यवाही किए जाने की मांग की है। मजदूर संघ ने दोपहर में गेट मीटिंग कर कर्मचारियों के सामने भी अपनी मांगे रखकर समर्थन मांगा है। अध्यक्ष आदर्श सिंह बघेल ने बताया कि मांग पत्र में सभी विभागों में खाली पदों पर तत्काल नई भर्तियां किए जाने की मांग दोहराई गई है। एनपीएस/यूपीएस के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को बहाल करने के साथ-साथ पीएलबी बोनस की सीलिंग 7000 से बढ़ाकर 18000 रुपए की मांग की गई है। निजीकरण व आउटसोर्सिंग पर तत्काल रोक लगाने के साथ-साथ रेल कोच में यूनियन स्टाफ कौंसिल के चुनाव कराने की मांग की है। इसके साथ ही रेल कोच में भी अन्य उत्पादन इकाइयों की तरह इंसेंटिव, आवासों में फिक्स बिजली चार्ज, रेल कोच में बढ़ते हुए उत्पादन को देखते हुए कर्मचारियों के अधिक पद स्वीकृत कर भर्ती की भी मांग है। वहीं मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव ने कहा कि ज्ञापन में हुई मांगों के संदर्भ में कार्यवाही की जाएगी।



अधिकारी को ज्ञापन सौंपते मजदूर संघ अध्यक्ष आदर्श सिंह बघेल।

न्यूज ब्रीफ

## दो शराब की दुकानों से लाखों रुपये की चोरी

**अमेठी :** अमेठी कोतवाली क्षेत्र के भेटुआ चौराहे पर बुधवार सुबह चोरी की घटना सामने आई है। यहां एक ही इमारत में स्थित अंग्रेजी व बीयर की मिश्रित दुकान और देशी शराब की दुकान से लाखों रुपये का सामान चोरी हो गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। दोनों दुकानों के विक्रेताओं ने सुबह दुकान खोलने पर ताले टूटे पाए। दुकान के विक्रेता समरनाथ जायसवाल ने बताया कि चोरों ने शराब की बोतलों के साथ 35 हजार रुपये नकद और निगरानी कैमरे का डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर भी पार कर दिया। देशी शराब की दुकान के विक्रेता मोहित सिंह ने पुष्टि की कि शराब के साथ 1200 रुपये के सिक्के और डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर भी चुराए। चोरों ने सुनियोजित तरीके से इस घटना को अंजाम दिया।

## रंगदारी मांगने पर दिनदहाड़े फायरिंग

**अमेठी :** भेंटुआ चौराहे पर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के पास बुधवार को दिनदहाड़े रंगदारी मांगने को लेकर हुई हवाई फायरिंग से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी को तुरंत हिरासत में ले लिया। विद्यालय परिसर की बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य चल रहा था। ठेकेदार प्रदीप सिंह (करेडगांव निवासी) पास की एक चाय की दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान गौरी मिश्र का पुरवा निवासी संदीपन मिश्रा वहां पहुंचा। उसने निर्माण कार्य के एवज में 10,000 रुपये की रंगदारी मांगी। ठेकेदार ने रकम देने से साफ इन्कार कर दिया। इस पर आरोपी ने कथित रूप से जान से मारने की धमकी दी। कुछ देर बाद संदीपन अपने घर से देशी तमंचा लेकर लौटा। उसने ठेकेदार को डराने के उद्देश्य से चाय की दुकान के पास तीन हवाई फायर किए। फायरिंग की आवाज से लोगों में भगदड़ मच गई। आसपास के लोगों ने साहस दिखाते हुए आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया। इसी बीच किसी ने पुलिस को घटना की सूचना दे दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया।

## खेल और शिक्षा से सशक्त होंगे छात्र

**सिंहपुर (अमेठी) :** बुधवार को स्कोर फाउंडेशन, नई दिल्ली के प्रमुख जार्ज अब्राहम अपने सहयोगियों के साथ फूला स्थित जीवन पथ दिव्यांग विद्यालय पहुंचे और दृष्टिबाधित बच्चों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। उनके साथ सहायता संस्था, लखनऊ की अरुणिमा सिंह भी मौजूद रहीं। विद्यालय पहुंचने पर बच्चों ने सिंहनाद और स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। इसके बाद मां सरस्वती और भगवान गणेश की प्रतिमाओं पर दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित किए गए। अपने संबोधन में जार्ज अब्राहम ने अपनी दृष्टिबाधिता, शिक्षा और सामाजिक कार्यों के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने स्कोर फाउंडेशन की स्थापना की और राष्ट्रीय स्तर पर नेशनल क्रिकेट एसोसिएशन का गठन किया। वर्ष 1996 में वर्ल्ड ब्लाइंड क्रिकेट काउंसिल की स्थापना कर 1998 में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता की शुरुआत की। उन्होंने वर्ल्ड ब्लाइंड वीमेन क्रिकेट काउंसिल के गठन और वर्ष 2025 में भारत की जीत का उल्लेख करते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि दृष्टिबाधित व्यक्तियों में कमी आंखों की नहीं, बल्कि सोच की होती है। सही दृष्टिकोण अपनाकर वे शिक्षा, खेल, बैंकिंग, प्रशासन और अन्य क्षेत्रों में सफलता हासिल कर सकते हैं। इस अवसर पर दृष्टिबाधित सहयोगी जितेंद्र कुमार ने भी बच्चों को रोजगार संबंधी जानकारी दी। अंत में बच्चों को उपहार वितरित कर हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया गया।

# दो बाइकों की भिड़ंत में दो युवकों की मौत

## जैनबगंज लेखपड़ा नहर के पास दोपहर को हुआ हादसा, घटना के चलते परिजनों में मचा कोहराम

शुकुल बाजार (अमेठी)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के जैनबगंज लेखपड़ा नहर के पास बुधवार दोपहर करीब 1 बजे दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए और दोनों चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) शुकुल बाजार पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया।

मृतकों की पहचान अलाउद्दीन (25) पुत्र अजीज निवासी शाहपुर किशनी और योगेंद्र सिंह (18) पुत्र विजेंद्र सिंह निवासी पूरे जबर बाहरपुर के रूप में हुई है।


योगेंद्र सिंह व अलाउद्दीन की फाइल फोटो।

पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले में विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना से दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों ने बताया कि अलाउद्दीन मंगलवार शाम को देहरादून से अपने घर आया था। बुधवार को वह गौरीगंज से वापस लौट रहे थे, तभी रास्ते में यह दर्दनाक हादसा हो गया और उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही उनकी पत्नी आफरीन बानो और


हादसे के बाद रोते-बिलखते मृतक के पिता व परिजन। अमृत विचार

80 वर्षीय पिता अजीज सीएचसी पहुंच गए, जहां दोनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों के अनुसार अलाउद्दीन अगले दिन मुंबई वापस जाने वाले थे।बताया गया है कि अलाउद्दीन सात भाइयों में से एक थे। उनकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

### बीएससी का छात्र था योगेंद्र सिंह

पूरे जबर निवासी योगेंद्र सिंह कुछ महीने पहले अहमदाबाद से बीएससी की परीक्षा देने गांव आया था। उसकी परीक्षा हो चुकी थी और वह परिणाम का इंतजार कर रहा था। योगेंद्र तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। बड़े भाई शैलेंद्र और छोटे भाई पुष्पराज गुजरात में रहते हैं, जबकि पिता विजेंद्र सिंह दिल्ली में प्राइवेट नौकरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। बताया जाता है कि योगेंद्र परीक्षा में पास होता या नहीं, इसका फैसला समय करता, लेकिन बुधवार की दोपहर आई मौत से वह जिंदगी की जंग हार गए। मृतक की मां सीमा सिंह और बाबा का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार में मातम पसरा हुआ है।

# द केरला स्टोरी-2 फिल्म में अमेठी के दो गीतकारों की कलम का चला जादू

संवाददाता, अमेठी

उपलब्धि


मनोज मुंतशिर व साहिल सुल्तानपुरी।

**अमृत विचार।** देशभर में चर्चित फिल्म द केरला स्टोरी के बाद अब इसके दूसरे भाग द केरला स्टोरी 2 गोज बेयोंड रिलीज को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। रिलीज से पहले ही फिल्म अपने बोल्ड सब्जेक्ट को लेकर सुर्खियों में है। इसी बीच अमेठी जिले के लिए गर्व की बात सामने आई है। फिल्म में जिले के दो प्रतिभाशाली गीतकारों ने फिल्म मेअपने शब्दों का जादू बिखेरा है।

जानकारी के अनुसार अमेठी के निवासी प्रसिद्ध गीतकार मनोज मुंतशिर और जगदीशपुर के रहने वाले गीतकार साहिल सुल्तानपुरी ने केरल स्टोरी 2 के लिए गाने लिखे हैं। दोनों गीतकारों की ये उपलब्धि जिले का सम्मान का विषय है। फिल्म आगामी शुक्रवार 27 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। दर्शकों को फिल्म का बेसबरी से इंतजार है। रिलीज के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि यह फिल्म दर्शकों की उम्मीदों पर कितनी खरी उतरती है।

वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि अमेठी की प्रतिभाएं हर क्षेत्र मे लगातार राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रही हैं। मनोज मुंतशिर पहले भी कई सुपरहिट फिल्मों में गीत लिख चुके हैं, वहीं साहिल सुल्तानपुरी भी अपने लेखन के लिए पहचान बना रहे हैं। ये फिल्मी इतिहास मे शायद पहली बार है कि जब एक ही जिले के दो गीतकारों ने एक ही फिल्म मे गीत लिखे हैं।

# बहन से बातचीत से खफा भाई ने दोस्तों संग की हत्या, तीन अभियुक्त गिरफ्तार

- टेंट व्यवसायी शरीफ के बेटे का शव मिलने का मामला

संवाददाता, शुकुल बाजार (अमेठी)

**अमृत विचार।** शुकुल बाजार थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह इंटर कॉलेज रोड स्थित नाले के पास टेंट व्यवसायी शरीफ के बेटे शाहिद (23) का खून से लथपथ शव मिलने से सनसनी फैल गई थी। इसी मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल हथियार भी बरामद कर लिया है।

बता दें कि शाहिद के चेहरे और शरीर पर धारदार हथियार के कई वार के निशान पाए गए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। मृतक के पिता शरीफ की तहरीर पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। तहरीर में गुलाम मोहम्मद, सोहेल, इरफान व कफील पर धारदार हथियार से हत्या कर शव झाड़ियों में फेंकने का आरोप लगाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए बाजार शुक्ल थाना पुलिस ने टीम गठित कर छानबीन शुरू की, जिसमे तीन आरोपी निर्दोष पाए गए, जिन्हें परिजनों को सौंप दिया गया। बुधवार को पुलिस ने


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार


### बहन से संपर्क बना हत्या की वजह

पूछताछ में आरोपी सुहेल ने स्वीकार किया कि मृतक शाहिद उसकी बहन सबीना से संपर्क में रहता था। इसी रंजिश के चलते उसने अपने साथी अभिषेक और एक अन्य बाल अपचारी के साथ मिलकर तलवार से शाहिद पर हमला कर उसकी हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपियों ने तलवार को मवैया चौराहे के आगे नाले के किनारे छिपा दिया था। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त तलवार बरामद कर ली है। वारदात में शामिल एक बाल अपचारी को पुलिस निगरानी में लिया गया है।

हत्या में वांछित दो अभियुक्तों सुहेल पुत्र नियाजुद्दीन (23) निवासी पूरे लोहांगी मजरे दक्खिन गांव क्यार तथा अभिषेक पाल पुत्र दान बहादुर पाल (21) निवासी ग्राम मवैया रहमतगढ़ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक सुहेल के कब्जे से एक मोबाइल फोन व बिना नंबर प्लेट की एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल बरामद हुई। वहीं अभिषेक पाल के पास से मृतक का मोबाइल फोन व स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद की गई।

**प्रेम प्रसंग के बाद निकाह फिर अनबन बना विवाद की जड़:** जानकारी के अनुसार वर्ष 2021 में शाहिद पड़ोसी गांव की युवती सबीना को लेकर मुंबई चला गया था। परिजनों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज होने के बाद दोनों वापस लौटे और निकाह कर साथ रहने लगे। बाद में दोनों पानीपत चले गए, जहां आपसी विवाद के चलते शाहिद पत्नी को छोड़कर वापस आ गया। इसके बाद दोनों के बीच तलाक हो गया। वर्ष 2023 में सबीना का निकाह दूसरी जगह हो गया। बताया जा रहा है कि उसी समय से दोनों पक्षों में रंजिश चली आ रही थी, जो अंततः हत्या की वारदात में बदल गई।

# कांग्रेस ने शंकराचार्य की प्रताड़ना के विरोध में सौंपा ज्ञापन


शंकराचार्य की प्रताड़ना के विरोध में ज्ञापन सौंपते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर बुधवार को अमेठी में जिला कांग्रेस कमेटी ने एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित था। इसमें ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्यों के साथ हो रही कथित प्रताड़ना का विरोध किया गया।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि वर्तमान भाजपा सरकार असहमति की आवाजों को दबा रही है। जो भी व्यक्ति या संस्था सरकार की नीतियों पर सवाल उठाती है, उसे प्रताड़ना और दमन का सामना करना पड़ता है। इसी क्रम में सनातन परंपरा के प्रतिष्ठित शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्यों को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है। कुंभ के दौरान मौनी अमावस्या पर उन्हें स्नान से रोका गया। बटुकों की चोटी खींचकर अपमानित किया गया और थाने ले जाकर प्रताड़ित भी किया गया। जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 धार्मिक स्वतंत्रता तथा धार्मिक संस्थाओं के स्वशासन का अधिकार सुनिश्चित करते हैं। ज्ञापन कार्यक्रम में विजय पासी, रामदत्त यादव, प्रवक्ता अनिल सिंह जैसे कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। युवा अध्यक्ष शुभम सिंह, महिला अध्यक्ष ममता पांडेय और ब्लॉक प्रमुख सदाशिव यादव भी उपस्थित थे। सभी ब्लॉक अध्यक्षों और वरिष्ठ पदाधिकारियों सहित सैकड़ों लोग कार्यक्रम में शामिल हुए।

## श्री कृष्ण का मथुरा जाने का किया वर्णन

**अमेठी, अमृत विचार।** रेवड़ा गांव में चल रही श्रीमद भागवत कथा में बुधवार को कथा व्यास ने भगवान श्री कृष्ण और बलराम के गोकुल से मथुरा जाने का बड़ा ही मार्मिक वर्णन किया। कथा में क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही। श्री मद भागवत कथा में कथा व्यास पंडित विनय प्रिय त्रिपाठी मधुकर जी महाराज ने भगवान श्री कृष्ण और


कथा में शामिल श्रद्धालु महिलाएं।

बलराम के द्वारा गोकुल से जाने का बड़ा ही सुन्दर और मार्मिक वर्णन किया। व्यास ने बताया कि भगवान को हीरा जवाहरात नहीं बल्कि निर्मल मन चाहिए। भगवान श्री कृष्ण मात्र ग्यारह वर्ष पचपन दिन की उम्र में जब गोकुल से मथुरा की ओर जाने लगे तो समूचे गोकुल वासियों की अश्रु धारा बह निकली। उधर मथुरा पहुंचने के पहले ही कंस ने मथुरा वासियों को भगवान श्री कृष्ण का स्वागत करने के लिए मना कर दिया था। कंस के रोकने के बावजूद भगवान श्री कृष्ण और भगवान बलराम का बाल रूप देखने के लिए घर की महिलाएं अट्टालिकाओं पर चढ़कर दर्शन के लिए लालायित थीं। इस मौके पर गया प्रसाद तिवारी,प्रदीप कुमार तिवारी,सत्य प्रकाश,विजय दीप,इंद्रभान तिवारी, निशांत,ईशांत,राजा, धर्मेन्द्र आदि रहे।

## सड़क की मरम्मत के नाम पर महज खानापूर्ति

**महराजगंज (रायबरेली) अमृत विचार।** गड्ढा मुक्त उत्तर प्रदेश सरकार के दावों को धता बताते हुए नहर विभाग के ठेकेदार अपनी मनमानी पर उतारू हैं। ताजा मामला गूढ़ा रजबहा से निकली ओसाह माइनर पर बने मार्ग का है, जहां मरम्मत के नाम पर सिर्फ औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए नाराजगी जताई है। सिंचाई विभाग द्वारा सेहगों हेड से धौकलगंज अलीपुर टेल तक लगभग 18 किलोमीटर लंबी सड़क की मरम्मत कराई जा रही है। इस कार्य के लिए शासन द्वारा 1 करोड़ 50 लाख रुपये का बजट आवंटित है। इसके बावजूद, धरातल पर गुणवत्ता शून्य नजर आ रही है। स्थानीय ग्रामीण मरम्मत कार्य की गुणवत्ता को लेकर विनय शर्मा, हरिकल्प मौर्य, कपिल मौर्य, समस्नवाज, निसार अहमद, अनिरुद्ध सिंह, प्रेम मौर्य, रिजवान और निखिल सिंह समेत दर्जनों ग्रामीणों ने मौके पर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि कार्य की गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ, तो वे उच्चाधिकारियों से इसकी शिकायत करेंगे। मरम्मत कार्य की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि कार्य की गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ, तो वे उच्चाधिकारियों से इसकी शिकायत करेंगे। का कहना है कि ठेकेदार मानकों की अनदेखी कर केवल खानापूर्ति कर रहे हैं। सड़क पर डाले गए पैच इतने कमजोर हैं कि बनने के साथ ही उनकी गिट्टियां उखड़ने लगी हैं। यह सड़क एक महीने भी नहीं टिक पाएगी। राहगीर पहचान भी नहीं पा रहे कि सड़क को गड्ढा मुक्त किया गया है या नहीं।अधिशाषी अभियंता मुकेश कुमार का कहना है कि यदि मरम्मत में मानकों की अनदेखी हुई है, तो मार्ग की जांच कराकर दोबारा मरम्मत सुनिश्चित की जाएगी।

## तीसरे दिन अधिवक्ताओं ने कामकाज रखा ठप

**लालगंज (रायबरेली)।** साथी पर हमले के विरोध में अधिवक्ताओं ने तीसरे दिन भी कामकाज ठप रखा। बैसवारा अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र नाथ ने बताया कि सोमवार को लालगंज नगर के पूरे देवी मोहल्ले में मारपीट की घटना हुई थी जिसमें अधिवक्ता शेर बहादुर के ऊपर कातिलाना हमला किया गया था। पीड़ित कोतवाली अपनी शिकायत करने पहुंचे तो उल्टे उन्हें लॉकअप में बंद कर दिया गया। देर शाम उनका मेडिकल कराया गया। वकील के साथ हुई घटना को लेकर बुधवार को भी नारेबाजी के साथ तहसील के अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया। कहा कि अगर शेर बहादुर का मुकदमा दर्ज नहीं हुआ और झगड़ा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो अधिवक्ता अनिश्चितकालीन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। महामंत्री सुरेश कुमार निगम ने बताया कि अधिवक्ताओं ने मामले के संदर्भ में एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी लालगंज को सौपा है और कार्यवाही किए जाने की मांग की है। अधिवक्ताओं का कहना है कि एक तो अधिवक्ता की एफआईआर नहीं लिखी गई दूसरे घायल अवस्था मे लॉकअप में डालना निश्चित रूप से लोकतंत्र के खिलाफ है। अधिवक्ताओं ने शेर बहादुर को लॉकअप में डालने को लेकर पुलिस की निंदा की है। इसके अलावा संगठन ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, पुलिस अधीक्षक रायबरेली सहित अन्य उच्च अधिकारियों को भी ज्ञापन भेजा है। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेश त्रिवेदी, ज्योतिरेंद्र मिश्रा, अशोक शुक्ला, विनोद मौर्य, राजबहादुर मौर्य, दल बहादुर सिंह, शिव शंकर पांडे, केपी सिंह, मत्स्येंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## सेमरौता कस्बे में दंगल प्रतियोगिता आयोजित

**सिंहपुर (अमेठी )अमृत विचार।** विकास खंड क्षेत्र के कस्बा सेमरौता में महाबली दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 45 मिनट की कुश्ती के बाद शोयब लखनऊ और सूरज झबरा को संयुक्त दंगल विजेता मान लिया गया। 5 हजार रुपए के इनाम वाली कुश्ती में इनाम बराबर बांट दिया गया। कुश्ती प्रतियोगिता में रायबरेली, लखनऊ, बनारस, गोंडा और अयोध्या के साथ कई जनपदों के नामचीन पहलवान अपना दमखम दिखाने उतरे। दंगल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान सेमरौता देवी शरण बाजपेई और दंगल अध्यक्ष राजेश पाण्डेय ने पहलवानों से मुलाकात कर कुश्ती का शुभारंभ किया। दंगल का आयोजन विश्वनाथ पांडेय ने किया था। मुख्य अतिथि देवी शरण बाजपेई ने कहा कि कुश्ती बहुत प्राचीन खेल में आता है इस खेल के माध्यम से देश विदेश में नाम पैदा किया जा सकता है। दारासिंह जैसे नाम इस खेल के माध्यम से विश्व में विख्यात हुए है। विशिष्ट अतिथि कौशलेन्द्र सिंह बंटी के साथ ही आशीष मिश्रा, राजेश पाण्डेय, पन्ना सिंह, गोपी बाजपेई, मनीष चौहान आदि मौजूद रहें। रेफरी की भूमिका बृजेश मिश्रा और कमेंट्री श्यामू सिंह ने की।

## किशोरियों के टीकाकरण की तैयारी तेज

**रायबरेली, अमृत विचार।** जिले में किशोरियों को सर्वाइकल (गर्भाशय) कैंसर से बचाव के लिए ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान शीघ्र शुरू किया जाएगा। इस संबंध में बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय स्थित एएनएमटीसी में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन चंद्रा ने बताया एचपीवी वैक्सीन का शुभारंभ संभवतः अगले सप्ताह प्रधानमंत्री जी द्वारा किया जा सकता है, जिसके उपरांत जनपद में अभियान प्रारंभ होगा। उन्होंने बताया कि सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा प्रमुख कैंसर है। एचपीवी टीकाकरण जिला महिला अस्पताल सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) पर किया जाएगा। यह सिंगल डोज टीका होगा। उन्होंने बताया कि अभियान के प्रारंभिक तीन महीनों तक टीकाकरण सप्ताह के सभी कार्यदिवसों में संचालित किया जाएगा। इसके बाद यह टीका नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को पूरे वर्ष उपलब्ध रहेगा।प्रशिक्षण में डा राकेश कुमार यादव अर्बन नोडल, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अंजली सिंह, डा सी लाल, वन्दना त्रिपाठी डीएमसी यूनिसेफ आदि रहे।

# मांगों को लेकर भारतीय मजदूर संघ का प्रदर्शन

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** भारतीय मजदूर संघ जनपद अमेठी ने विरोध दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अमेठी के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री, केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपकर श्रमिकों की विभिन्न समस्याओं को उठाया। संगठन ने कहा कि देश और प्रदेश के विकास में श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाना चाहिए। ज्ञापन में युवाओं को व्यापक स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने, श्रम कानूनों में श्रमिक हित में सुधार करने तथा कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) की न्यूनतम पेंशन 1000 रुपये से बढ़ाकर 7500 रुपये प्रतिमाह करने की मांग की गई। साथ ही ईपीएस के अंतर्गत वेतन सीमा 15000 से बढ़ाकर 30000 रुपये करने की मांग भी उठाई गई।

संगठन ने आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सरकारी कर्मचारी घोषित करने, एनएचएम कर्मियों और श्रमजीवी पत्रकारों को सामाजिक सुरक्षा व बीमा सुविधा देने तथा बैंकिंग क्षेत्र में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने की मांग रखी। विरोध कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अजीत सिंह, जिला मंत्री मनमोहन, बीएचईएल इकाई के महामंत्री भालेंदु जी, जिला उपाध्यक्ष महेश कुमार, अनिल, रोडवेज उद्योग से संजय तिवारी तथा बैंक ऑफ बड़ौदा से अखिल राज द्विवेदी रहे।

# अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, 3 की मौत

जगतपुर (रायबरेली)

**अमृत विचार।** रायबरेली से जगतपुर की ओर जा रही एक तेज रफ्तार कार भदोखर थाना क्षेत्र के अंतर्गत फतेहपुर मोहलिया के पास अनियंत्रित होकर नहर किनारे पेड़ से जा टकराई। हादसा इतना भीषण था कि कार सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

मृतकों की पहचान धनंजय सिंह (32) पुत्र अशोक सिंह निवासी दौलतपुर, आशुतोष मौर्या (35) पुत्र चंद्रभान निवासी अलीगंज डिहवा तथा संदीप सिंह (35) पुत्र तेजभान सिंह निवासी प्रहरी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि कार रायबरेली से जगतपुर की तरफ जा रही थी। फतेहपुर मोहलिया के पास अचानक


हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार

- भदोखर थाना क्षेत्र के फतेहपुर मोहलिया के पास हुआ हादसा

चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा, जिससे कार सीधे पेड़ से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए।

स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगतपुर पहुंचाया, जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ. लाईक अहमद ने परीक्षण के बाद बताया कि तीनों की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

आयोजन

हमारा आंगन हमारे बच्चे" कार्यक्रम में निपुण बच्चों ने बिखेरा जलवा

# उत्सव में प्रतिभाओं की गूंज, शिक्षा-संस्कार का दिया संदेश

शिवगढ़ (रायबरेली)

**अमृत विचार।** कम्पोजिट विद्यालय गूढ़ा में "हमारा आंगन हमारे बच्चे" उत्सव का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ शिवगढ़ ब्लॉक प्रमुख कुंवर हनुमन्त प्रताप सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार मिश्रा और प्रधानाध्यापिका हिमांशी सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण से किया गया।

निपुण विद्यार्थियों ने सरस्वती वन्दना, स्वागत गीत और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से शमां बांध दी। बच्चों की प्रस्तुति पर अभिभावकों और अतिथियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उत्साहवर्धन किया।


हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव में मौजूद शिक्षक-शिक्षिकाएं।


कार्यक्रम में बनी रंगोली को देखते अतिथि। अमृत विचार

ब्लॉक प्रमुख कुंवर हनुमन्त प्रताप सिंह ने कहा, "ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में अपार प्रतिभा है, जरूरत सिर्फ उन्हें मंच देने की है। ऐसे कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास को नई उड़ान देते हैं।" खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि निपुण भारत मिशन के तहत बच्चों की बुनियादी शिक्षा को मजबूत करना हमारी प्राथमिकता है। विद्यालय का यह प्रयास सराहनीय है। प्रधानाध्यापिका हिमांशी सिंह ने कहा हमारा उद्देश्य बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ संस्कार और रचनात्मकता का वातावरण देना है। कार्यक्रम में पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष सुरेंद्र वर्मा, एआरपी विनय मिश्रा, रामू, बृज किशोर वर्मा, धर्मेंद्र सिंह, अनिल कुमार, मोहम्मद इमरान, मालती देवी, राजेंद्र बाजपेई, सुकीर्ति आदि उपस्थित रहे।

**हमारा आंगन-हमारे बच्चे कार्यक्रम में बच्चे हुए सम्मानित, डलमऊ:** ब्लॉक संसाधन केंद्र डलमऊ में हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुभारंभ प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी दीक्षा मिश्रा और खंड शिक्षा अधिकारी नंदलाल रजक के द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के पूजन अर्चन के साथ किया गया। इसमें बेहतर प्रदर्शन करने पर बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में नवनियुक्त एआरपी वीरेंद्र सिंह और एआरपी राजेश सिंह ने नई शिक्षा नीति 2020 के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के संयोजक खंड शिक्षा अधिकारी नंदलाल रजक ने बताया कि जनपद में अकादमी स्तर पर डलमऊ प्रथम स्थान पर रहता है और हम सबको यह स्तर बनाए रखना है। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष योगेश सिंह, सत्येश सिंह, यादवेंद्र प्रताप सिंह, सियाराम सोनकर, बृजेश बाजपेई, मो. इरफान, शैलेंद्र प्रताप सिंह, विजय मौर्य, शैलेंद्र चौधरी, शिव बहादुर भारती, अवनीश श्रीवास्तव, विकास सिंह, राजेंद्र शुक्ल आदि मौजूद रहे।

# अमृत विचार

गुरुवार, 26 फरवरी 2026




हे उज्ज्वल तारा, काश मैं भी तेरे समान स्थिर होता।

–जॉन कीट्स, अंग्रेजी कवि



## सेवा केंद्रित शासन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक का 'सेवा तीर्थ' परिसर में आयोजन प्रतीक और संदेश दोनों दृष्टियों से महत्वपूर्ण है। यह बैठक ऐतिहासिक कही जाएगी, क्योंकि सरकार ने बैठक के स्थान और संकल्प दोनों को शासन को सत्ता-केंद्रित नहीं, सेवा-केंद्रित बनाने के महत्वपूर्ण वैचारिक फ्रेम में रखा। 'नागरिक देवो भवः' और 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' की तीव्र गति जैसे वाक्यांश प्रशासनिक आचरण के लिए सार्वजनिक प्रतिज्ञा के बतौर स्थापित हुए, हालांकि पूर्ववर्ती सरकारें अपना जो भी निर्णय लेती थीं, जनहित में ही लिया हुआ बताती थीं, किंतु इस तरह का औपचारिक, मूल्य-आधारित संकल्प सार्वजनिक रूप से दोहराना जवाबदेही को संस्थागत रूप देने का आश्वस्तकारी प्रयास लगता है, विशेषकर उस समय जब 2047 तक भारत को शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने का लक्ष्य रखा गया हो।

वर्तमान वृद्धि दर, पूंजीगत व्यय, डिजिटलीकरण और विनिर्माण प्रोत्साहन के आधार पर यह लक्ष्य असंभव नहीं, पर बहुत सरल भी नहीं। 6 से 8 प्रतिशत की सतत आर्थिक वृद्धि, रोजगार सृजन और उत्पादकता-वृद्धि की निरंतरता इसके लिए अनिवार्य होगी। 'सेवा तीर्थ' को यदि ऐसे गवर्नेंस इंफ्रास्ट्रक्चर अथवा तंत्र का रूप दिया जाए, जहां प्रक्रियाएं सरल, पारदर्शी और समयबद्ध हों, तो यह गतिशीलता ला सकता है, परंतु प्रतीक से अधिक महत्वपूर्ण क्रियान्वयन है, जिसकी असली कसौटियां सिंगल-विंडो क्लियरेंस, समयसीमा-आधारित सेवा वितरण और डेटा-आधारित फैसले होंगे। सरकार का यह विश्वास दिलाना कि पारदर्शी, उत्तरदायी और नागरिक संवेदनाओं के प्रति सजग गवर्नेंस मॉडल को और अधिक मजबूती दी जाएगी, स्वागत योग्य है। केरल का नाम 'केरलम्' करने के प्रस्ताव का सांस्कृतिक आयाम अधिक है। नाम-परिवर्तन पहचान और भाषा-गौरव से जुड़ा होता है, इसका आर्थिक प्रभाव प्रशासनिक लागत और ब्रांडिंग-संगति का ध्यान रखा जाए तो भी सीमित रहता है। राज्यों के नाम उनकी भाषानुरूप बदलना बेहतर है, पर बुनियादी ढांचे, सुरक्षा व सेवाओं की बेहतरी पर भी ध्यान देना आवश्यक है। इतिहास बताता है कि जिन राज्यों या शहरों के नाम बदले गए, वहां सार्थक आर्थिक परिवर्तन नाम से नहीं, नीतियों से आए। रेलवे की तीन बड़ी परियोजनाओं की मंजूरी से संबंधित क्षेत्रों में लॉजिस्टिक्स लागत घटेगी, औद्योगिक क्लस्टर जुड़ेंगे और माल ढुलाई बढ़ेगी। रेलवे को यात्री-आधारित आय से आगे बढ़कर माल-राजस्व सुदृढ़ करने का अवसर मिलेगा। पावर सेक्टर सुधार डिस्कॉम दक्षता, स्मार्ट मीटरिंग और ग्रिड आधुनिकीकरण दीर्घकाल में वित्तीय घाटे कम करेंगे और उद्योग को पर्याप्त बिजली देंगे, जो निवेश आकर्षित करने में सहायक होगी। श्रीनगर हवाई अड्डे पर सिविल एनक्लेव और इंटीग्रेटेड टर्मिनल से यात्री-क्षमता, सुरक्षा और कनेक्टिविटी बढ़ेगी। पर्यटन, व्यापार और आपात सेवाओं को लाभ मिलेगा, स्थानीय रोजगार भी सृजित होगा। कच्चे जूट की एमएसपी को 5,925 रुपये करने से पूर्वी भारत, विशेषकर पश्चिम बंगाल, असम और बिहार के जूट किसानों को सीधा लाभ होगा, हालांकि इसका लाभ तभी है जब प्रसंस्करण उद्योग और निर्यात मांग समानांतर बढ़ें; अन्यथा सरकारी खरीद का बोझ और भंडारण-चुनौतियां बढ़ेंगी।

### प्रसंगवश

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में मानवीय अस्तित्व

कुछ साल पहले तक जब हम रोबोट या मशीन इंटेलिजेंस की बात करते थे, तो लोग मुस्कुराते हुए कहते थे, 'यह सब फिल्मों की बातें हैं, लेकिन आज वही कल्पना हमारे घर की दहलीज पर खड़ी है। चैट जीपीटी से लेकर जैमिनी तक, डाले-इ से लेकर सोरा तक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने न सिर्फ हमारी दुनिया बदल दी है, बल्कि यह सवाल भी खड़ा कर दिया है कि इस तूफान में इंसान की जगह कहां होगी? आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कोई एक दिन में नहीं आई।

इसकी जड़ें 1950 के दशक में एलन ट्यूरिंग के उस सवाल में हैं, 'क्या मशीन सोच सकती है?' दशकों की मेहनत, असफलताओं और शोध के बाद आज हम उस मुकाम पर खड़े हैं, जहां मशीन न सिर्फ सोच रही है, बल्कि लिख रही है, बना रही है, संगीत रच रही है, डॉक्टरी कर रही है और कानून समझा रही है। यह सिर्फ तकनीकी क्रांति नहीं, यह एक सभ्यतागत बदलाव है।



डॉ. सुनिधि मिश्रा

शिक्षाविद्

एआई लाखों डेटा पॉइंट्स से सीखती है, पैटर्न पकड़ती है और जवाब देती है, लेकिन वह 'महसूस' नहीं करती। एक मां की आंखों में जो ममता है, एक दोस्त की बांहों में जो सुकून है, एक शिक्षक के शब्दों में जो प्रेरणा है, यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कभी नहीं दे सकती। सहानुभूति, रचनात्मकता, नैतिक निर्णय, आध्यात्मिक गहराई ये वो चीजें हैं, जो इंसान को इंसान बनाती हैं। एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कविता लिख सकती है, लेकिन उस दर्द को नहीं जी सकती, जिससे कविता जन्म लेती है।

एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस किसी मुकदमे में तर्क दे सकती है, लेकिन न्याय और अन्याय के बीच की वो बारीक रेखा, जो इंसानी विवेक खींचता है, वह उसके बस की बात नहीं है। यही वो जगह है, जहां इंसान अपरिहार्य है, अपूरणीय है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिर्फ नौकरियों का ही खतरा नहीं है। डीप फेक के जरिये किसी का भी चेहरा किसी और के शरीर पर लगाया जा सकता है और यह राजनीतिक हथियार बन चुका है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा उत्पन्न ग़लत सूचना यानी झूठी खबरें इतनी तेजी से फैल रही हैं कि सच और झूठ का फर्क करना मुश्किल हो गया है। निगरानी के नाम पर सरकारें और कंपनीज़ हमारी हर हरकत ट्रैक कर रही हैं।

सबसे गहरा खतरा शायद यह है कि हम खुद को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर इतना निर्भर कर लें कि अपनी सोचने की शक्ति खो बैठें। जब गूगल मैप्स से पहले रास्ता याद करना पड़ता था, तब हमारी याददाश्त तेज थी। जब कैलकुलेटर नहीं था, तब हम जोड़-घटाव खुद करते थे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ खतरा यह है कि हम अपना विवेक, अपना निर्णय, अपनी स्वायत्तता सब मशीन को सौंप दें। भारत के पास इस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्रांति में एक अनूठा मौका है। हमारे पास दुनिया का सबसे बड़ा युवा वर्ग है, एक विशाल डेटा बाजार है और इसरो, आईआईटी जैसे संस्थान हैं जो तकनीकी नवाचार की नींव रख चुके हैं। सरकार का भारत ए.आई. मिशन और डिजिटल बुनियादी ढाचा, यूपीआई, आधार, डिजिटल इंडिया यह दर्शाते हैं कि हम तैयार हो रहे हैं।

जरूरत है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शिक्षा सिर्फ आईआईटी आईआईएम तक सीमित न रहे। गांव-गांव तक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की समझ पहुंचे। किसान आर्टिफिशियल इंटेलिजें से मौसम जानें, मछुआरा समुद्री तूफान से बचे और छोटा दुकानदार अपने ग्राहकों को बेहतर सेवा दे, यही असली डिजिटल भारत होगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को एक औजार की तरह इस्तेमाल करें।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

## होली आई रे... पहाड़ में आशा, आकांक्षा और उमंग के रंग





अमित शर्मा

हल्द्वानी

कुमाऊनी होली की बात करें, तो बसंत से इसकी शुरुआत हो चुकी है, जो फागुन की पूर्णिमा तक अपने विविध रंग बिखेरेगी। यहां होली शीतकाल के अंत और नई फसल बोने के मौसम की शुरुआत का प्रतीक भी मानी जाती है।

देवभूमि उत्तराखंड, जैसा नाम वैसा ही स्वरूप। यहां के देवतुल्य निवासी भी हर पर्व और त्योहार को देवी-देवताओं को अर्पण करते हुए चलते हैं। इस पर्वतीय राज्य में पर्वों, त्योहारों और उत्सवों की परंपराएं और मान्यताओं की जड़ें पर्यावरण से भी गहरी जुड़ी हुई हैं। अब रंगों का त्योहार यानी होली पर्व को ही ले लीजिए। ये सतरंगी पर्व तो ऐसा है, जो पहाड़ में आशा, आकांक्षा, उत्साह और उमंग के रंग भर जाता है।

पर्यावरण से जुड़े उत्सवों की बात इसलिए की, क्योंकि यहां तो हर पर्व जीवंत है। उसमें संस्कृति और संस्कारों के निर्दोष रंग भरे होते हैं। अपने आप में जीवन की मधुरता और सरलता को समेटे हुए हैं। फिर चाहे वह हरेला, बसंत पंचमी या फिर उत्तरायणी हो। हर त्योहार के यहां अपने रंग हैं और अपने ढंग हैं, लेकिन समानता एक ही है कि यह प्रकृति और विशुद्ध प्रेम को समर्पित रहते हैं। अब मौका होली पर्व का है, जिसका कुमाऊं और गढ़वाल में अंदाज जुदा है, तो कुमाऊं गढ़वाल में पारंपरिक होली का रंगरूप मैदानी क्षेत्रों से अलग और अनोखा है।

यहां होली का पर्व महज कुछ घंटों का नहीं, बल्कि गीत-संगीत की अमूल्य विरासत को सच्चे मोती की माला की तरह जीवन के रंगों में पिरोए हुए है, दरअसल यहां होली पर्व मुख्य रूप से संगीत, लोक गीत, शास्त्रीय राग-रागिनियों और सामूहिक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। अबीर-गुलाल के रंग का प्रचलन सदियों पुराना है और अतीत में पानी से होली खेले जाने की परंपरा देवभूमि में नहीं रही है, इसलिए इस त्योहार को पुराने समय से हम पर्यावरण के हित में मानते आए हैं, हालांकि देवभूमि में इसका प्रारंभ चंद राजाओं के समय से माना है। बसंत पंचमी से होली के रंग बैठकी होली के साथ जमने शुरू हो चुके हैं।

कुमाऊनी होली की बात करें, तो बसंत से इसकी शुरुआत हो चुकी है, जो फागुन की पूर्णिमा तक अपने विविध रंग बिखेरेगी। यहां होली शीतकाल के अंत और नई फसल बोने के मौसम की शुरुआत का प्रतीक भी मानी जाती है। मैदानी इलाकों से कुछ अलग हटकर इसलिए कि कुमाऊंनी होली की विशेषताओं में जहां बैठकी होली शास्त्रीय और अर्ध-शास्त्रीय होती है, जिसमें लोग घर में बैठकर राग-रागिनियों पर आधारित होली गीत गाते हैं। इसमें हारमोनियम, ढोलकी आदि वाद्ययंत्रों से होली गीतों में साज और सुरों का रंग भरता है। इन गीतों में कुमाऊनी लोक रचनाएं खासकर शामिल होती हैं।

बैठकी होली के बाद खड़ी होली का आयोजन शुरू हो जाता है, हालांकि वर्तमान में खड़ी होली का प्रचलन अधिक लोकप्रिय रहा है, जो इस समय बेहद लोकप्रिय है और इसका आरंभ भी हो चुका है। खड़ी होली में होल्यारों के दल में कई लोग शामिल होते हैं। इनकी पोशाक होल्यारों की पहचान कराती हैं, जिसमें सफेद टोपी, सफेद कुरता और पायजामा पहनकर होली गाते हुए होल्यार निकलते हैं और ढोल, दमाऊ, हुड़का और ढोलकी की थाप पर लोक गीत गाते हुए घर-घर जाते हैं। खड़ी होली में नाच और गाना साथ-साथ चलता है। सामूहिक नृत्य भी होली में शामिल होता है।

होली के कई गीतों में ब्रज की झलक मिलती है। दरअसल, होली का प्रचलन तो ब्रज से शुरू हुआ था, जिस कारण ब्रज की झलक रहती है। इसके अलावा स्थानीय देवी-देवताओं, भगवान शिव और रामायण का जिक्र भी किया जाता है। होली पर्व का अंत आशीष वचन यानी आशीर्वाद के साथ होता है, जबकि कुछ हिस्सों में राम नवमी तक यह उत्सव मनाया जाता है। गढ़वाल की बात करें, तो यहां होली का इतिहास और परंपरा कुमाऊं से कुछ अलग और पुराना माना जाता है। गढ़वाल में होली को होरी कहा जाता है।

कुछ स्थानीय मान्यताओं और लेखों में गढ़वाल को होली का जन्म स्थान माना जाता है, खासकर जोशीमठ क्षेत्र से, जहां इसे सतयुग में ब्रह्मा-विष्णु-महेश की होली से जोड़ा जाता है। वर्तमान में शास्त्रीय या संगीतमय रूप में गढ़वाल की होली का अतीत 200 से 300 वर्ष पुराना माना जाता है, हालांकि कुछ दावे इसे कुमाऊं से सैकड़ों साल पुराना बताते हैं। गढ़वाल में होली का स्वरूप पहले सरल हुआ करता था, लेकिन हाल के दशकों में कुमाऊनी बैठकी और खड़ी होली का प्रभाव बढ़ा है।

पर्वतीय संस्कृति ने होली पर्व को संगीत व लोकगीत के जरिए व्यापक रूप प्रदान किया है। होली पर्व मुख्य रूप से प्रह्लाद होलिका कथा से जुड़ा हुआ है, लेकिन पर्वतीय संस्कृति ने होली पर्व को संगीत व लोकगीत के जरिए व्यापक रूप प्रदान किया है। साथ ही, पर्यावरण और कृषि चक्र से जोड़ दिया है। वर्तमान में होली पर्व मनाने के लिए पलायन कर चुके लोग भी पहुंचते हैं। होली का पर्व देवभूमि की सांस्कृतिक धरोहर का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो रंगों से ज्यादा गीतों और भावों में एकता के साथ मनाया जाता है।

बात पर्यावरण हित की हो रही है, तो यह बताना भी लाजिमी है कि यहां ज्यादातर पक्के रंगों से होली खेलने से बचा जाता है और प्रकृति के अनुरूप हितकारी रंग-गुलाल का प्रयोग किया जाता है। कुमाऊं और गढ़वाल के अधिकांश हिस्सों में होली के प्रमुख रंगों में से एक बुरांश के फूलों से गुलाल बनाया जाता है। इसके अलावा किसमिस के फूलों से गुलाल तो गेंदे और आकरोट के फूलों से बनाया रंग प्रयोग किया जाता है। वहीं, कंडाली बिच्छू घास से बने रंग को शरीर एवं चेहरे पर चमक लाने के लिए गुणकारी बताया जाता है। यह पूरी तरह से हर्बल होता है और इसका कोई साइड इफैक्ट भी नहीं माना जाता।

बात होली की हो और रंगों के साथ जायके का तड़का न लगे। आलू के गुटके, चावल से बने चिप्स, सूजी के सिंगल, भांग की चटनी, गुलथिया, अरसा, रस्मी बड़ी और भरवां गहत चपातियां, ये ऐसे होली व्यंजन हैं जो होली के उल्लास भरे पर्व को यादगार बना देते हैं। घर-घर में आयोजित होने वाली महिला बैठकी होली में आलू और भांग की चटनी होली के स्वांग में स्वाद का खास पहचान है।

### आमने सामने



मुझे उम्मीद है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी अपनी इज़राइल यात्रा पर नेसेट को संबोधित करते हुए गाजा में हजारों बेगुनाह पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के नरसंहार का ज़िक्र करेंगे और उनके लिए न्याय की मांग करेंगे। हमें दुनिया को सच्चाई, शांति और न्याय कीरोशनी दिखाते रहना चाहिए।

–प्रियंका गांधी, कांग्रेस नेता

प्रियंका को सात अक्तूबर को इजराइल में हुए हमलों की याद नहीं है। 1200 से ज्यादा निर्दोष लोगों की हत्या और महिलाओं के अपहरण व अत्याचार की निंदा करने का नैतिक साहस प्रियंका में नहीं है।

–गौरव भाटिया

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता



## खेतों की मेढ़ पर खड़ा 'ग्लोबल वार्मिंग' का सच



पंकज चतुर्वेदी

वरिष्ठ पत्रकार

फरवरी का महीना आमतौर पर गुलाबी ठंड और बसंत की मंद बयार का प्रतीक माना जाता है, लेकिन साल 2026 की यह फरवरी डराने वाली है।

प्रकृति के कैलेंडर में फरवरी का महीना आमतौर पर गुलाबी ठंड और बसंत की मंद बयार का प्रतीक माना जाता है। यह वह समय होता है, जब रबी की फसलें और आम के बगीचे अपने पूर्ण यौवन पर होते हैं, लेकिन साल 2026 की यह फरवरी डराने वाली है। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर, औरैया और बुंदेलखंड के पठारों से लेकर बिहार के कैमूर और समस्तीपुर तक, सूरज की तपिश ने समय से पहले ही मार्च के अंत वाले रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। फरवरी के मध्य में ही देश के एक बड़े हिस्से में पारा 30 से 32 डिग्री सेल्सियस के पार जा चुका है, जो सामान्य से करीब 5 से 7 डिग्री अधिक है। यह केवल एक मौसमी उतार-चढ़ाव नहीं है, बल्कि 'ग्लोबल वार्मिंग' का वह क्रूर चेहरा है, जो सीधे हमारी थाली और देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर प्रहार कर रहा है। हालिया समाचार और कृषि विश्वविद्यालयों के आंकड़े गवाही दे रहे हैं कि भारत में 'सर्दियों का संकुचन' अब एक स्थायी संकट बनता जा रहा है।

जलवायु परिवर्तन का सबसे घातक प्रहार हमारी खाद्य सुरक्षा और 'फलों के राजा' आम पर हो रहा है। रबी की मुख्य फसल गेहूं के लिए फरवरी का दूसरा पखवाड़ा 'ग्रैन फिलिंग' यानी बालियों में दाना भरने की अवस्था का होता है। इस नाजुक दौर में अचानक बढ़ी गर्मी 'थर्मल स्ट्रेस' पैदा कर रही है। जब तापमान 30 डिग्री के ऊपर बना रहता है, तो पौधों के भीतर चयापचय की प्रक्रिया असामान्य रूप से तेज हो जाती है और दाना पूरी तरह विकसित होने से पहले ही सख्त होने लगता है। इसे वैज्ञानिक भाषा में 'फोर्स्ड मेच्योरिटी' कहा जाता है। परिणाम स्वरूप, दाना छोटा, हल्का और झुर्रियों वाला रह जाता है। कृषि वैज्ञानिकों का अनुमान है कि यदि तापमान में इसी तरह की वृद्धि जारी रही, तो गेहूं की पैदावार में प्रति हेक्टेयर 15 से 20 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। सागर और औरैया के खेतों से आ रही रिपोर्टें बताती हैं कि गेहूं की बालियां समय से पहले सफेद पड़ रही हैं, जो सीधे तौर पर किसान की साल भर की मेहनत पर पानी फेरने जैसा है।

यही संकट बिहार के गौरव, आम के मंजरों पर भी मंडरा रहा है। विशेषज्ञ बताते हैं कि आम का पुष्पन जाड़े के अंत और बसंत की शुरुआत में स्थिर तापमान और मध्यम आर्द्रता में होता रहा है, किंतु तापमान की वर्तमान अनिश्चितता ने इस प्रक्रिया को 'रोलर-कोस्टर' बना दिया है। लगातार 27-30 डिग्री से ऊपर का तापमान मंजर को समय से पहले परिपक्व कर देता है, जिससे फूलों की गुणवत्ता घटती है और वे झड़ने लगते हैं। इसके विपरीत, यदि अचानक तापमान गिरता है, तो फूलों का खुलना असमान हो जाता है। सुबह की अत्यधिक नमी फफूंदजनित रोगों का जोखिम बढ़ा रही है, जबकि दोपहर की शुष्क हवा पराग के अंकुरण को बाधित कर रही है। नतीजा यह है कि या तो फूल गिर रहे हैं, या निषेचन के बाद भी फल टिक नहीं पा रहे हैं। पछिया हवा की बढ़ती तीव्रता ने इस समस्या को और गंभीर बना दिया है, जिससे मंजरों की यांत्रिक गिरावट बढ़ गई है।

बुंदेलखंड और उत्तर भारत के अन्य हिस्सों में इस साल पश्चिमी विक्षोभ की विफलता ने आग में घी का काम किया है। आमतौर पर सर्दियों में होने वाली 'मावट' या बारिश फसलों के लिए अमृत समान होती थी, लेकिन इस साल शुष्कता और बढ़ती गर्मी ने मिट्टी की नमी को सोख लिया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के रिकॉर्ड बताते हैं कि पिछले एक दशक में फरवरी के महीने में लू जैसी स्थितियों की आवृत्ति बढ़ी है। यह पैटर्न स्पष्ट संकेत दे रहा है कि भारत के मौसम चक्र से 'बसंत' ऋतु धीरे-धीरे गायब हो रही है और हम सीधे कंपकपाती सर्दी से झुलसाने वाली गर्मी के दौर में प्रवेश कर रहे हैं। इसका असर केवल गेहूं और आम पर ही नहीं, बल्कि सरसों और दलहन पर भी पड़ रहा है। सरसों की फलियों में तेल की मात्रा कम होने की आशंका है और चने के पौधों में फूल समय से पहले ही झड़ रहे हैं।

इस विकट परिस्थिति का निदान अब केवल पारंपरिक खेती के ढर्रे पर चलकर संभव नहीं है। हमें 'क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर' यानी जलवायु-अनुकूल कृषि की ओर युद्धस्तर पर बढ़ना होगा। मिट्टी की नमी बचाने के लिए गन्ने की सूखी पत्तियों, भूसे या सूखी घास से 'मल्चिंग' करना अब विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है। यह तकनीक सतह के तापमान को स्थिर रखती है और पानी के वाष्पीकरण को रोकती है। इसके साथ ही, सूक्ष्म-सिंचाई (ड्रिप/स्प्रिंकलर) को अपनाकर 'कम पानी—ज़्यादा असर' के सिद्धांत पर काम करना होगा। बागों की मेढ़ों पर कटहल, बांस या नीम जैसे 'विंडब्रेक' (वायुरोधी अवरोध) लगाने चाहिए, ताकि तेज पछिया हवाओं से फूलों और फलों का बचाव हो सके। यह छोटे-छोटे प्रबंधन ही बड़े आर्थिक नुकसान को रोकने में सक्षम हैं। वैज्ञानिक परामर्श के अनुसार, पुष्पन के दौरान बोरॉन और जिंक जैसे सूक्ष्म-पोषक तत्वों का संतुलित छिड़काव फूलों की जीवन-क्षमता को बढ़ा सकता है। साथ ही, कीटों और रोगों के प्रबंधन के लिए मौसम-पूर्वानुमान आधारित छिड़काव ही कारगर होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## पेन के दिनों की बात

वह दौर था जब प्रश्न लाल रंग से और उत्तर काले रंग से कॉपी में लिखा करते थे। मैंने नीली स्याही का उपयोग बाध्यता होने पर ही किया। सबकुछ सहज उपलब्ध नहीं होता था। महंगे पेन और सुंदर नेमप्लेट सब बहुत जतन से मिलता था.. इसलिए कॉपी के पहले पन्ने सुविचार के साथ शुरू होते थे, जिनकs अक्षर खराब होते थे, वो सुंदर अक्षर वालों से अपना नाम लिखवाते थे।



डॉ. शोभा जैन

साहित्यकार

मुझे याद आता है शार्प बलू रेनॉल्ड (मक्खन जैसी लिखाई के लिए), पारकर (रईसी की अनुभूति), जेटर, जिन्हें परीक्षाओं के लिए ही ख़रीदा जाता था। लोग स्याही वाली पेन भूल चुके। मेरी पहली पसंद वही रही। मैंने नीले रंग से शायद ही लिखा होगा। काली स्याही सदा साथ, लेकिन हमारे आसपास सारी दुकानें मोबाइल की हैं। पेन से अधिक, लेकिन मैं कभी नहीं भूल सकती, इंक पेन मेरा जन्म ही पिताजी को स्याही के पेन से लिखते हुए देखकर हुआ। उनके अंतिम समय में मुझे उनके सारे पेन मिले। खाली रह चुके लाल बहीखातों के साथ।

देश के सबसे बड़े साक्षर प्रदेश केरल में एक महिला ने 'पेन-ड्राइव' अभियान की मुहिम छेड़ दी थी। तब केरल सरकार द्वारा स्कूलों और दफ्तरों में स्याही वाले पेन अनिवार्य करने का विचार जन्मा। मैंने एक पेन में लाल और नीली रिफिल को साथ भी चलाया। शिक्षकीय समय में अक्सर उसे सरकारी बाबू उपयोग करते थे उस समय। अक्सर शिक्षकों की भी पहचान हुआ करता था वह पेन। लाल रंग से गलतियों पर गोल घेरा बनाना और नीले से स्वयं के नोट्स।

डायरी और चिट्ठी में अनुभव लिखे जाते हैं, जैसे इस समूह में मुझसे भी कहा गया अपने अनुभव लिखने के लिए। विचारों का सैलाब बड़ा है, लेकिन कलम की भूमिका घटी है। इस बीच कभी-कभी धूमिल सफेद या ऑफ-वाइट रंग का अपना पुराना फाउंटेन पेन स्मृति में आ जाता है। 'पारकर' कंपनी कभी नहीं भूल सकती। हर अच्छे काम के बदले मुझे केवल पेन और डायरी का ही लालच रहता था उन दिनों।

सुगढ़ और साफ अक्षरों के नजरिए से प्राथमिक स्कूलों में स्याही वाले पेन का इस्तेमाल वर्जित था। पहली कक्षा से पांचवीं तक अधिकतर काम स्लेट-पट्टी पर बर्तने या खड़िया से होते थे, लेकिन पिताजी लेखपाल थे, इसलिए घर पर सुंदर मोटे कागज और बहीखाते के चिकने वाले आकार-प्रकार में अनूठे और स्याही के पेन मुझे बहुत जल्दी नसीब हो गए।

–फेसबुक वाल से

### सामयिकी

## शादी के बाद समायोजन बनता है बड़ी समस्या

अध्ययनों के अनुसार 22.6% महिलाएं और 20.70% पुरुष वैवाहिक समायोजन की समस्या का सामना करते हैं। दुखी वैवाहिक जीवन जीने वाले व्यक्तियों में खुशहाल वैवाहिक जीवन जीने वालों की तुलना में अवसाद से पीड़ित होने की संभावना 25 गुना अधिक होती है। 2-3 वर्ष में जोड़े एक-दूसरे को समझने लगते हैं और अपने जीवन स्थितियों को स्वीकार करने लगते हैं। जो लोग अपने दृष्टिकोण को बदल नहीं पाते या जीवन में बदलाव नहीं ला पाते, वे समायोजन की समस्या का सामना करते हैं। निराशा का दौर आने लगता है, जब 'सपनों का राजकुमार' अपनी चमक खो बैठता है या 'प्रिय पत्नी' उम्मीदों पर खरी न उतरती है। समय की कमी, पैसे की समस्या, संतानोत्पत्ति की समस्या, यौन संबंध में तालमेल बिठाने की चुनौतियां समायोजन के लिए समस्या बनती हैं।



डॉ. मनोज तिवारी

बीएचयू, वाराणसी

विवाह के बाद समायोजन की समस्याएं होना आम है। घरेलू जिम्मेदारियों के कारण अपने सपनों, कैरियर व व्यक्तिगत रुचियों के लिए समय कम मिलना विवाह के बाद आम बात है। जिम्मेदारियों बढ़ने के साथ साथ स्वतंत्रता बाधित होती जाती है। संयुक्त परिवार में सास-बहू के बीच तालमेल की कमी या निजी मामलों में परिजनों का हस्तक्षेप समायोजन की समस्या खड़ा करता है। मो'बा'इल के कारण आजकल वधू पक्ष के अत्यधिक हस्तक्षेप के कारण भी दिक्कतें आ रहीं हैं।

परिवार के सदस्यों में आपसी बातचीत में कमी के कारण गलतफहमियां उत्पन्न होतीं हैं, जो समायोजन को गड़बड़ करती हैं। अलग-अलग विचारधाराओं के कारण आपसी तनाव व कलह उत्पन्न होता है। ऐसी स्थिति दूसरे धर्म में शादी करने या अन्तर्जातीय विवाह में अधिक होता है। कैरियर व घर (ससुराल) के बीच संतुलन बनाने में कठिनाई के कारण समायोजन की समस्या आती है। दोनो के जॉब करने से अनेक समस्याएं आती हैं। एक का दूसरे पर आर्थिक रुप से निर्भर रहने पर न केवल आर्थिक बोझ एक व्यक्ति पर पड़ता है, बल्कि समायोजन भी प्रभावित होता है। भावनात्मक रूप से अलग-थलग महसूस करने से भी वैवाहिक जीवन में समस्या खड़ी होती है।

समस्या छोटी-मोटी बातों से शुरू होती है। आलोचना की शुरुआत शिकायत से होती है। जीवन साथी में ऐसी कई बातें होती हैं, जो दूसरे को परेशान करती हैं। जो वैवाहिक जीवन में गंभीर समस्याएं पैदा करती हैं। आलोचना में व्यक्ति के व्यक्तित्व व चरित्र पर हमला किया जाता है। आलोचना अक्सर अवमानना में बदलती है। जब साथी को अपमानित व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के इरादा से होता तो इसके पीछे अक्सर साथी के बारे में बेहद नकारात्मक विचार होता है, जैसे कि वह कितना मूर्ख, घृणित, अक्षम है। ऐसे में एक-दूसरे के प्रति प्रेम दिखाना मुश्किल होता है, जिससे समस्याएं घटने के बजाय बढ़ती हैं।

अधिकांशतः अपमान की प्रतिक्रिया में रक्षात्मकता आती है। रक्षात्मकता में ज़िम्मेदारी से इनकार करना, बहाने बनाना, आलोचना को साथी पर थोपना, खुद शिकायत करना, साथी की शिकायत का जवाब शिकायत से देना। ये सभी व्यवहार साथी की शिकायत को समझने व व्यवहार को बदलने की कोशिश करने के विपरीत है। इससे समस्या कभी हल नहीं होती है। जब दंपत्ति अपनी समस्याओं के समाधान की ओर आगे नहीं बढ़ पाते हैं, तो अक्सर एक साथी बातचीत में चुप्पी साधना शुरू करता है। इसका मतलब है कि जब दूसरा साथी उन पर गुस्सा होता है, तो वह कोई प्रतिक्रिया नहीं देता है, जिससे समायोजन की समस्या बढ़ती जाती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## वर्ड स्मिथ


### कहां से आया रेस्टोरेंट शब्द

रेस्टोरेंट (Restaurant) शब्द की उत्पत्ति 18वीं शताब्दी के मध्य (लगभग 1765) में फ्रांस (पेरिस) में हुई, माना जाता है। यह फ्रेंच शब्द restaurer से निकला है, जिसका मतलब है 'पुनर्स्थापित करना' या 'ताजगी देना'।




मूल रूप से, यह पौष्टिक और शक्तिवर्धक सूप (soup) को संदर्भित करता था, जो थके हुए यात्रियों को ताज़ा करता था। 1765 में, पेरिस में बोलेंजर (Boulanger) नामक एक व्यक्ति ने ऐसा स्थान खोला, जहां स्वास्थ्यवर्धक 'रेस्टोरेंट' (शोरबा) मिलता था। शुरू में, यह 'वह जो शक्ति बहाल करता है' (restoring) के अर्थ में प्रयोग किया जाता था। बाद में, यह उन सभी भोजनालयों के लिए इस्तेमाल होने लगा, जहां बैठकर भोजन किया जाता है। इसका संबंध प्राचीन लैटिन शब्द restaurare से भी जोड़ा जाता है। इसका अर्थ मरम्मत या नवीकरण करना है।
संक्षेप में, रेस्टोरेंट वह स्थान था, जिसे शरीर को 'पुनर्स्थापित' या तरोताज़ा करने के लिए पौष्टिक भोजन परोसने के लिए किया जाता था।

# विदेशी विश्वविद्यालय अवसर या असमानता?



नौ ब्रिटिश विश्वविद्यालय भारत में अपने कैंपस स्थापित करने की तैयारी कर रहे हैं। भारत के उच्च शिक्षा परिदृश्य में यह टर्निंग पॉइंट 2023-24 से आया था। तभी से दुनिया के नामी विश्वविद्यालयों ने हमारे देश की जमीन पर अपने स्वतंत्र कैंपस खोलना शुरू किया। यह बदलाव यूं ही नहीं आया। इसके पीछे है यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन के फॉरेन हायर एजुकेशनल इंस्टिट्यूशंस रेगुलेशंस- 2023 और नेशनल एजुकेशन पॉलिसी-2020 की वह सोच, जिसमें भारत को 'वैश्विक शिक्षा केंद्र' बनाने का सपना देखा गया है। आज यह सपना धीरे-धीरे हकीकत में बदल रहा है। ऑस्ट्रेलिया की डीकिन यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी ऑफ़ वोलोंगोंग ने गुजरात में पढ़ाई शुरू करवा दी है। ब्रिटेन की यूनिवर्सिटी ऑफ़ साउथैम्प्टन, गुरुग्राम में अपना कैंपस खोल चुकी है। हैंइलिनॉय इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, यूनिवर्सिटी ऑफ़ लिवरपूल, यूनिवर्सिटी ऑफ़ यॉर्क, यूनिवर्सिटी ऑफ़ ब्रिस्टल, वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी, कोवेंट्री यूनिवर्सिटी और क्वीन्स यूनिवर्सिटी बेलफास्ट को भारत में कैंपस खोलने के लिए लेटर ऑफ इंटेंट मिल चुका है। सवाल यह नहीं है कि विदेशी विश्वविद्यालय आ रहे हैं। असली सवाल है-इससे भारत को क्या मिलेगा, क्या खो सकता है और इसे कैसे संतुलित किया जाए?



राजेश जैन
लेखक

### भारत इसलिए बना विदेशी विश्वविद्यालयों का नया ठिकाना

भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा युवा बाजार है। 30 वर्ष से कम उम्र की आबादी 50 प्रतिशत से ज्यादा है, लेकिन उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात अभी भी लगभग 30 प्रतिशत के आसपास है। यानी करोड़ों युवा ऐसे हैं, जो बेहतर शिक्षा के मौके तलाश रहे हैं। दूसरी ओर, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा जैसे देशों के विश्वविद्यालय घरेलू नामांकन में ठहराव और सरकारी फंडिंग में कटौती झेल रहे हैं। हालिया वीजा सख्ती ने अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की संख्या भी प्रभावित की है। ऐसे में भारत उनके लिए हाई-पोटेंशियल मार्केट बनकर उभरा है। यहां अंग्रेजी बोलने वाले छात्र हैं, उभरता मध्यम वर्ग है और अंतर्राष्ट्रीय डिग्री की मजबूत मांग है। आसान शब्दों में कहें, तो यह विन-विन मॉडल है-विदेशी संस्थानों को नया बाजार, भारत को ग्लोबल एजुकेशन का एक्सेस।



### घर बैठे मिलेगी विदेशी डिग्री

सबसे बड़ा फायदा है-घर बैठे विदेशी डिग्री। अब भारतीय छात्रों को मास्टर्स या स्पेशलाइज्ड कोर्स के लिए विदेश जाने, लाखों की फीस, वीजा तनाव और महंगे जीवनयापन का सामना नहीं करना पड़ेगा। अनुमान है कि भारत में वही डिग्री 25-30 प्रतिशत कम लागत में मिल सकेगी। इसके साथ उनको अंतर्राष्ट्रीय पाठ्यक्रम, इंडस्ट्री-फोकस्ड ट्रेनिंग, ग्लोबल फैकल्टी एक्सपोजर, बेहतर रिसर्च कल्चर भी मिलेंगे। बिजनेस एनालिटिक्स, साइबर सिक्योरिटी, फिनटेक, कंप्यूटिंग जैसे कोर्स सीधे भविष्य की नौकरियों से जुड़े हैं। इससे स्किल गैप कम हो सकता है और भारतीय ग्रेजुएट्स की ग्लोबल एम्प्लॉयबिलिटी बढ़ सकती है।

### प्रतिभा पलायन पर लगेगी रोक

2019 में करीब 5.8 लाख भारतीय छात्र विदेश गए थे। 2023 में यह संख्या 9 लाख तक पहुंच गई। इनमें से 75 प्रतिशत से ज्यादा वहीं बसने की इच्छा रखते हैं। इसका मतलब-देश से प्रतिभा भी जा रही है और अरबों डॉलर विदेशी मुद्रा भी। अगर यही गुणवत्ता भारत में उपलब्ध हो जाए, तो "ब्रेन ड्रेन" की जगह "ब्रेन रिटेंशन" संभव है। विदेशी कैंपस देश के भीतर ही अंतर्राष्ट्रीय माहौल तैयार कर सकते हैं।

### रिसर्च और अकादमिक सुधार का मौका

विदेशी विश्वविद्यालय सिर्फ क्लासरूम नहीं लाते-वे साथ लाते हैं रिसर्च कल्चर, गवर्नेंस मॉडल और अकादमिक डिसिप्लिन। संयुक्त रिसर्च सेंटर, फैकल्टी एक्सचेंज और साझा प्रोजेक्ट्स के जरिए भारतीय संस्थानों की क्षमता बढ़ सकती है। पहले से ही भारत के पास मजबूत आधार है-जैसे इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बॉम्बे, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस बेंगलुरु और यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली जैसे संस्थान। सही सहयोग हुआ, तो भारत सिर्फ स्टूडेंट-सोर्स देश नहीं रहेगा, बल्कि नॉलेज-प्रोड्यूसर बनेगा।

### लचीलापन और जवाबदेही दोनों जरूरी

यूजीसी ने विदेशी विश्वविद्यालयों को पाठ्यक्रम, फीस और प्रवेश में काफी स्वायत्तता दी है ताकि वे तेजी से काम शुरू कर सकें, लेकिन अब जरूरत है स्मार्ट रेगुलेशन की। हमें ऐसा मॉडल चाहिए, जिसमें टॉप-रैंक संस्थानों को ऑपरेशनल फ्रीडम मिले, फीस स्ट्रक्चर पारदर्शी हो, छात्र अधिकार सुरक्षित रहें, न्यूनतम छात्रवृत्ति को अनिवार्य किया जाए और अकादमिक गुणवत्ता की नियमित ऑडिट हो।

### देश को इस रणनीति की दरकार

हर विदेशी कैंपस में इडब्यूएस और वंचित वर्ग के लिए स्कॉलरशिप अनिवार्य की जाए, अकेले कैंपस नहीं-भारतीय संस्थानों के साथ साझा मॉडल को बढ़ावा दिया जाए, रिसर्च और फैकल्टी डेवलपमेंट को प्राथमिकता मिले, सिर्फ टीचिंग तक सीमित न रहा जाए, पाठ्यक्रमों का भारतीयकरण हो ताकि वे यहां की अर्थव्यवस्था, समाज और उद्योग से जुड़े रहें और दीर्घकाल में भारत को अपनी "आईवी लीग" तैयार करनी होगी, जहां आईआईटी, आईआईएम और एम्स जैसे संस्थान वैश्विक रैंकिंग में शीर्ष पर हों। विदेशी विश्वविद्यालयों का भारत आना सिर्फ शिक्षा सुधार नहीं-यह कूटनीति, अर्थव्यवस्था और सॉफ्ट पावर से भी जुड़ा है। सही नीति के साथ यह पहल भारत को एशिया का एजुकेशन हब बना सकती है, लेकिन अगर इसे केवल बाजार के हवाले छोड़ दिया गया, तो यह अमीरों की शिक्षा बनकर रह जाएगी। आज भारत एक दोराहे पर खड़ा है-एक रास्ता वैश्विक ज्ञान नेतृत्व की ओर जाता है, दूसरा नई शैक्षिक असमानता की तरफ। फैसला हमें करना है।



### कुछ चिंताएं भी हैं

- सबसे बड़ी चिंता है-वहनीयता। विदेशी कैंपस की फीस भले विदेश से कम हो, लेकिन भारतीय औसत आय के हिसाब से यह अभी भी बहुत ज्यादा है। खतरा यह है कि ये संस्थान सिर्फ अमीर वर्ग तक सीमित रह जाएं। इससे शिक्षा में सामाजिक असमानता और गहरी हो सकती है-जो नई शिक्षा नीति- 2020 के समावेशी शिक्षा के लक्ष्य के खिलाफ है।
- दूसरी चुनौती है-व्यावसायीकरण। अगर रेगुलेशन कमजोर रहा, तो कुछ विदेशी संस्थान शिक्षा को प्रोडक्ट की तरह बेच सकते हैं। चीन और दक्षिण-पूर्व एशिया के उदाहरण बताते हैं कि कम नामांकन और ऊंची लागत के कारण कई विदेशी कैंपस कुछ साल में बंद भी हो गए।
- तीसरा मुद्दा है-स्थानीय प्रासंगिकता। अगर पाठ्यक्रम भारतीय सामाजिक-आर्थिक जरूरतों से कटे रहे, स्थानीय फैकल्टी शामिल न हो और इंडियन कॉन्टेक्स्ट गायब हो तो ये कैंपस "एलिट आइलैंड" बनकर रह जाएंगे।

## नोटिस बोर्ड

### रोजगार मेले का आयोजन



- जौनपुर में उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के तहत 28 फरवरी 2026 को राजकीय आईटीआई सिद्दीकपुर, जौनपुर में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में युवाओं को 12 हजार से लेकर 35 हजार रुपये प्रतिमाह तक की नौकरी पाने का अवसर मिलेगा। जिला सेवायोजन अधिकारी जय प्रकाश पासवान ने बताया कि शासन की मंशा और जिलाधिकारी के निर्देशानुसार यह रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य जिले के अधिक से अधिक शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि मेले में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की 60 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां हिस्सा लेंगी।

### राष्ट्रीय सेवा योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

- महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तहत अंशकालिक कार्यक्रम समन्वयक पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस पद से संबंधित शैक्षणिक योग्यता, पात्रता मानदंड, आवेदन प्रक्रिया तथा अंतिम तिथि की विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत विवरण और आवेदन लिंक के लिए विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट अवश्य देखें।

## किस्सा कैंपस का - कला हो या विज्ञान जीत जाओगे तो सिकंदर कहलाओगे

बात साल 1990 की है। मैंने इंटरमीडिएट परीक्षा पास की थी। 51 प्रतिशत मात्र मैं इंटरमीडिएट में ला पाया था। मुझे अब कॉलेज में प्रवेश लेना था। हल्द्वानी शहर में एमबी डिग्री कॉलेज ही एकमात्र उच्च शिक्षा का संस्थान था। जुलाई का उमस से भरा हुआ दिन, मैं अपने बड़े भाई जो पंतनगर विश्वविद्यालय में पढ़ते थे, उनके साथ एमबी डिग्री कॉलेज आया। स्कूल की बंधनों से भरी हुई जिंदगी से बाहर निकल कर अब हम कॉलेज की जिंदगी में आ रहे थे।

एमबी डिग्री कॉलेज के बड़े से फील्ड में बहुत सारे लड़के लड़कियां घूम रहे थे। मैं बीएससी करना चाहता था लेकिन मेरे प्रतिशत कम थे। खैर अपने बड़े भाई के साथ मैं उस कक्षा में गया, जहां बीएससी में एडमिशन दिया जा रहा था। मैं काउंसिलिंग के लिए वहां गया, पता चला कि बीएससी में प्रवेश की कम से कम मेरिट 58 प्रतिशत की है जबकि मेरे मात्र 51 प्रतिशत थे। काउंटर पर पता चला कि वेटिंग में कुछ नीचे तो आ सकता है लेकिन कई वर्षों से 55 प्रतिशत से नीचे मेरिट कभी नहीं गई है इसलिए बीएससी में प्रवेश नहीं मिल सकेगा हां अगर बायोलॉजी वाले हैं तो कुछ उम्मीद की जा सकती है लेकिन सच्चाई यह थी कि मेरे पास इंटरमीडिएट में बायोलॉजी के सब्जेक्ट ही नहीं थे इसलिए वह रास्ता तो वैसे ही मेरे लिए बंद था।

मैं बहुत निराश था। मैंने कुछ लोगों से बात की। एमबी डिग्री कॉलेज के कुछ कर्मचारी हमारे जानने वाले थे। उनसे मिलने गया और उन्होंने भी स्पष्ट कर दिया कि बीएससी में मुझे एडमिशन नहीं मिल पाएगा। दूसरा चारा यह था कि मैं बीकॉम में एडमिशन ले लूं लेकिन कॉमर्स मेरी इंटरमीडिएट में नहीं थी और मेरे समझ से बहुत बाहर भी थी। अब एक ही रास्ता बसता था कि बीए में एडमिशन लेने का। इस दौरान हम दोनों भाई कला संकाय के एक प्राचार्य से मिले और उन्हें बताया तो उन्होंने भी यही कहा कि इतने कम प्रतिशत में केवल ह्यूमैनिटीज के सब्जेक्ट ही लिए जा सकते हैं और बेहतर होगा कि आपका भाई कॉलेज से बीए में प्रवेश ले ले। मैं बहुत निराश था क्योंकि बीए करने वालों का भविष्य उस समय बहुत अच्छा नहीं माना जाता था लेकिन वह प्राचार्य महोदय जो कि अर्थशास्त्र पढ़ाया करते थे, वह प्रोफेसर रौतेला थे, उन्होंने बताया कि ऐसा नहीं है कि बीए करने से सारे रास्ते बंद हो जाते हैं। अगर वास्तव में आप कुछ करना चाहते हो तो बहुत सारी कॉम्पिटेटिव परीक्षाओं की तैयारी आर्ट्स में रहते हुए आप बेहतर कर सकते हो क्योंकि आप ज्यादा समय परीक्षा की तैयारी में लगा सकते हो और परीक्षाओं की तैयारी में आर्ट्स के विषय सामान्य अध्ययन की तैयारी में भी मददगार हो सकते हैं। आप बीए में प्रवेश लें और उन्होंने तमाम ऐसे लोगों के नाम बताएं जिन्होंने बीए करने के पश्चात आईएएस, पीसीएस एसएससी और विभिन्न सरकारी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की और अफसर बने। कोई और चारा नही देखते हुए अंतत: मैंने भी यही निर्णय लिया और बीए में प्रवेश ले लिया। प्रोफेसर रौतेला के सुझाव से मैंने इतिहास, अर्थशास्त्र और मनोविज्ञान विषय लिया और मन में धारण कर लिया कि अब मुझे सरकार के किसी अफसर की पोजीशन को पाना है। कैंपस का यह पहला दिन हमेशा मेरे जहन में रहा, बीए चलता रहा, लेकिन मस्तिष्क में यह बात लगातार बनी रही कि सरकारी परीक्षाओं की तैयारी करनी है और यही वह दिन था, जब मेरी मेरे जीवन में टर्निंग पॉइंट आया और मैं एक विज्ञान का छात्र, एक कला वर्ग के छात्र के रूप में परिवर्तित हुआ और कालांतर में उत्तर प्रदेश पीसीएस एवं उत्तराखंड पीसीएस दोनों परीक्षा में सफलता प्राप्त करते हुए दो-दो सरकारी नौकरियां प्राप्त की और वर्तमान में आरटीओ के पद पर अपनी सेवाएं दे रहा हूं। इससे पूर्व उत्तर प्रदेश सरकार में 8 वर्ष डिप्टी जेलर के रूप में अपनी सेवा दे चुका हूं। कला हो या विज्ञान जीत जाओगे तो सिकंदर कहलाओगे और यही कैंपस के पहले दिन की सीख थी, जो आज भी अनुभूत होती है।



विमल पांडेय
आरटीओ, पौड़ी गढ़वाल संभाग (उत्तराखंड)

## करेंट अफेयर्स

- हाल ही में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक मैच खेलने वाली खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया। उन्होंने यह उपलब्धि कैनबरा में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान हासिल की। अपने 356वें अंतरराष्ट्रीय मैच के साथ, हरमनप्रीत ने न्यूजीलैंड की दिग्गज खिलाड़ी सूजी बेट्स को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने पहले 355 मैचों के साथ यह रिकॉर्ड बनाया था। यह ऐतिहासिक उपलब्धि महिला क्रिकेट की महानतम खिलाड़ियों में से एक के रूप में हरमनप्रीत कौर की विरासत को और मजबूत करती है।
- हाल ही में बोंग ने बाफ्टा अवाड्र्स 2026 में सर्वश्रेष्ठ बाल एवं पारिवारिक फिल्म श्रेणी जीतकर इतिहास रच दिया है। मणिपुरी भाषा में बनी यह पहली भारतीय फिल्म प्रतिष्ठित ब्रिटिश अकादमी फिल्म अवाड्र्स में इस श्रेणी में पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय फिल्म बन गई है। फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी द्वारा समर्थित, बोंग इस वर्ष एकमात्र भारतीय नामांकित फिल्म थी और इसने क्षेत्रीय भारतीय कहानी कहने को वैश्विक पहचान दिलाई।
- माइक्रोसॉफ्ट ने आशा शर्मा को माइक्रोसॉफ्ट गेमिंग का नया सीईओ और एक्सबॉक्स का प्रमुख नियुक्त किया है, जो 2026 में एक महत्वपूर्ण नेतृत्व परिवर्तन का संकेत है। भारतीय मूल की यह कार्यकारी लंबे समय से एक्सबॉक्स के प्रमुख रहे फिल स्पेंसर का स्थान लेंगी, जो 2014 से इस विभाग का नेतृत्व करने के बाद सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

## जॉब अलर्ट

### यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन




- पद का नाम-टाइप ग्रुप A और ग्रुप B सर्विसेज़
- पदों की संख्या 933
- पद-IAS, IPS, IFS, IRS, इंडियन ऑडिट एंड अकाउंट्स, DANICS, DANIPS, और दूसरी सेंट्रल सर्विसेज़
- योग्यता- ग्रेजुएट डिग्री (कोई भी डिसिप्लिन)
- आयु- 21-32 साल (01-08-2026 को)
- एग्जाम स्टेज प्रीलिमिनरी, मेन, इंटरव्यू
- आवेदन की आखिरी तारीख 27/02/2026
- वेबसाइट www.upsc.gov.in

### ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज (AIIMS)

- पद का नाम-नर्सिंग ऑफिसर
- पदों की संख्या-2551
- सैलरी पे लेवल-07 पे मैट्रिक्स में (प्री-रिवाइज़्ड पे बैंड-2 9300-34800 के साथ ग्रेड पे 4600/-)
- योग्यता- B.Sc. (ऑनर्स) नर्सिंग / B.Sc. नर्सिंग या पोस्ट बेसिक B.Sc. नर्सिंग या जनरल नर्सिंग और मिडवाइफरी में डिप्लोमा, वैलिड रजिस्ट्रेशन के साथ + 2 साल का एक्सपीरियंस (डिप्लोमा होल्डर्स के लिए)
- आयु- 18 से 30 साल
- आवेदन की आखिरी तारीख 16.03.2026
- वेबसाइट www.aiimsexams.ac.in

### स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया (SBI)


- पद का नाम- असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट (IS ऑडिट) - कॉन्ट्रैक्ट पर, डिप्टी मैनेजर (IS ऑडिट) - रेगुलर, डिप्टी मैनेजर (चार्टर्ड अकाउंटेंट-इंटरनल ऑडिट)- रेगुलर
- जॉब टाइप रेगुलर / कॉन्ट्रैक्ट पर
- योग्यता- BE/BTech/BSc/MTech/MSc/MCA/BCA/CA संबंधित सब्जेक्ट में
- सिलेक्शन प्रोसेस शॉर्टलिस्टिंग और इंटरव्यू (कॉन्ट्रैक्ट के लिए CTC नेगोशिएशन के साथ)
- जॉब लोकेशन मुंबई / हैदराबाद / मोबाइल ड्यूटी / सर्कल ऑडिट ऑफिस
- आवेदन की अंतिम तिथि-15/03/2026
- वेबसाइट https://sbi.co.in

# इंटीरियर डेकोरेशन: क्रिएटिविटी और मॉडर्न लाइफ स्टाइल का नया भविष्य



आज के दौर में एक सुंदर और सुव्यवस्थित घर केवल विलासिता की वस्तु नहीं, बल्कि मानसिक शांति और व्यक्तित्व की अभिव्यक्ति बन चुका है। यही कारण है कि इंटीरियर डेकोरेशन उन विद्यार्थियों के लिए एक स्वर्णिम अवसर बनकर उभरा है, जिनकी सोच लीक से हटकर है और जो रंगों, आकृतियों तथा सजावट के माध्यम से कहानियां बुनना जानते हैं। बदलती लाइफस्टाइल ने इस क्षेत्र को व्यावसायिक रूप से इतना समृद्ध कर दिया है कि अब यह केवल बड़े बंगलों तक सीमित न रहकर मध्यम वर्गीय घरों, कॉर्पोरेट ऑफिसों, कैफे और स्टार्टअप्स की प्राथमिक जरूरत बन गया है। यदि आप में रचनात्मकता का बीज है और आप तकनीकी बारीकियों को समझने का धैर्य रखते हैं, तो इंटीरियर डेकोरेशन का क्षेत्र आपको न केवल आर्थिक संपन्नता देगा, बल्कि हर नए प्रोजेक्ट के साथ आपकी कला को एक नई पहचान भी प्रदान करेगा।

### कला और विज्ञान का संतुलन



इंटीरियर डेकोरेशन को अक्सर केवल सजावट मान लिया जाता है, लेकिन वास्तव में यह किसी स्थान के अंदरूनी हिस्से को इस तरह रूपांतरित करने की कला है कि वह देखने में आकर्षक होने के साथ-साथ रहने के लिए आरामदायक भी हो। इसमें दीवारों के रंगों के चुनाव से लेकर फर्नीचर की बनावट, पर्दों का कपड़ा, लाइटिंग का कोण और फर्श के टेक्सचर तक हर छोटी चीज पर ध्यान दिया जाता है। एक सफल डेकोरेटर वह है, जो क्लाइंट की जरूरतों को समझे और सीमित बजट व स्थान में सर्वोत्तम परिणाम दे सके। इस कोर्स के दौरान विद्यार्थियों को डिजाइन के सिद्धांत, स्पेस प्लानिंग और सामग्री (मटेरियल) की पहचान सिखाई जाती है। उन्हें यह भी सिखाया जाता है कि कैसे लाइटिंग के जरिए किसी छोटे कमरे को बड़ा दिखाया जा सकता है या कैसे रंगों के सही इस्तेमाल से ऑफिस के माहौल को तनावमुक्त बनाया जा सकता है।

### शैक्षणिक विकल्प और पाठ्यक्रम

इंटीरियर डेकोरेशन में करियर बनाने के लिए कई तरह के कोर्सेज उपलब्ध हैं, जिन्हें आप अपनी शैक्षणिक योग्यता और समय के अनुसार चुन सकते हैं:

**सर्टिफिकेट कोर्सेज (6 माह से 1 वर्ष):** यह उन लोगों के लिए है जो बेसिक स्किल्स जल्दी सीखकर काम शुरू करना चाहते हैं।

**डिप्लोमा कोर्सेज (1 से 2 वर्ष):** इसमें डिजाइनिंग की अधिक गहराई से जानकारी दी जाती है।

**बैचलर डिग्री (3 से 4 वर्ष):** जैसे B.Des या B.Sc इन इंटीरियर डिजाइन। यह एक व्यापक डिग्री है जो आपको ग्लोबल स्टैंडर्ड्स की समझ देती है।

**मास्टर्स डिग्री (2 वर्ष):** ग्रेजुएशन के बाद विशेषज्ञता (Specialization) हासिल करने के लिए।

### करियर की संभावनाएं और आय

इस फील्ड में करियर के विकल्प बेहद विविधतापूर्ण हैं। कोर्स पूरा करने के बाद आप निम्नलिखित क्षेत्रों में हाथ आजमा सकते हैं।

**इंटीरियर डेकोरेटर:** घरों और ऑफिसों का मेकओवर करना।

**सेट डिजाइनर:** फिल्मों, टीवी शो और थिएटर के लिए सेट तैयार करना।

**फर्नीचर कंसल्टेंट:** मॉड्यूलर किचन और मॉडर्न फर्नीचर फर्म्स में काम करना।

**फ्रीलांसर:** खुद की कंसल्टेंसी खोलकर स्वतंत्र रूप से प्रोजेक्ट्स लेना।

**सैलरी पैकेज:** इस क्षेत्र में शुरुआत 2 से 4 लाख रुपये प्रति वर्ष से होती है। लेकिन, जैसे-जैसे आपका पोर्टफोलियो और अनुभव बढ़ता है, आपकी आय की कोई सीमा नहीं रहती। एक स्थापित इंटीरियर डेकोरेटर साल के 15-20 लाख रुपये से लेकर करोड़ों में कमा सकता है।

### भारत के प्रमुख शिक्षण संस्थान

बेहतर भविष्य के लिए सही संस्थान का चयन अनिवार्य है। भारत के कुछ टॉप कॉलेज जहां आप आवेदन कर सकते हैं।

- **नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन अहमदाबाद:** देश का सबसे प्रतिष्ठित डिजाइन संस्थान।
- **नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी:** यहां के डिजाइन कोर्स विश्व स्तर पर मान्य हैं।
- **पर्ल एकेडमी:** आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और इंडस्ट्री एक्सपोजर के लिए मशहूर।
- **JD इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी:** यहां प्रैक्टिकल लर्निंग पर अधिक जोर दिया जाता है।
- **Arch एकेडमी ऑफ डिजाइन:** जयपुर स्थित यह संस्थान अपनी क्रिएटिविटी के लिए जाना जाता है।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 82,276.07 | 25,482.50 |
| बढ़त | 50.15 | 57.85 |
| प्रतिशत में | 0.06 | 0.23 |

सोना 1,64,200 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,77,900 प्रति किलो

अमृत विचार
लखनऊ, गुरुवार, 26 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### फ्लाई91 के बेड़े में शामिल हुए दो और विमान

**दुबई।** क्षेत्रीय विमान सेवा कंपनी फ्लाई91 के बेड़े में दो नये एटीआर72-600 विमान शामिल हुए जिनका इस्तेमाल एयरलाइन अपने नेटवर्क विस्तार के लिए करेगी। एयरलाइन ने बुधवार को बताया कि उसने ये विमान संयुक्त अरब अमीरात की कंपनी दुबई एयरोस्पेस एंटरप्राइजेज से लिये हैं। कंपनी के बेड़े में विमानों की संख्या बढ़कर अब छह हो गयी है। फ्लाई91 के नेटवर्क में वर्तमान में मोपा (गोवा), अगाती (लक्षद्वीप) सोलापुर, जलगांव, सिंधुदुर्ग, पुणे, बेंगलुरु, हैदराबाद और कोच्चि शामिल हैं। एयरलाइंस ने मार्च 2026 के अंत तक छह नये शहरों को अपने नेटवर्क में शामिल करने की घोषणा की है। नये गंतव्यों में आंध्र प्रदेश में राजमुंद्री और विजयवाड़ा, कर्नाटक में हुबली, महाराष्ट्र में नांदेड़, दक्षिणी गोवा में डाबोलिम और मध्य प्रदेश में इंदौर शामिल हैं।

### रुपया चार पैसे की बढ़त के साथ 90.91 प्रति डॉलर पर

**मुंबई, एजेंसी।** कमजोर डॉलर और विदेशी कोषों का निवेश बढ़ने के बीच अंतर बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को रुपया सीमित दायरे में बना रहा और डॉलर के मुकाबले चार पैसे बढ़कर 90.91 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, हालांकि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और व्यापार से जुड़ी अनिश्चितताओं के कारण रुपये पर दबाव रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया डॉलर के मुकाबले 90.94 पर खुला और पूरे सत्र में 90.96-90.88 के एक सीमित दायरे में रहने के बाद अंत में 90.91 पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से चार पैसा अधिक है। मंगलवार को, डॉलर के मुकाबले रुपया छह पैसे टूटकर 90.95 पर बंद हुआ था।

### ल्यूपिन के कार्यालय पर जीएसटी की जांच शुरू

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** दवा कंपनी ल्यूपिन लिमिटेड ने बुधवार को कहा कि महाराष्ट्र जीएसटी विभाग ने मुंबई स्थित उसके पंजीकृत कार्यालय पर जांच और तलाशी की कार्रवाई शुरू की है। ल्यूपिन ने शेयर बाजार को बताया कि जीएसटी के भुगतान और इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के दावे आदि से संबंधित दस्तावेजों की जांच के लिए विभाग ने यह कार्रवाई 25 फरवरी, 2026 को सुबह 11:50 बजे शुरू की। कंपनी ने आगे कहा कि वह अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग कर रही है और आवश्यक जानकारी एवं दस्तावेज उपलब्ध करा रही है। ल्यूपिन ने साफ किया कि इस जांच और तलाशी का कंपनी की वित्तीय स्थिति, कामकाज या अन्य गतिविधियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

### आरबीआई दो मार्च को करेगा बॉन्ड की नीलामी

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने दो मार्च को 25,000 करोड़ रुपये के सरकारी बॉन्ड की ''अदला-बदली नीलामी'' करने की बुधवार को घोषणा की। अदला-बदली नीलामी के तहत सरकार जल्द परिपक्व होने वाले बॉन्ड को लंबी अवधि वाले नए बॉन्ड से बदल देती है। इससे एक ही साल में बड़ी रकम चुकाने का दबाव कम होता है और भुगतान की समय-सीमा आगे खिसक जाती है।

# टैक्स नियम सख्त: अब मकान मालिक से रिश्ते का भी देना होगा हिसाब

## पहली अप्रैल 2026 से लागू होगा नया आयकर अधिनियम

नई दिल्ली, एजेंसी

- सरकार केवल कागजी कार्रवाई पर नहीं, बल्कि डिजिटल फुटप्रिंट्स और ऑडिटर्स की सक्रियता के साथ रोकना चाहती है टैक्स चोरी




अगर आप अपने किसी रिश्तेदार के घर में रहकर हाउस रेंट अलाउंस का क्लेम करते हैं, तो अब आपको सावधान होने की जरूरत है। सरकार ने नया आयकर अधिनियम, 2025 के तहत नियमों और फॉर्म का मसौदा जारी कर दिया है। ये नए नियम 1 अप्रैल, 2026 से लागू होंगे, जिनका उद्देश्य टैक्स चोरी रोकना और पारदर्शिता बढ़ाना है। ये बदलाव संकेत देते हैं कि सरकार अब केवल कागजी कार्रवाई पर नहीं, बल्कि 'डिजिटल फुटप्रिंट्स' और ऑडिटर्स की सक्रियता के जरिए टैक्स चोरी के हर रास्ते को बंद करना चाहती है।

### ऑडिटर की 'कमेंट्री' का आय पर असर

अब यदि वैधानिक ऑडिटर कंपनी के मुनाफे या राजस्व पर आपत्ति या प्रतिकूल टिप्पणी करता है, तो उसे स्पष्ट करना होगा कि इस का टैक्स योग्य आय पर कितना असर पड़ेगा।

### क्या होगा असर?

केंद्र सरकार ने आयकर अधिनियम, 2025 के जरिए कर प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी बनाने की तैयारी कर ली है। नए नियमों का मसौदा न केवल आम आदमी के एचआरए दावों पर नजर रखेगा, बल्कि कंपनियों और ऑडिटर्स की जवाबदेही भी कई गुना बढ़ा देगा। अब आयकर विभाग के लिए यह ट्रैक करना आसान होगा कि कहीं लोग केवल कागजों पर अपने परिवार के सदस्यों को किराया दिखाकर टैक्स तो नहीं बचा रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे वास्तविक किरायेदारों को समस्या नहीं होगी, लेकिन टैक्स बचाने के लिए अपनाए जाने वाले 'जुगाड़' अब भारी पड़ सकते हैं।

### हाउस रेंट अलाउंस के दावों में अब क्या बदलेगा?

नए नियमों के तहत जारी होने वाले फॉर्म-124 में करदाताओं के लिए नई शर्तें जोड़ी गई हैं। करदाता को स्पष्ट रूप से बताना होगा कि जिस मकान मालिक को वह किराया दे रहा है, उससे उसका पारिवारिक या अन्य संबंध तो नहीं है। वर्तमान में कर्मचारी केवल किराये का विवरण देते हैं। टैक्स बचाने के बढ़ते मामलों को देखते हुए यह कदम उठाया गया है।

यदि आपकी विदेश से कोई कमाई है, तो उस पर मिलने वाले 'टैक्स क्रेडिट' के दावों की अब बहुत बारीकी से जांच होगी। नए नियमों में ऑडिटर्स को अधिक जवाबदेह बनाया गया है ताकि वित्तीय गड़बड़ियों की गुंजाइश न रहे। सरकार ने अभी इन नियमों पर सुझाव मांगे हैं। अंतिम नियमों और फॉर्म की अधिसूचना अगले महीने जारी कर दी जाएगी।

### अन्य बड़े बदलाव

**फर्जी किराये के दावों पर लगाम :** कर विशेषज्ञों का मानना है कि मकान मालिक और किरायेदार के बीच संबंध उजागर करने की शर्त से 'नकली रेंट रसीदों' के जरिए टैक्स बचाने वालों पर नकेल कसी जाएगी। नांगिया ग्लोबल एडवाइजर्स के संदीप झुनझुनवाला के अनुसार, इससे वास्तविक किरायेदारों को कोई परेशानी नहीं होगी, लेकिन टैक्स चोरी के लिए बनाए गए 'कृत्रिम दावों' को पकड़ना आसान हो जाएगा।

**विदेशी कमाई पर कड़ी नजर फार्म 44 :** विदेशी आय पर टैक्स छूट का दावा करना अब आसान नहीं होगा। अब चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को भी विदेशी टैक्स सर्टिफिकेट, भुगतान के सबूत और टैक्स संधि की बारीकी से स्वतंत्र जांच करनी होगी। विशेषज्ञों का कहना है कि यह उन देशों के लिए चुनौतीपूर्ण होगा जहाँ वित्त वर्ष भारत से अलग है या टैक्स स्टेटमेंट देरी से मिलते हैं।

**पैन कार्ड के नियमों में सख्ती :** कंपनियों के लिए अब पैन आवेदन प्रक्रिया और भी कठिन होगी। आवेदन के समय यह शपथ देनी होगी कि कंपनी के पास पहले से कोई पैन नहीं है। यदि किसी शाखा या पुराने ऑफिस के नाम पर पहले से पैन है, तो उसकी पूरी जांच करनी होगी। इसका मकसद डेटाबेस में दोहराव (को खत्म करना है।

**डिजिटल ऑडिट :** अब सर्वर और आईपी एड्रेस का देना होगा हिसाब नए टैक्स ऑडिट फॉर्म-26 में तकनीक पर विशेष जोर दिया गया है। कंपनियों को बताना होगा कि वे कौन सा अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर इस्तेमाल कर रही हैं। क्लाउड या सर्वर का विवरण, उसका आईपी एड्रेस, और डेटा किस देश में स्टोर है, इसकी जानकारी देनी होगी। यदि डेटा विदेश में है, तो भारत में स्थित बैकअप सर्वर का पता भी देना अनिवार्य होगा।

# ईवी सेक्टर में 5 साल में आए 2.23 लाख करोड़

नई दिल्ली, एजेंसी

- 2030 के लक्ष्य के लिए अभी 10 लाख करोड़ की और दरकार




इलेक्ट्रिक परिवहन क्षेत्र में पिछले पांच साल में भारी पूंजी निवेश होने के बावजूद 2030 का लक्ष्य हासिल करने के लिए भारत को एक समन्वित निवेश ढांचे की जरूरत है। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। भारत ने वर्ष 2030 तक कुल निजी कार बिक्री में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की हिस्सेदारी 30 प्रतिशत, वाणिज्यिक वाहनों में 70 प्रतिशत, बस में 40 प्रतिशत और दोपहिया एवं तिपहिया वाहनों में 80 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। इंस्टिट्यूट फॉर एनर्जी इकॉनमिक्स एंड फाइनेंशियल एनालिसिस (आईईईएफए) की इस रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2020-25 के दौरान भारत के इलेक्ट्रिक परिवहन परिवेश के तीन प्रमुख क्षेत्रों- विनिर्माण क्षमता, सार्वजनिक सब्सिडी एवं प्रोत्साहन और चार्जिंग अवसंरचना में कुल 2.23 लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ है।

इसमें सबसे बड़ा हिस्सा ईवी विनिर्माण में गया है। रिपोर्ट के सह-लेखक और आईईईएफए के जलवायु वित्त विश्लेषक शुभम श्रीवास्तव के अनुसार पांच वर्षों में 2.23 लाख करोड़ रुपये की पूंजी लगना महत्वपूर्ण है, लेकिन वर्ष 2030 तक जरूरी पूंजी 12.5 लाख करोड़ रुपये का यह लगभग 18 प्रतिशत ही है। उन्होंने कहा कि बचे हुए 10.2 लाख करोड़ रुपये जुटाने के लिए वित्तीय ढांचे में व्यापक सुधार जरूरी होंगे। निवेश स्रोतों के विश्लेषण से पता चलता है कि ईवी विनिर्माण में लगे 1.59 लाख करोड़ रुपये आंतरिक संसाधनों से आए, जबकि 36,000 करोड़ रुपये से अधिक ऋण और 6,400 करोड़ रुपये से अधिक इक्विटी के जरिये जुटाए गए। हालांकि, अलग-अलग वाहन श्रेणियों के बीच वित्तपोषण के स्रोतों में अंतर देखा गया है। इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन खंड ने पूंजी के लिए मुख्य रूप से आंतरिक संसाधनों और कुछ हद तक ऋण पर निर्भरता दिखाई। वहीं इलेक्ट्रिक चार-पहिया और दोपहिया खंड में वित्तपोषण का मिश्रण अपेक्षाकृत विविध रहा।

# फिलहाल रेपो रेट में बढ़ोत्तरी की संभावना नहीं, नहीं बढ़ेगी आपके लोन की ईएमआई

मुंबई, एजेंसी

- नीतिगत दर को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखना चाहते हैं एमपीसी के सदस्य
- भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने तटस्थ नीतिगत रुख को भी बनाए रखा




वैश्विक तनाव और महंगाई के दबाव के बावजूद भारतीय रिजर्व बैंक ने आम आदमी और कॉर्पोरेट जगत को बड़ी राहत के संकेत दिए हैं। मौद्रिक नीति समिति के सदस्य सौगत भट्टाचार्य ने स्पष्ट किया है कि निकट भविष्य में नीतिगत ब्याज दर यानी रेपो रेट में बढ़ोतरी की संभावना नहीं के बराबर है।

उन्होंने कहा कि मौसम संबंधी जोखिम, धातुओं की बढ़ती कीमतें और भू-राजनीतिक तनाव के बीच कच्चे तेल के ऊंचे दाम उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई को प्रभावित कर सकते हैं। भट्टाचार्य और एमपीसी के अन्य पांच सदस्यों ने इस महीने की शुरुआत में हुई बैठक में सर्वसम्मति से नीतिगत दर को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखने के पक्ष में मतदान किया था। भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने 'तटस्थ' नीतिगत रुख को भी बनाए रखा था जिससे संकेत मिलता है कि दरें कुछ समय तक निचले स्तर पर रह सकती हैं। उन्होंने कहा कि कई प्रोत्साहन उपायों के बावजूद अर्थव्यवस्था में अत्यधिक तेजी के कोई संकेत नहीं हैं।

केंद्रीय बैंक ने फरवरी, 2025 से अब तक रेपो दर में कुल 1.25 प्रतिशत की कटौती की है, जो 2019 के बाद सबसे आक्रामक नरमी चक्र माना जा रहा है। महंगाई पर उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति चार प्रतिशत के लक्ष्य की ओर बढ़ सकती है। इसकी एक वजह वित्त वर्ष 2025-26 में कुल मुद्रास्फीति की गिरती कीमत का आधार प्रभाव है, जो अब उलट सकता है। दूसरी वजह कीमती धातुओं की कीमतों का प्रभाव है।

हालांकि, इन कारकों को छोड़ दें तो अंतर्निहित महंगाई संतुलित रहने की उम्मीद है। ऋण वृद्धि पर उन्होंने कहा कि गैर-खुदरा बैंक ऋण में लगातार सुधार हो रहा है और अब बड़े कॉरपोरेट घरानों को भी अधिक कर्ज मिल रहा है।

# अमेरिकी शुल्क: कंपनियां बोलीं-नहीं होगा असर

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका द्वारा भारतीय सौर उत्पादों पर 126 प्रतिशत का भारी शुरुआती प्रतिपूर्ति शुल्क लगाए जाने के बावजूद भारतीय सौर समाधान प्रदाता कंपनियों ने भरोसा जताया है कि इसका उनके कारोबार पर कोई बड़ा प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। कंपनियों के अनुसार, उनकी मजबूत 'सप्लाई चेन' रणनीति इस जोखिम को कम करने में सक्षम है। कंपनियों का दावा है कि उन्होंने पहले ही अमेरिकी बाजार पर अपनी निर्भरता कम कर ली है और अब उनका ध्यान 'मेक इन अमेरिका' और भारतीय घरेलू बाजार पर है।

**हमारी रणनीति तैयार है : विक्रम सोलर :** विक्रम सोलर के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक ज्ञानेश चौधरी ने स्पष्ट किया कि अमेरिकी शुल्क का असर उन पर सीमित रहेगा। उनके अनुसार कंपनी अमेरिकी बाजार के लिए भारतीय सेल की खरीद पर निर्भर नहीं है। कंपनी पहले से ही उन देशों से सौर उत्पादों की आपूर्ति ले रही है जहां शुल्क का जोखिम कम है। कंपनी की मजबूती का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उसे हाल ही में गुजरात में एक बड़ी परियोजना के लिए 378.75 मेगावाट मॉड्यूल का ऑर्डर मिला है।

**ऑर्डर बुक सुरक्षित : वारी एनर्जीज :** वारी एनर्जीज के ग्रुप फाइनेंस हेड अभिषेक पारेख ने भी निवेशकों को आश्वस्त किया है। उन्होंने कहा कि 126% के इस शुरुआती शुल्क से कंपनी की अमेरिकी ऑर्डर बुक को पूरा करने की क्षमता पर कोई खास नकारात्मक असर पड़ने की आशंका नहीं है। कंपनी चालू वित्त वर्ष (2025-26) के अंत तक अमेरिका में ही अपनी विनिर्माण क्षमता को बढ़ाकर 4.2 गीगावाट करने की प्रक्रिया में है। इससे कंपनी पर आयात शुल्क का असर खत्म हो जाएगा। पिछले नौ महीनों में 50% पुराने शुल्क के बावजूद कंपनी का अमेरिका को निर्यात जारी रहा है।

**निर्यात अब लगभग शून्य : प्रीमियर एनर्जीज :** प्रीमियर एनर्जीज के मुख्य कारोबार अधिकारी विनय रुस्तगी ने एक बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि कंपनी ने अपने कुल कारोबार में निर्यात की हिस्सेदारी को घटाकर लगभग शून्य कर दिया है।अमेरिकी नीतियों में बदलाव के संकेत अगस्त 2025 में ही मिल गए थे, जिससे भारतीय कंपनियों को अपना बिजनेस मॉडल बदलने का पर्याप्त समय मिल गया।

### अमेरिका के 'टैक्स' प्रहार से भारतीय सोलर कंपनियों के शेयरों में गिरावट

**नई दिल्ली।** अमेरिका द्वारा भारतीय सौर उत्पादों पर भारी 125.87 प्रतिशत का प्रारंभिक प्रतिकारी शुल्क लगाने की घोषणा के बाद बुधवार को घरेलू शेयर बाजार में सौर क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट दर्ज की गई। अमेरिका के इस कड़े रुख से निवेशकों में डर का माहौल है। अमेरिकी घोषणा के तुरंत बाद सौर ऊर्जा से जुड़ी प्रमुख कंपनियों के शेयरों में बड़ी गिरावट देखी गई। वारी एनर्जीज का शेयर 14.99% तक लुढ़क गया। प्रीमियर एनर्जीज के शेयर में 14.23% की भारी गिरावट आई। विक्रम सोलर का शेयर 7.47% नीचे गिरा। स्टर्लिंग एंड विल्सन में भी 1.41% की मामूली गिरावट दर्ज की गई। अमेरिकी वाणिज्य विभाग का आरोप है कि भारत सरकार अपने सौर उत्पादों को 'अनुचित सब्सिडी' दे रही है, जिससे अमेरिकी कंपनियों को नुकसान हो रहा है। अतिरिक्त बोझ : यह 125.87% का शुल्क उस 10% सामान्य शुल्क के अतिरिक्त है, जिसकी घोषणा अमेरिकी प्रशासन ने 24 फरवरी को सभी देशों के लिए की थी। जांच का दायरा : अमेरिका ने भारत के साथ-साथ इंडोनेशिया और लाओस से आने वाले सोलर सेल और मॉड्यूल की जांच के बाद यह प्रारंभिक निष्कर्ष निकाला है।

# मारुति की 'रेल साइडिंग' विश्व की पहली मॉडल शिफ्ट परियोजना

नयी दिल्ली, एजेंसी



- 10 वर्ष की अवधि में करीब 1.7 लाख कार्बन 'क्रेडिट' अर्जित करने की उम्मीद

देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने बुधवार को कहा कि उसकी गुजरात ''इन-प्लांट रेलवे साइडिंग'' को ''वेरा'' की वेरिफाइड कार्बन स्टैंडर्ड (वीसीएस) पहल के तहत दुनिया की पहली ''मॉडल शिफ्ट'' परिवहन परियोजना के रूप में मान्यता मिली है। ''मॉडल शिफ्ट'' का अर्थ वाहनों की आपूर्ति के लिए एक परिवहन माध्यम से दूसरे परिवहन पर स्थानांतरित करना है।

वाहन विनिर्माता कंपनी ने गुजरात इकाई के अंदर रेल पटरी सुविधा (इन-प्लांट रेलवे साइडिंग) के जरिये वाहनों की आपूर्ति शुरू की है। कंपनी के अनुसार, सड़क मार्ग से रेल मार्ग की ओर वाहन आपूर्ति (डिस्पैच) स्थानांतरित करने से इस परियोजना के वित्त वर्ष 2023-24 से 2032-33 तक 10 वर्ष की अवधि में करीब 1.7 लाख कार्बन ''क्रेडिट'' अर्जित करने की उम्मीद है। कार्बन उत्सर्जन में बचत के स्वतंत्र सत्यापन के बाद ''वेरा'' अपने वेरिफाइड कार्बन स्टैंडर्ड (वीसीएस) कार्यक्रम के तहत कंपनी को 1.7 लाख ''कार्बन क्रेडिट'' जारी करेगा। ''वेरा'' एक वैश्विक गैर-लाभकारी संगठन है जो जलवायु कार्रवाई और सतत विकास के लिए मानक विकसित एवं प्रबंधित करता है। यह ''वेरिफाइड कार्बन स्टैंडर्ड'' (वीसीएस) कार्यक्रम का संचालन करता है जो दुनिया का अग्रणी स्वैच्छिक ''ग्रीनहाउस गैस क्रेडिटिंग'' कार्यक्रम है। वहीं उच्च-विश्वसनीयता वाले ''कार्बन क्रेडिट'' सुनिश्चित करने के साथ-साथ सरकारों और व्यवसायों को विश्वसनीय जलवायु कार्रवाई में सहायता करता है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हिसाशी ताकेउची ने बयान में कहा, वाहनों की आपूर्ति सड़क से रेल की ओर स्थानांतरित किए जाने से परियोजना दर्शाती है कि कैसे व्यापक परिचालन दक्षता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी को एक साथ आगे बढ़ाया जा सकता है।'उन्होंने कहा कि रेल परिवहन की अंतर्निहित दक्षता का लाभ उठाते हुए गुजरात की ''इन-प्लांट रेलवे साइडिंग'' ने लॉजिस्टिक्स परिचालन के कार्बन उत्सर्जन को उल्लेखनीय रूप से कम किया है। साथ ही सड़क जाम भी कम लगता है और जीवाश्म ईंधन की कुल खपत में भी गिरावट आई है। ताकेउची ने कहा, ' यह उपलब्धि हमारी स्थिरता यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है और शुद्ध शून्य उत्सर्जन की दिशा में भारत के मजबूत प्रयासों के अनुरूप उद्योग मानक स्थापित करने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करती है।

# 10 इलेक्ट्रिक यात्री विमान खरीदेगी मैकमोर

- एमडी एयरक्राफ्ट के साथ एलओआई पर किए हस्ताक्षर

**मुंबई, एजेंसी।** व्यापार प्रबंधन परामर्श कंपनी मैकमोर ने जर्मनी की कंपनी एमडी एयरक्राफ्ट जीएमबीएच के साथ 10 इलेक्ट्रिक क्षेत्रीय यात्री विमानों की खरीद के लिए आशय पत्र (एलओआई) पर हस्ताक्षर करने की बुधवार को घोषणा की। कंपनी का लक्ष्य क्षेत्रीय हवाई यात्रा की बढ़ती मांग का लाभ उठाना है। बेंगलुरु स्थित कंपनी ने कहा कि यह समझौता नौ-सीट वाले पूरी तरह इलेक्ट्रिक ''शॉर्ट टेक-ऑफ एंड लैंडिंग'' यात्री विमान एमडीए1 ईविएटर के लिए शुरुआती प्रतिबद्धताओं में से एक है। यह विमान छोटी क्षेत्रीय हवाई पट्टियों से संचालन के लिए तैयार किया गया है। इसकी परिचालन लागत कम है और यह लगभग शून्य उत्सर्जन करता है। कंपनी के अनुसार, विमान का शुरुआती उड़ान परीक्षण 2028 तक हो सकता है। प्रमाणन के साथ इसके 2030 तक सेवा में आने के आसार हैं। इस समझौते से भारत को शून्य-उत्सर्जन क्षेत्रीय हवाई परिवहन के संभावित शुरुआती विकास बाजार के रूप में स्थापित करने में मदद मिल सकती है।

# क्रिकेट का क्रेज: कई शहरों में बुकिंग 120% तक बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में क्रिकेट केवल एक खेल नहीं बल्कि पर्यटन को रफ्तार देने वाला एक बड़ा कारक बनकर उभरा है। ऑनलाइन होम-स्टे सुविधा देने वाले दिग्गज मंच 'एयरबीएनबी' के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में जारी बड़े क्रिकेट आयोजनों ने घरेलू यात्रा और आवास की मांग में जबरदस्त उछाल पैदा किया है। एयरबीएनबी की रिपोर्ट के अनुसार, इस बार मांग केवल दिल्ली-मुंबई जैसे महानगरों तक सीमित नहीं है। क्रिकेट मैचों की मेजबानी करने वाले उभरते केंद्रों में पर्यटकों की दिलचस्पी सबसे ज्यादा देखी गई है। एयरबीएनबी के भारत और दक्षिण पूर्व एशिया के प्रमुख अमनप्रीत सिंह बजाज ने कहा कि क्रिकेट प्रेमियों के व्यवहार में एक नया बदलाव दिख रहा है। लोग अब केवल मैच देखने नहीं आ रहे, बल्कि वे अपनी यात्रा की अवधि बढ़ा रहे हैं। प्रशंसक उन शहरों के स्थानीय खान-पान और संस्कृति को अधिक गहराई से महसूस करने की कोशिश कर रहे हैं।

### विश्व कप और आईपीएल का डबल धमाका

वर्तमान में भारत और श्रीलंका संयुक्त रूप से आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप की मेजबानी कर रहे हैं। इसके तुरंत बाद इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) का आयोजन होना है। इन दो बड़े टूर्नामेंट्स के कारण अहमदाबाद और अन्य क्रिकेट केंद्रों में घरेलू यात्रियों की आवाजाही रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है।

# निगरानी बढ़ाने में अहम होगी एआई की भूमिका

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बुधवार को कहा कि प्रौद्योगिकी, खासकर एआई बाजार निगरानी को मजबूत करने, जोखिम प्रबंधन बेहतर करने और निवेशकों में जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगी। सेबी प्रमुख ने यहां एक कार्यक्रम में वैश्विक एवं घरेलू संस्थागत निवेशकों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था का आकार बढ़ने के साथ वृद्धि का अगला चरण केवल कारोबार की मात्रा और मूल्यांकन से नहीं, बल्कि बाजार की गुणवत्ता, कॉरपोरेट संचालन, पारदर्शिता, तरलता और संस्थागत मजबूती से तय होगा। प्रौद्योगिकी, जिसमें एआई भी शामिल है, निगरानी प्रणाली को सशक्त बनाने में भूमिका निभाएगी।

# सावधान! आपकी जेब पर चल रही है बैंक की साइलेंट कैंची

विशेष रिपोर्ट | अर्थ डेस्क

डिजिटल इंडिया के इस दौर में बैंकिंग जितनी आसान हुई है, अनजाने शुल्कों का बोझ भी उतना ही बढ़ा है। साल 2026 की शुरुआत के साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकिंग प्रणाली में पारदर्शिता लाने के लिए कई कड़े बदलाव किए हैं।

अब जहां एक ओर 'डार्क पैटर्न्स' (भ्रामक डिजिटल ट्रिक्स) पर जुलाई 2026 तक पूर्ण प्रतिबंध की तैयारी है, वहीं न्यूनतम बैलेंस न रखने पर लगने वाले जुर्माने को भी 'प्रोपोर्शनल' (आनुपातिक) बना दिया गया है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि आपके खाते से कटने वाले एसएमएस चार्ज, एटीएम ट्रांजैक्शन लिमिट और डेबिट कार्ड के वार्षिक रखरखाव शुल्क आपके साल भर की बचत का एक बड़ा हिस्सा चुपचाप खत्म कर सकते हैं?

पेश है एक विस्तृत गाइड, जो न केवल आपको इन शुल्कों से परिचित कराएगी बल्कि आपके गाढ़े पसीने की कमाई बचाने के रास्ते भी दिखाएगी।

### न्यूनतम शेष राशि (मिनिमम बैलेंस पेनल्टी)

ज्यादातर बैंकों में आपको अपने खाते में एक निश्चित औसत राशि रखनी होती है। सरकारी बैंकों (जैसे एसबीआई) में अब जीरो बैलेंस की सुविधा है, जबकि प्राइवेट बैंकों में शहर के अनुसार 2,000 से 15,000 तक रखना अनिवार्य होता है। यदि आप यह बैलेंस नहीं रखते, तो बैंक 30 से लेकर 600 तक (शहर और बैंक के अनुसार) जुर्माना लगा सकते हैं। हमेशा अपने खाते का औसत बैलेंस चेक करते रहें। यदि आप बैलेंस नहीं रख पा रहे हैं, तो बी-एस-बी-डी (बेसिक सेविंग्स बैंक डिपॉजिट) खाते या ज़ीरो बैलेंस खाते में स्विच करें।

### एटीएम ट्रांजैक्शन शुल्क

बैंक हर महीने कुछ फ्री ट्रांजैक्शन (आमतौर पर 3 से 5) देते हैं, इसके बाद शुल्क लगता है। फ्री लिमिट खत्म होने के बाद प्रति ट्रांजैक्शन 20 से 25 तक का चार्ज लग सकता है। महीने में कम बार लेकिन जरूरत के हिसाब से बड़ी राशि निकालें। जहाँ संभव हो यूपीआई का उपयोग करें ताकि नकद निकालने की जरूरत कम पड़े।

### डेबिट कार्ड वार्षिक शुल्क

बैंक आपके डेबिट कार्ड के रखरखाव के लिए साल में एक बार शुल्क काटते हैं। शुल्क कार्ड के प्रकार (क्लासिक, प्लैटिनम, सिग्नेचर) के आधार पर 150 से 1500 + जीएसटी तक हो सकता है। यदि आपको खास फीचर्स (जैसे एयरपोर्ट लाउंज एक्सेस) की जरूरत नहीं है, तो रुपे (RuPay) क्लासिक या बेसिक कार्ड का चुनाव करें, जिनका शुल्क कम होता है।

### एसएमएस अलर्ट शुल्क

बैंक आपको ट्रांजेक्शन की जानकारी देने के लिए एसएमएस भेजते हैं, जिसका शुल्क लिया जाता है। यह आमतौर पर 15 से 20 प्रति तिमाही (क्वार्टरली) होता है शुल्क। आप बैंक के मोबाइल ऐप की 'पुश नोटिफिकेशन' चालू कर सकते हैं और एसएमएस अलर्ट बंद करवा सकते हैं (हालांकि सुरक्षा के लिए एसएमएस रखना बेहतर है)।




### अपर्याप्त बैलेंस के कारण ट्रांजैक्शन फेल होना

जब आप एटीएम से पैसे निकालते हैं या चेक/ईसीएस के जरिए पेमेंट करते हैं और खाते में पैसे कम होते हैं, तो ट्रांजैक्शन फेल होने पर जुर्माना लगता है। एटीएम डिक्लाइन पर 15-25 और चेक बाउंस पर 250 से 500 तक शुल्क लगता है। कोई भी पेमेंट या विड्रॉल करने से पहले अपने मोबाइल ऐप पर बैलेंस जरूर चेक करें।

# बंगाल एसआईआर : मतदाता पहचान के लिए अकेले एडमिट कार्ड मान्य नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा-साथ में 10वीं की मार्कशीट को लगाना होगा

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को स्पष्ट किया कि पश्चिम बंगाल में जारी मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में पहचान सत्यापन के लिए कक्षा 10 के प्रवेश पत्र को उत्तीर्ण होने के प्रमाणपत्र के साथ लगाया जा सकता है।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता डीएस नायडू द्वारा मामले का उल्लेख किए जाने के बाद आदेश पारित किया।

अधिवक्ता ने इस बारे में चिंता जताई थी कि क्या इस तरह के प्रवेश पत्रों को अपने आप में पूर्ण पहचान दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह पहले ही निर्देश दे चुकी है कि प्रवेश पत्र केवल पूरक दस्तावेज होगा। पीठ ने कहा कि 24 फरवरी, 2026 के आदेश के अनुच्छेद 3(3) में उल्लिखित सभी दस्तावेज, जो अब तक अपलोड नहीं किए गए हैं और 15 फरवरी से पहले प्राप्त हुए हैं, उन्हें निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों और सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों द्वारा कल 5 बजे तक पीठासीन न्यायिक अधिकारियों को प्रस्तुत किया जाएगा। उसने कहा कि इस तरह, अनुच्छेद 3(तीन)(सी) में यह स्पष्ट किया गया कि माध्यमिक (कक्षा 10) के प्रवेश पत्रों को जन्म प्रमाण पत्र और पारिवारिक पहचान के रूप में उत्तीर्ण प्रमाण पत्र के साथ प्रस्तुत किया जा सकता है। उच्चतम न्यायालय ने मतदाता सूची से नाम हटाये जाने की आशंका से संबंधित 80 लाख दावों को निपटाने के लिए पश्चिम बंगाल के 250 जिला न्यायाधीशों और झारखंड-ओडिशा से न्यायिक अधिकारियों को तैनात करने की अनुमति दी।

## करुणा मौत के पीछे की वजह

बेंगलुरु में 76 वर्षीय पूर्व इसरो वैज्ञानिक नागेश्वर राव द्वारा अपनी 63 वर्षीय पत्नी संध्या श्री की हत्या करन और फिर आत्महत्या का प्रयास, यह घटना केवल एक अपराध नहीं, बल्कि हमारे बदलते समाज की एक गहरी त्रासदी और सभ्य आधुनिकता के खोखलेपन का आईना है। एक ऐसी मानसिक अवस्था को दर्शाता है जहां भविष्य का भय वर्तमान के जीवन से बड़ा हो जाता है। नागेश्वर की इकलौती बेटी अमेरिका में रहती है। घर पर दूसरा उनकी देखरेख के लिए कोई नहीं है। ऐसे में अकेलेपन की कोख से इस त्रासदी ने जन्म लिया और एक शिक्षित, बौद्धिक और समाज में सम्मानित व्यक्ति ने अपनी जीवन संगिनी का अंत कर दिया, उन्हें भय था कि मेरे बाद बीमार पत्नी को कौन संभालेगा। यह घटना भीतर से हमें झकझोरती है कि हम कैसा जीवन जी रहे हैं। आधुनिकता की दौड़ में जैसे हम रिश्ते-नाते खोते जा रहे हैं।

## अवसाद या अकेलापन



### हत्या के पीछे का मनोविज्ञान

- केयरगिवर बर्डन : लंबे समय तक बीमार जीवनसाथी की देखभाल करते-करते देखभाल करने वाला व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से टूट जाता है।
- भविष्य की चिंता : अपनी मृत्यु की कल्पना और उसके बाद असहाय साथी के दुख के विचार से उत्पन्न होने वाला चरम भय।
- परोपकारी हत्या : मनोविज्ञान में इसे वह स्थिति माना जाता है जहां व्यक्ति को लगता है कि वह पीड़ित को कष्ट से मुक्ति दिला रहा है।
- गंभीर अवसाद : आरोपी पहले से ही अवसाद का इलाज करा रहे थे, जिससे सोचने-समझने की क्षमता प्रभावित हुई।

### आधुनिक जीवनशैली

- एकल परिवार : संयुक्त परिवार के टूटने से बुजुर्गों के पास संकट के समय कोई सपोर्ट सिस्टम नहीं बचा है।
- भौगोलिक दूरी : बच्चों का करियर के लिए विदेश जाना (जैसे इस मामले में बेटी अमेरिका में थी) बुजुर्गों को भावनात्मक रूप से अनाथ बना देता है।
- सामाजिक अलगाव : अपार्टमेंट संस्कृति और सीनियर लिविंग समाज में सुरक्षा तो देते हैं, लेकिन भावनात्मक जुड़ाव की कमी अक्सर अकेलापन बढ़ा देती है।

### हम क्या कर सकते हैं

- पड़ोसी धर्म : अपार्टमेंट कल्चर से निकलकर पड़ोसियों से मेलजोल बढ़ाना ताकि किसी के घर में चल रहे तनाव का समय पर पता चल सके।
- संस्थागत जिम्मेदारी : सीनियर लिविंग कम्युनिटी को आवास ही नहीं, बल्कि इमर्जेंसी रिस्पॉन्स टीम और 24/7 केयर स्टाफ उपलब्ध कराना चाहिए।
- परिवार का जुड़ाव : दूर रहने वाले बच्चों को वीडियो कॉल के साथ भौतिक उपस्थिति भी सुनिश्चित करनी चाहिए।

### सरकार और संस्थाओं के लिए जरूरी कदम

- सामुदायिक निगरानी : पुलिस और स्थानीय प्रशासन को अकेले रहने वाले बुजुर्गों का डेटाबेस बनाकर नियमित डोर-टू-डोर संपर्क करना चाहिए।
- मानसिक स्वास्थ्य सहायता : बुजुर्गों के लिए समर्पित 'हेल्पलाइन' और मुफ्त मनोवैज्ञानिक परामर्श केंद्र होने चाहिए।
- जेरिएट्रिक केयर : सरकारी अस्पतालों में बुजुर्गों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए विशेष वार्ड और घर पर देखभाल की सुविधाएं बढ़ानी होंगी।
- कानूनी सुधार : आत्महत्या के प्रयास को मानसिक बीमारी के रूप में देखा जाना चाहिए।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### तुर्किये का सैन्य विमान क्रैश, पायलट की मौत

**अंकारा।** तुर्किये वायु सेना का एफ-16 लड़ाकू विमान मंगलवार और बुधवार की दरम्यानी रात पश्चिमी तुर्किये में एक राजमार्ग के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें उसके पायलट की मौत हो गई। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, बालिकेसिर प्रांत में स्थित 9वें मुख्य जेट बेस से उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद विमान से आधी रात के आसपास रेडियो और रडार संपर्क टूट गया। मंत्रालय ने बताया कि तुरंत शुरू किए गए खोज और बचाव अभियान के बाद विमान का मलबा मिल गया। हादसे में पायलट की मौत हो गई।

### बंगाल, झारखंड में 3 कोर्ट को मिली धमकी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल और झारखंड की तीन निचली अदालतों को बुधवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली, हालांकि तलाशी अभियान में कुछ भी संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। बम की धमकी मिलने के बाद लोगों को अदालत से निकाला गया और तलाशी अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा एजेंसियों को अब तक की तलाशी में कोई विस्फोटक सामग्री नहीं मिली है। अधिकारियों ने बताया कि पश्चिम बंगाल के आसनसोल और सूरी की जिला अदालतों तथा झारखंड की धनबाद दीवानी अदालत को बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल मिले।

### वेनेजुएला में 3,200 से अधिक कैदी रिहा

**काराकस।** वेनेजुएला की नेशनल असेंबली के एक विशेष आयोग ने ऐलान किया है कि नए क्षमा कानून के लागू होने के चार दिन में 3,200 से अधिक लोगों को पूर्ण रूप से रिहा किया जा चुका है। रिहा होने वालों में जेल से छोड़े गए कैदियों के साथ-साथ वे लोग भी शामिल हैं जिन्हें पहले घर पर नजरबंद या अन्य प्रतिबंधों के तहत रखा गया था। आयोग के प्रमुख सांसद जॉर्ज अरेआज़ा ने कहा कि अब तक रिहाई के लिए 4,203 आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि अनुरोधों के मूल्यांकन के बाद 3,052 लोगों को घर पर नजरबंदी या अन्य प्रतिबंधों से पूर्ण स्वतंत्रता दी गई है, जबकि 179 अन्य को जेल से रिहा किया गया है।

### संजय लीला भंसाली की तबीयत ठीक

**मुंबई।** दिल का दौरा पड़ने के बाद फिल्म निर्माता संजय लीला भंसाली को अस्पताल में भर्ती कराए जाने की खबरों के बीच उनके परिवार ने बुधवार को बताया कि भंसाली बिल्कुल ठीक हैं। परिवार ने भंसाली को दिल का दौरे पड़ने की पुष्टि नहीं की और न ही जिक्र किया, बताया कि वह नियमित जांच के लिए अस्पताल गए थे।

# बच्चों के टीकाकरण दिशा निर्देशों में बदलाव पर ट्रंप प्रशासन पर मुकदमा

## मामला दर्ज कराने वाले राज्यों ने नई सिफारिशों को स्वास्थ्य के लिए बताया खतरनाक

- नई सिफारिशों को चिकित्सकीय सलाह की अनदेखी बताया

सैक्रामेंटो (अमेरिका), एजेंसी

अमेरिका में एक दर्जन से अधिक राज्यों ने बच्चों के टीकाकरण के लिए सिफारिशों में बदलाव को सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए अवैध और खतरनाक कदम बताते हुए ट्रंप प्रशासन के खिलाफ मुकदमा दायर किया है।

राज्यों ने मंगलवार को दायर याचिका में कहा कि रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने पिछले महीने यह घोषणा कर बच्चों के जीवन को जोखिम में डाल दिया कि अब सभी बच्चों को फ्लू, रोटावायरस, हेपेटाइटिस ए, हेपेटाइटिस बी, कुछ प्रकार के मेनिन्जाइटिस और आरएसवी के खिलाफ अनिवार्य रूप से टीका लगाने की सिफारिश नहीं की जाएगी। नए दिशानिर्देश के तहत इन बीमारियों से सुरक्षा केवल उन समूहों के लिए सुझाई गई है जिन्हें उच्च जोखिम वाला माना गया है या फिर डॉक्टर की सलाह पर साझा निर्णय प्रक्रिया के तहत टीकाकरण की अनुशंसा की गई है। इस बदलाव की चिकित्सा विशेषज्ञों ने आलोचना की है। एरिज़ोना और कैलिफोर्निया सहित राज्यों ने कहा कि नई सिफारिशें लंबे समय से चली आ रही चिकित्सीय सलाह की अनदेखी करती हैं और इससे बीमारियों के प्रकोप को रोकने के लिए राज्यों को अधिक खर्च करना पड़ेगा। एरिज़ोना की अटॉर्नी जनरल क्रिस मेयस ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, देशभर के बच्चों का स्वास्थ्य और सुरक्षा कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है। यह किसी सांस्कृतिक युद्ध का विषय नहीं है। स्वास्थ्य एवं मानव सेवा विभाग की प्रेस सचिव एमिली जी. हिलियार्ड ने शिकायत को मुकदमे के रूप में पेश किया गया प्रचार का हथकंडा करार दिया।



### स्वास्थ्य कर्मचारियों की छंटनी भी अवैध बताया

स्वास्थ्य मंत्री रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर के कार्यकाल में संघीय सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसियों से हजारों कर्मचारियों की छंटनी, वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए धन में कटौती तथा फ्लोराइड सहित अन्य मुद्दों पर सरकारी दिशा-निर्देशों में बदलाव किए गए हैं। पिछले वर्ष कैनेडी ने एक टीका सलाहकार समिति के सभी सदस्यों को हटाकर अपने नियुक्त सदस्यों को शामिल किया था, जिसे मंगलवार को दायर याचिका में अवैध बताया गया है। कुछ महीने पहले ही कैलिफोर्निया, वाशिंगटन और ओरेगन के डेमोक्रेटिक गवर्नरों ने अपनी अलग टीकाकरण सिफारिशों के लिए एक गठबंधन किया था। कहा था, ट्रंप प्रशासन पर स्वास्थ्य को जोखिम में डाल रहा है।

### प्रवासी बच्चों की वापसी का विरोध

**मैकलीन।** अमेरिका में वकीलों ने एक याचिका दायर करके अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा (सीबीपी) अधिकारियों को पिछले वर्ष शुरू की गई उस संघीय नीति पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया है, जिसके तहत बिना अभिभावकों के देश में प्रवेश करने वाले प्रवासी बच्चों पर स्वेच्छा से वापस जाने के वास्ते जोर दिये जाने का प्रावधान है। मानव तस्करी पीड़ित संरक्षण पुनः अनुमोदन अधिनियम के अनुसार, बिना अभिभावकों के देश में अवैध प्रवेश करते हुए सीमा पर पकड़े गए प्रवासी बच्चों को एक अलग संघीय एजेंसी ऑफिस ऑफ रिफ्यूजी रीसेटलमेंट के तहत संचालित आश्रयस्थल में भेजना अनिवार्य है।

## सीआईए की ईरान में मुखबिरों को मदद की पेशकश

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान में सैन्य हमलों पर विचार करने के बीच अमेरिकी केंद्रीय खुफिया एजेंसी ने मंगलवार को ईरान में संभावित मुखबिरों को मदद की पेशकश की और सुरक्षित रूप से संपर्क करने के तरीकों के बारे में फारसी भाषा में निर्देश दिए। फारसी, कोरियाई, रूसी और मंदारिन भाषाओं में भेजे गए भर्ती संदेशों की श्रृंखला में यह हालिया पोस्ट है जिनमें केंद्रीय खुफिया एजेंसी (सीआईए) से संपर्क करने के सुरक्षित तरीके बताए गए हैं। मंगलवार को एक्स, इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर पोस्ट किया गया फारसी भाषा का यह संदेश ऐसे समय में आया है जब अमेरिका-ईरान संबंध बेहद तनावपूर्ण हैं और ईरान की सरकार को देश में नए विरोध प्रदर्शनों का सामना करना पड़ रहा है।

ईरान के साथ तनाव बढ़ने के कारण अमेरिका ने पश्चिम एशिया में पिछले कुछ दशकों में अपनी सबसे बड़ी सैन्य शक्ति तैनात की है। ट्रंप ने जनवरी में ईरान में हुए देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों पर सरकार की कड़ी कार्रवाई के जवाब में सैन्य कार्रवाई की चेतावनी दी थी। इसके बाद उन्होंने ईरान को विवादित परमाणु कार्यक्रमों के संबंध में समझौता करने की चेतावनी दी।

# अरुणाचल की महिलाओं पर नस्लीय टिप्पणी, दो को जेल

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली की कोर्ट ने टिप्पणी को गंभीर माना, दंपती को दी सजा

दिल्ली की एक अदालत ने पूर्वोत्तर की तीन महिलाओं पर नस्लीय टिप्पणी करने के आरोपी एक दंपती को बुधवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दंपति को बुधवार को मजिस्ट्रेट भानु प्रताप सिंह के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें 11 मार्च तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। दिल्ली पुलिस ने दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में पूर्वोत्तर की रहने वाली अपनी तीन पड़ोसियों पर नस्लीय टिप्पणी करने के आरोप में बुधवार को रूबी जैन और उसके पति हर्ष को गिरफ्तार किया था।

मालवीय नगर पुलिस थाने में दर्ज प्राथमिकी की जांच के बाद दंपती को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के अनुसार, 20 फरवरी को किराए के मकान में मरम्मत कार्य को लेकर हुए विवाद के दौरान रूबी जैन ने अरुणाचल प्रदेश की तीन महिलाओं के खिलाफ कथित तौर पर अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं। पुलिस ने प्राथमिकी में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा को भी शामिल किया है। पुलिस ने बताया कि शुरू में मामला भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज किया गया था, जिनमें आपराधिक धमकी, महिला की गरिमा का अपमान और विभिन्न समूहों के बीच वैमनस्य फैलाने से संबंधित आरोप शामिल हैं।

### अत्याचार को सहन नहीं करेंगे : रीजीजू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू और अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने बुधवार को कहा कि पूर्वोत्तर के लोगों पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस तरह के अपराध करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। रीजीजू और खांडू दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में अरुणाचल प्रदेश की तीन लड़कियों के साथ हुई उस घटना पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिसमें उनके पड़ोसियों द्वारा कथित तौर पर नस्लीय टिप्पणी की गई थी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि घटना की सूचना मिलने के दिन से ही वह और उनका कार्यालय संबंधित अधिकारियों के संपर्क में थे। उन्होंने यहां कहा कि मैंने व्यक्तिगत रूप से पुलिस से बात की है और इस मामले पर नजर रख रहा हूं। हम आरोपियों को ऐसा सबक सिखाएंगे, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि पूर्वोत्तर के किसी भी व्यक्ति के साथ कोई दुर्व्यवहार न करे।

# ब्रिटेन में अब भारतीयों के लिए ई-वीजा अनिवार्य

लंदन, एजेंसी

- ब्रिटिश सरकार ने लागू की यात्रा में डिजिटल प्रणाली

ब्रिटेन में बुधवार से लागू हो रहे नए नियमों के तहत एक डिजिटल पारगमन प्रणाली शुरू हो रही है, जिसमें भारतीय यात्रियों के लिए अनिवार्य ई-वीजा और बिना वीजा वाले आगंतुकों के लिए इलेक्ट्रॉनिक यात्रा अनुमति (ईटीए) लेना शामिल है। हाल के वर्षों में चरणबद्ध तरीके से लागू किए गए इस कार्यक्रम के तहत नई प्रक्रिया कागज आधारित वीजा स्टिकर की जगह लेगी।

हालांकि, नई प्रणाली में बायोमेट्रिक पंजीकरण के लिए आवेदन केंद्र पर व्यक्तिगत रूप से जाना आवश्यक होगा, लेकिन इससे प्रक्रिया अवधि के दौरान पासपोर्ट दस्तावेज छोड़ कर जाने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी।

ब्रिटेन के प्रवासन और नागरिकता मंत्री माइक टैप ने कहा कि मैं ब्रिटेन की यात्रा करने के इच्छुक सभी लोगों से आग्रह करूंगा कि वे यात्रा के लिए पूरी तरह से तैयार रहें और उनके पास आवश्यक अनुमति हो, ताकि उनकी यात्रा सुगम हो सके। ब्रिटेन आने वाले यात्रियों के लिए डिजिटल यात्रा अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा, यदि उनके पास ई-वीजा, ईटीए या अन्य वैध दस्तावेज नहीं हैं तो एयरलाइन उन्हें विमान में सवार होने से रोक सकती है। ब्रिटेन ने पिछले साल ई-वीजा प्रणाली शुरू की थी, इस सप्ताह तक भौतिक दस्तावेज स्वीकारे।

## श्रीलंका में पूर्व खुफिया प्रमुख गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व राज्य खुफिया सेवा प्रमुख सुरेश सैली को 2019 के ईस्टर बम धमाकों की जांच के सिलसिले में बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। सैली को सीआईडी ने कोलंबो के उपनगर पेलियागोड़ा में उस समय हिरासत में लिया, जब वह एक गैर-सरकारी संगठन में काम करने जा रहे थे। उनकी गिरफ्तारी 2019 के ईस्टर संडे धमाकों से जुड़ी है। साल 2019 में ईस्टर पर कोलंबो के गिरजाघरों और पांच सितारा होटलों में हुए हमलों में 11 भारतीयों सहित 270 लोगों की मौत हुई थी। हमलों के समय सैली विदेश में राजनयिक पद पर तैनात थे। सेवानिवृत्त मेजर जनरल सैली 2015 से पहले राजपक्षे सरकार के दौरान राज्य खुफिया सेवा के प्रमुख रह चुके थे।

# पुंछ में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़, हथियार बरामद

मेंढर/जम्मू, एजेंसी

- सीमावर्ती गांव में दहशतगर्दों ने बना रखा था अपना ठिकाना

सुरक्षा बलों ने बुधवार को जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले के एक सीमावर्ती गांव में आतंकवादियों के ठिकाने का पता लगाया और दो परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) तथा एक पिस्तौल सहित हथियारों का जखीरा बरामद किया है।

अधिकारियों ने बताया कि यह बरामदगी मेंढर क्षेत्र के सैलानी कसबलारी गांव में सेना और स्थानीय पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) द्वारा चलाए गए एक संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान की गई। उन्होंने बताया कि एक गुफा के भीतर छिपाकर रखे गए इन सामान में दो हथगोले और पिस्तौल के 24 कारतूस भी शामिल थे। सेना की व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अपने स्रोतों और पुलिस से प्राप्त खुफिया जानकारी के आधार पर, व्हाइट नाइट कोर के जवानों और एसओजी पुंछ ने मिलकर गनी वन क्षेत्र में एक संयुक्त अभियान चलाया।

अभियान के तहत विस्तृत तलाशी के दौरान मौके से एक बड़ा और एक छोटा आईईडी, दो चीनी हथगोले, नौ एमएम की एक पिस्तौल, नौ एमएम के दो कारतूस और 7.62 एमएम के 22 कारतूस बरामद किए गए। आईईडी और हथगोलों को नियंत्रित विस्फोट के जरिए नष्ट कर दिया गया।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज का दिन अत्यधिक शुभ रहने वाला है। कारोबारी यात्रा के योग बन रहे हैं। बेरोजगार लोगों को रोजगार के अवसर मिल सकते हैं।

**वृष** — आज लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं। जीवनसाथी से सलाह लेना उत्तम रहेगा।

**मिथुन** — आज नया व्यापार शुरू करना चाह रहे हैं तो उसके लिए पूरी योजना बना लें। रुके हुए कार्यों में तीव्रता आयेगी।

**कर्क** — आज किसी मित्र को धन उधार देना पड़ सकता है। सहयोगी आपसे ईर्ष्या रख सकते हैं। नशे और व्यभिचार से दूरी बनाकर रखें।

**सिंह** — आज आप किसी वैवाहिक समारोह में सम्मिलित हो सकते हैं। मित्रों के सहयोग से रुका हुआ काम गतिशील हो जायेगा।

**कन्या** — आज सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। शरीर में थोड़ी थकावट हो सकती है, इसीलिये आराम पर्याप्त मात्रा में अवश्य लें।

**तुला** — आज आप अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभायेंगे। पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज पारिवारिक कलह का सामना करना पड़ सकता है। अपने खर्चों को नियन्त्रित रखने का प्रयास करें।

**धनु** — आज जीवनसाथी आपसे पुरानी दबी हुई इच्छा को प्रकट कर सकता है। सरकारी कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता मिल सकती है।

**मकर** — आज कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए अतिरिक्त श्रम करना पड़ेगा। धार्मिक विषयों के अध्ययन में आपकी रुचि जागृत होगी।

**कुंभ** — आज नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों से संपर्क कम करना हितकर होगा। घर के खर्चे बढ़ने के कारण आपके ऊपर दबाव रहेगा।

**मीन** — आज वैवाहिक जीवन को आप पर्याप्त समय नहीं दे पायेंगे। जिसके कारण मन कुछ असन्तुष्ट रहेगा।

## आज का पंचांग

-पं. मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 26 फरवरी, गुरुवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, दशमी 27 फरवरी 12.33 तक तत्पश्चात एकादशी।

दिशाशूल- दक्षिण, ऋतु- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
**ताराबल**- भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- मृगशिरा 12.11 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

### सुडोकू - 72 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 6 | 8 | 7 | 9 | 2 | 1 | 4 |
| 8 | 2 | 9 | 5 | 1 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 8 | 5 |
| 5 | 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 6 | 9 | 1 |
| 1 | 6 | 4 | 9 | 8 | 7 | 5 | 2 | 3 |
| 9 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 4 | 7 | 8 |
| 4 | 9 | 3 | 1 | 6 | 8 | 7 | 5 | 2 |
| 2 | 7 | 8 | 3 | 9 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 4 | 2 | 8 | 3 | 9 |

### सुडोकू -73

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | 7 | 9 | | | 8 |
| | | 7 | | | | 4 | | |
| 2 | | 9 | | 6 | 4 | | | |
| 4 | | | | 1 | | 6 | | |
| | | 2 | | | | 9 | | |
| | | 1 | | 8 | | | | 3 |
| | | 6 | 8 | 3 | | 2 | | 5 |
| | | 8 | | | | 1 | | |
| 5 | | | 2 | 4 | 1 | | | |

# चर्चित लूव्र संग्रहालय की निदेशक ने दिया इस्तीफा

पेरिस, एजेंसी

- संग्रहालय से बेशकीमती गहनों की चोरी के बाद उठाया कदम

दुनिया के सबसे चर्चित लूव्र संग्रहालय से अक्टूबर में बेशकीमती गहनों की चोरी की घटना के बाद संग्रहालय की निदेशक लॉरेंस दे कार्स ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। गहनों की चोरी की घटना के बाद दुनिया के सबसे अधिक देखे जाने वाले इस संग्रहालय में सुरक्षा चूक, कर्मचारियों के असंतोष और कथित टिकट घोटाले को लेकर लगातार सवाल उठ रहे थे। निदेशक लॉरेंस दे कार्स ने एक चुनौतीपूर्ण वर्ष के बाद पद छोड़ा।

पूर्व शाही महल रहे इस प्रतिष्ठित संस्थान को अपोलो गैलरी से आभूषण चोरी, मोना लिसा के पास फरवरी मध्य में पाइप फटने की घटना, पानी के रिसाव से दुर्लभ पुस्तकों को नुकसान, कर्मचारियों के असहयोग और भीड़भाड़ व स्टाफ की कमी को लेकर अचानक हड़ताल जैसी घटनाओं का सामना करना पड़ा। हाल के सप्ताहों में तब दबाव और बढ़ गया जब फ्रांसीसी अधिकारियों ने संग्रहालय से जुड़े एक दशक से जारी कथित टिकट धोखाधड़ी नेटवर्क का खुलासा किया, जिससे लूव्र संग्रहालय को लगभग एक करोड़ यूरो का नुकसान होने का अनुमान है। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने दे कार्स का इस्तीफा स्वीकार करते हुए इसे जिम्मेदारी का कदम बताया और कहा कि इस समय लूव्र को सुरक्षा उन्नयन की आवश्यकता है।

**नवाचार** — वायासेट और बीएसएनएल ने शुरू किया देश में पहला पाठ्यक्रम

# सैटेलाइट संचार क्षेत्र में कौशल को देंगे बढ़ावा

- संयुक्त उपक्रम के तहत मिलेगा विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान

जबलपुर, एजेंसी

भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) और वायासैट इंडिया ने सैटेलाइट और सैटेलाइट तकनीक के अनुप्रयोग पर अपना पहला प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित भारत रत्न भीम राव अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेलीकॉम ट्रेनिंग में प्रस्तावित दूरसंचार नवाचार, अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्र (टीआईआरटीसी) के तत्वावधान में शुरू किया गया है। सैटेलाइट संचार के क्षेत्र में कौशल विकास एवं उद्योग की तैयारी को बढ़ावा देने के लिए बीएसएनएल और वायासैट इंडिया ने पिछले साल गठबंधन की घोषणा की थी। प्रशिक्षण के शुभारंभ समारोह की अध्यक्षता बीएसएनएल के सीएमडी रॉबर्ट रवि ने की। वायासैट के अध्यक्ष (कॉमर्शियल) बेन पामर, वायासैट इंडिया के प्रबंध निदेशक गौतम शर्मा, वायासैट के उपाध्यक्ष (एडवांस्ड एनटीएन सॉल्यूशंस) संदीप मूर्ति और दूरसंचार विभाग के अन्य अधिकारी भी संचार भवन में मौजूद थे। सैटेलाइट एवं सैटेलाइट प्रौद्योगिकी के उपयोग पर यह प्रारंभिक पाठ्यक्रम विद्यार्थियों और करियर के शुरुआती दौर में काम कर रहे पेशेवरों के लिए 22 घंटे का एक वर्चुअल प्रोग्राम है। बीएसएनएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक रॉबर्ट जे. रवि ने कहा, नवाचार को बढ़ावा देने और देशज क्षमताओं का निर्माण करने के हमारे लक्ष्य के अनुरूप वायासैट के साथ गठबंधन के तहत हमारा प्रारंभिक पाठ्यक्रम शुरू करने को लेकर हमें वास्तव में बहुत प्रसन्नता है। हम भविष्य में इस गठबंधन का विस्तार करने को प्रतिबद्ध हैं।



### देश को दूरसंचार सेवा में अग्रणी बनाना मकसद

इसका उद्देश्य संचार के उन्नत क्षेत्र में अत्यधिक कुशल जनशक्ति तैयार करना और भारत को दूरसंचार डिजाइन, विकास, विनिर्माण और सेवाओं में अग्रणी बनने में मदद करना है। वायासैट कॉमर्शियल के अध्यक्ष (कॉमर्शियल) बेन पामर ने कहा, भविष्य के लिए तैयार सैटेलाइट संबंधी प्रतिभा की पाइपलाइन का निर्माण करना महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत अपनी डिजिटल एवं उभरती टेक्नोलॉजी की महत्वाकांक्षा को लेकर आगे बढ़ रहा है। भविष्य में एक उत्कृष्टता केंद्र भी स्थापित करेंगे जहां छात्रों को व्यावहारिक अनुभव मिलेगा।



> दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबला सिर्फ छक्कों की होड़ का नहीं होगा। हमारी टीम का फोकस टी20 विश्व कप के अहम मैच में केवल बड़े शॉट लगाने पर नहीं बल्कि हर मौके का पूरा फायदा उठाकर ज्यादा से ज्यादा रन बनाने पर है।


# स्टेडियम

लखनऊ, गुरुवार, 26 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### एनआरएआई के राष्ट्रीय जज कोर्स में 47 प्रतिभागी शामिल

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में बुधवार को समाप्त हुए राष्ट्रीय जज कोर्स में रिकॉर्ड 47 प्रतिभागियों ने भाग लिया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के तत्वावधान में आयोजित किया गया यह कोर्स 21 फरवरी को शुरू हुआ था। एनआरएआई के महासचिव पवनकुमार सिंह ने बयान में कहा कि पांच दिवसीय कार्यक्रम में प्रतिभागियों को आईएसएसएफ के नियमों, रेंज प्रबंधन, स्कोरिंग प्रोटोकॉल आदि के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा, इस कोर्स में रिकॉर्ड प्रतिभागियों की उपस्थिति से भारतीय निशानेबाजी में निष्पक्षता और उत्कृष्टता सुनिश्चित करने वाले कुशल जज का मजबूत समूह तैयार करने के लिए एनआरएआई की प्रतिबद्धता का पता चलता है। उनका समर्पण विश्व स्तर पर भारत की निरंतर सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। एनआरएआई अब अगले महीने आईएसएसएफ बी जज कोर्स का आयोजन करेगा।

### सेना का चैंपियनशिप का खिताब बरकरार

**गुलमर्ग, एजेंसी :** सेना ने बुधवार को यहां खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों में अपना टीम चैंपियनशिप खिताब बरकरार रखा। इसके लिए उन्होंने गुलमर्ग चरण में आठ स्वर्ण सहित कुल नौ पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता के आखिरी दिन हिमाचल प्रदेश चार स्वर्ण पदक के साथ उप विजेता रहा। इन खेलों का समापन समारोह बृहस्पतिवार को यहां गोल्फ कोर्स में होगा। इन खेलों का पहला चरण 20-26 जनवरी तक लद्दाख में हुआ था। प्रतियोगिता के तीसरे दिन सेना और हिमाचल प्रदेश ने बराबर चार-चार स्वर्ण मेडल जीते जबकि मेजबान जम्मू-कश्मीर ने अपना पहला स्वर्ण पदक जीता।

### आईटीएफ कलबुर्गी टूर्नामेंट एक मार्च से

**कलबुर्गी (कर्नाटक), एजेंसी।** उभरती स्टार वैष्णवी अडकर उन कई भारतीय खिलाड़ियों में शामिल हैं जो यहां एक से आठ मार्च तक होने वाले आईटीएफ डब्ल्यू35 कलबुर्गी टेनिस टूर्नामेंट में भाग लेंगी। यह टूर्नामेंट आईटीएफ महिला विश्व टेनिस टूर का हिस्सा है और इसकी कुल पुरस्कार राशि 30,000 अमेरिकी डॉलर है।

## टी-20 वर्ल्ड कपः न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को 61 रनों से हराकर किया टूर्नामेंट से बाहर

**कोलंबो, एजेंसी**



न्यूजीलैंड ने बुधवार को यहां टी20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में श्रीलंका को 61 रन से हराकर सेमीफाइनल की ओर कदम बढ़ाया। जबकि श्रीलंका टूर्नामेंट से बाहर हो गया। श्रीलंका ने टॉस जीतकर न्यूजीलैण्ड को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। श्रीलंकाई ऑफ स्पिनर महीश तीक्षणा के तीन झटकों के बावजूद न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर (47 रन) और कोल मैककांकी (नाबाद 31रन)ने शानदार वापसी करते हुए बुधवार को यहां टी20 विश्व कप के 'करो या मरो' के सुपर आठ मैच में टीम को सात विकेट पर 168 रन तक पहुंचा दिया। श्रीलंका को न्यूजीलैण्ड ने जीत के लिए 169 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में खेलने उतरी श्रीलंका की टीम 20 ओवर में 7 विकेट खोकर केवल 107 रन ही बना सकी। इससे पूर्व न्यूजीलैंड ने 9.3 और 12.1 ओवर के बीच में नौ रन पर चार विकेट गंवा दिए थे।इसमें तीक्षणा (30 रन देकर तीन विकेट) ने बीच के ओवरों में मैच का रुख पलट दिया। मैककांकी ने अंत में मोर्चा संभाला जबकि सैंटनर ने महत्वपूर्ण समय पर सात विकेट के लिए महज 47 गेंद में 84 रन की अहम साझेदारी की।

## एफआईएच प्रो-लीग में भारत की पहली जीत

**होबार्ट, एजेंसी**

- ऑस्ट्रेलिया को शूटआउट में हराया



भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को यहां विश्व में तीसरे नंबर की टीम ऑस्ट्रेलिया को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से हराकर एफआईएच प्रो-लीग में लंबे समय से चले आ रहे हार के सिलसिले को खत्म कर दिया। दोनों टीमें निर्धारित समय तक 1-1 से बराबरी पर थीं। इस जीत से भारत का प्रो लीग के अगले चरण से पहले मनोबल बढ़ेगा।

पहले तीन क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के सामने हर तरह से कड़ी चुनौती पेश की। पहले तीन क्वार्टर में कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई। ऑस्ट्रेलिया ने आखिर में 49वें मिनट में जेरेमी हेवर्ड के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल की मदद से बढ़त हासिल कर ली। ऑस्ट्रेलिया की यह खुशी हालांकि क्षणिक रही क्योंकि शिलाानंद लाकड़ा (51वें मिनट) ने दो मिनट बाद ही एक शानदार मैदानी गोल करके स्कोर बराबर कर दिया।

इसके बाद दोनों टीमों ने निर्णायक गोल करने की पूरी कोशिश की लेकिन असफल रहीं और मैच शूटआउट में चला गया, जहां भारत ने जीत दर्ज करके दो अंक हासिल किए जबकि ऑस्ट्रेलिया को एक अंक मिला। भारत की तरफ से शूटआउट में लाकड़ा, मनिंदर सिंह और विष्णुकांत सिंह ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया का एकमात्र गोल हेवर्ड ने किया। भारतीय गोलकीपर मोहित शशिकुमार होन्नेनहल्ली ने ऑस्ट्रेलिया के बाकी खिलाड़ियों के शॉट रोककर जीत में अहम भूमिका निभाई। प्रो-लीग का राउरकेला चरण भारत के लिए निराशाजनक रहा था जहां वह अपने सभी चार मैच में हार गया था।

# भारत-जिम्बाब्वे मैच आज : करो या मरो की चुनौती

### सेमीफाइनल में जाने के लिए दोनों को ही जीतना होगा यह मुकाबला

**चेन्नई, एजेंसी**



कल गुरुवार को टी20 विश्व कप का हाईवोल्टेज मैच भारत और जिम्बाब्वे के बीच खेला जाएगा। सुपर आठ में दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद गिरे भारत के रनरेट ने चुनौती को और बढ़ा दिया है। भारत को यदि सेमिफाइनल में जगह बनानी है तो किसी भी हालत में कल का मैच जीतना ही होगा। सही कहा जाये कि यह स्थिति करो या मरो की है। ऐसा नहीं है कि ये हालात केवल भारत के लिए ही हैं। यही स्थिति जिम्बाब्वे के लिए भी है। उसे भी यदि सेमिफाइनल में जाना है तो जीतना है। यह बात की स्वीकारोक्ति आज प्रेस कॉन्फ्रेन्स में जिम्बाब्वे ऑलराउंडर रयान बर्ल ने की। माना कि दोनों ही टीमों के सामने चुनौती बड़ी कठिन है।

भारत के पास एक प्लस प्वाइंट ये है कि मैच भारत की ही धरती पर हो रहा है। लेकिन यही बात भारतीय टीम पर घरेलू दर्शकों के सामने खेलने और अहम मैच को जीतने का दबाव भी होगा। यह दबाव सूर्यकुमार यादव की टीम पर भारी न पड़े इसके लिए सूर्य कुमार और पूरी टीम को धैर्य के साथ एकाग्रचित्त होकर खेलना होगा।

सुपर आठ के पिछले मुकाबले में जहां भारत दक्षिण अफ्रीका से हारा था वहीं जिम्बाब्वे को वेस्टइंडीज के हाथों शिकस्त का सामना करना पड़ा था। जिम्बाब्वे की गेंदबाजी में विविधता उनके लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। वहीं भारत के पास आक्रामक बल्लेबाज हैं जो पावर प्ले का पूरा फायदा उठाते हैं। साथ ही किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त कर सकते हैं। भारत का गेंदबाजी आक्रमण भी अच्छा है। जिम्मबाब्वे के पास बाएं हाथ का तेज गेंदबाज है, दाएं हाथ का तेज गेंदबाज है, दो लेग स्पिनर हैं और एक ऑफ स्पिनर है, एक बाएं हाथ का ऑफ स्पिनर है। जिम्बाब्वे की यही विविधता भारत को चुनौती है।

### नंबर-3 पर खेल सकते हैं संजू सैमसन

**चेन्नई, एजेंसी।** टी-20 विश्व कप के सुपर-8 मुकाबले में जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाले अहम मैच से पहले भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कई बड़े संकेत दिए। यहां आउट ऑफ फॉर्म खिलाड़ियों का बचाव किया। वहीं क्रम में बदलाव कीसंभावना से इनकार भी नहीं किया। नंबर-3 पर संजू सैमसन को उतारने के सवाल पर कोटक ने साफ कहा कि विचार जरूर होगा। क ने माना कि टीम कॉम्बिनेशन को लेकर मंथन चल रहा है। उन्होंने कहा कि बाएं हाथ के दो बल्लेबाज ओपनर हैं और नंबर-3 पर भी बाएं हाथ का बल्लेबाज है। विपक्षी टीम स्पिन का इस्तेमाल कर रही है, ऐसे में बदलाव की संभावना को नकारा नहीं जा सकता।

### विश्व कप जीतना है तो दबाव सहना ही होगा: कोटक



**चेन्नई, एजेंसी।** भारत के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने बुधवार को स्वीकार किया कि जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में उनकी टीम पर दबाव रहेगा। हालांकि उन्होंने विश्वास जताया कि खिलाड़ी इससे निपटने में सफल रहेंगे। बता दें कि अहमदाबाद में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सुपर आठ के पहले मैच में 76 रन से हारने के बाद भारत को अब सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अपने बाकी बचे दोनों मैच जीतने होंगे। जिम्बाब्वे के बाद वह रविवार को कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलेगा। कोटक ने मैच की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से कहा, 'विश्व कप भारत में खेला जा रहा है इसलिए दबाव और उम्मीद होना स्वाभाविक है।' कोटक को भारतीय खिलाड़ियों की मानसिक दृढ़ता पर कोई संदेह नहीं है। अगर हम विश्व कप जीतना चाहते हैं तो हमें दबाव से निपटना होगा।'

### भारत के खिलाफ उसकी धरती पर खेलना बहुत बड़ी चुनौती: बर्ल



**चेन्नई, एजेंसी।** जिम्बाब्वे के ऑलराउंडर रयान बर्ल ने स्वीकार किया कि भारत के खिलाफ उसकी धरती पर खेलना बहुत बड़ी चुनौती है। लेकिन कहा कि घरेलू दर्शकों के सामने गुरुवार को यहां टी20 विश्व कप का अहम मैच खेलने का दबाव सूर्यकुमार यादव की टीम पर भारी पड़ सकता है। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाफ हारने के कारण सुपर आठ का यह मैच भारत और जिम्बाब्वे दोनों के लिए करो या मरो जैसा बन गया है। बर्ल ने मैच की पूर्व संध्या पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, यह हमारे लिए करो या मरो जैसा मैच है, लेकिन भारत की स्थिति भी हमारे जैसे ही है। सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए दोनों टीमों को कल का मैच हर हाल में जीतना होगा। उन्होंने कहा, हमें भारत के साथ ज़्यादा खेलने का मौका नहीं मिलता, इसलिए हम इस मैच का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे थे।

### भारत को टीम कॉम्बिनेशन बदलना होगा : रवि शास्त्री

**चेन्नई, एजेंसीः** टीम इंडिया के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सुपर आठ चरण के पहले मुकाबले में मिली हार भारत के लिए खतरे की घंटी है। अब उसे टीम संयोजन पर पुनर्विचार करना होगा। दक्षिण अफ्रीका से रविवार को 76 रन से मिली पराजय के बाद भारत को अब बृहस्पतिवार को जिम्बाब्वे से खेलना है। पिछले टी-20 विश्व कप से चले आ रहे 12 मैचों में जीत के सिलसिले पर भी इससे रोक लग गई। शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू के ताजा अंक में कहा, आपने लगातार 12 मैच जीते तो एक खराब दिन तो आना ही है, लेकिन मुझे खुशी है कि यह जल्दी आ गया। यह भारत के लिए जरूरी खतरे की घंटी रहा। इससे अब टीम को रणनीति और संयोजन पर फिर से विचार करना होगा।' उन्होंने कहा, 'उन्होंने पिछले अनुभव से सबक ले लिया होगा कि चीजों को हलके में नहीं लेना है। एक और मैच हारने से काफी दबाव बन जायेगा।'शास्त्री ने भारतीय टीम को अतिरिक्त स्पिनर लेकर उतरने की सलाह दी। उन्होंने कहा,अक्षर पटेल को वापिस लाना ही होगा।

## डोगरा के 'हेड-बट' से तनाव, जम्मू-कश्मीर छह विकेट पर 527 रन

**हुबली,एजेंसी**



शॉट खेलते जम्मू-कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा। ● अमृत विचार

कप्तान पारस डोगरा (70 रन) ने अर्धशतकीय पारी खेली लेकिन कर्नाटक के स्थानापन्न खिलाड़ी केवी अनीश को जानबूझकर सिर से मारने (हेड-बट) की उनकी हरकत ने जम्मू-कश्मीर की अच्छी बल्लेबाजी पर पानी फेर दिया। जम्मू-कश्मीर ने रणजी ट्रॉफी फाइनल के दूसरे दिन स्टंप तक छह विकेट पर 527 रन बना लिए। डोगरा के साथ विकेटकीपर बल्लेबाज कन्हैया वधावन (70), साहिल लोत्रा (नाबाद 57 रन) सभी ने अच्छा योगदान दिया।

कर्नाटक के गेंदबाजों के लिए यह दिन मुश्किल रहा जिसमें सिर्फ प्रसिद्ध कृष्णा (29 ओवर में 90 रन देकर तीन विकेट) ही प्रभाव डाल सके। हालांकि 21 सत्र के रणजी खिलाड़ी डोगरा के बर्ताव ने सभी को हैरान कर दिया। प्रसिद्ध की गेंद पर एक बाउंड्री लेने के बाद 'सिली प्वाइंट' क्षेत्ररक्षक अनीश को ''हेड-बट'' मारने की घटना कैमरे में कैद हो गई। यह साफ नहीं था कि अनीश की किसी भी बात से डोगरा को बुरा लगा होगा। उन्होंने अनीश से बहस की और फिर उनके हेलमेट पर सिर से धक्का दिया। इसके बाद उनके सीनियर साथी मयंक अग्रवाल बीच बचाव करने आए और दोनों के बीच खड़े हो गए। अग्रवाल को डोगरा के साथ बातचीत करते देखा गया, इसके बाद मैदानी अंपायर रोहन पंडित और उल्हास गंधे ने बीच-बचाव किया। कुछ देर बाद कर्नाटक के कप्तान देवदत्त पडिक्कल को भी अंपायरों से बात करते और डोगरा के बारे में शिकायत करते देखा गया।

### डोगरा पर लग सकता है मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना

**हुबली, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा पर बुधवार को यहां रणजी ट्रॉफी फाइनल के दूसरे दिन कर्नाटक के स्थानापन्न क्षेत्र रक्षक केवी अनीश को जानबूझकर सिर से मारने (हेड-बट) के लिए मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लग सकता है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के मैच रेफरी नारायणन कुट्टी की तरफ से जुर्माने की आधिकारिक घोषणा मैच खत्म होने के बाद ही होगी। लेकिन प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाड़ी के साथ मारपीट करने पर सजा और मैच प्रतिबंध लगता है। इस मामले में हालांकि घरेलू क्रिकेट के इस स्टार को कम सजा मिल सकती है। डोगरा पहले दिन नौ रन पर रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। वह दूसरे दिन अब्दुल समद के रूप में जम्मू-कश्मीर का तीसरा गिरने पर वापस क्रीज पर आए। प्रसिद्ध कृष्णा ने 41 साल के कप्तान डोगरा का स्वागत लगातार शॉर्ट गेंद फेंककर किया। वहीं करीब के क्षेत्ररक्षकों ने इस पर मैदान पर कुछ फब्तियां भी कीं जिसमें ''सिली प्वाइंट'' पर खड़े अनीश भी शामिल थे। पारी के 101वें ओवर में डोगरा ने प्रसिद्ध की गेंद को अजीब तरह से खेला और यह खाली थर्ड स्लिप से बाउंड्री के लिए निकल गई। फिर देखा गया कि डोगरा मैदानी अंपायर अंपायर रोहन पंडित और उल्हास गांधे का ध्यान दिलाने के बाद अनीश की ओर दौड़े और धीरे से अनीश को सिर से मारा जिन्होंने भी करीब से क्षेत्ररक्षण करने के कारण हेलमेट पहना हुआ था। फिर मयंक अग्रवाल भागे और बीच बचाव करने आए। फिर उनकी बहस हो गई जिसके बाद कर्नाटक के कप्तान देवदत्त पडिक्कल खुश नहीं थे।

## शतरंज में बेईमानी को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गयाः गुकेश

**प्राग, एजेंसी**



विश्व चैम्पियन डी गुकेश ने साफ तौर पर कहा है कि शतरंज मे बेईमानी की समस्या उतनी बड़ी नहीं है जितनी उसे पेश किया जा रहा है। गुकेश ऑनलाइन खेल को प्रभावित करने वाले बेईमानी के खतरे के खिलाफ रूसी ग्रैंडमास्टर ब्लादीमिर क्रामनिक की विवादास्पद मुहिम के पक्षधर भी नहीं हैं। पूर्व विश्व चैम्पियन क्रामनिक ने अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) पर मानहानि का मुकदमा दायर किया है। चूंकि फिडे ने अमेरिका के दिवंगत ग्रैंडमास्टर डेनियल नारोदित्स्की और चेक खिलाड़ी डेविड नवारा के खिलाफ धोखेबाजी के आरोपों के लिये उन्हें फटकारा था। नारोदित्स्की की असामयिक मौत काफी चर्चा में रही और उनका आखिरी वीडियो स्ट्रीम भी, जिसमें उन्होंने क्रामनिक के आरोपों के कारण मानसिक तनाव की बात की थी।

हालांकि हाल ही में आई एक मेडिकल रिपोर्ट में कहा गया कि उनकी मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई थी। गुकेश ने प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के लिए आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,मैं किसी भी तरह के अनुचित खेल के खिलाफ हूं। यह ऐसी समस्या है जो देखने में आई है। मैंने न तो कभी बेईमानी की है और उम्मीद करता हूं कि कोई ऐसा नहीं करता होगा।' उन्होंने कहा , मुझे लगता है कि लोग इस समस्या को बढ़ा चढ़ाकर पेश कर रहे हैं, इतनी समस्या है नहीं। क्रामनिक के आरोपों की बात करें तो अधिकांश से मैं इत्तेफाक नहीं रखता। मुझे लगता है कि शतरंज जगत में और समरसता और शांति होनी चाहिये।'

इससे पहले दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन, फिडे अध्यक्ष अर्कादी डीवोरकोविच और भारत के अर्जुन एरिगेसी तथा निहाल सरीन ने भी क्रामनिक की आलोचना की थी।

## मानस धामने महा ओपन एटीपी चैलेंजर के क्वार्टर फाइनल में

**पुणे, एजेंसी**



वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले स्थानीय खिलाड़ी मानस धामने ने बुधवार को यहां महा ओपन एटीपी चैलेंजर 75 टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। कभी विश्व रैंकिंग में शीर्ष 50 खिलाड़ियों में शामिल रहे बेलारूस के इल्या इवाश्का चोट के कारण मैच के बीच से हट गए, जिससे धामने ने अंतिम आठ में जगह बनाई। उस समय धामने 3-6 से पीछे चल रहे थे। धामने का अगला मुकाबला क्रोएशिया के डुजे अजदुकोविच से होगा।

धामने और गैर वरीयता प्राप्त अजदुकोविच के अलावा ग्रेट ब्रिटेन के एलस्टेयर ग्रे और इटली के छठी वरीयता प्राप्त फेडेरिको सिना क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले अन्य खिलाड़ी हैं। अजदुकोविच ने पुर्तगाल के पांचवीं वरीयता प्राप्त के फ्रेडरिको फरेरा सिल्वा को 6-2, 6-2 से हराया। ब्रिटेन के ग्रे ने एक सेट से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए तीसरी वरीयता प्राप्त इलिया सिमाकिन को 4-6, 7-6(7), 7-5 से हराकर उलटफेर किया। युगल के पहले दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त सिद्धांत बंठिया (भारत) और अलेक्जेंडर डोंस्की (बुल्गारिया) ने लुका कैस्टेलनुओवो (स्विट्जरलैंड) और उइसुंग पार्क (कोरिया) को 7-6(5), 6-2 से हराया।

**शिखर धवन की बड़ी जीत**

**दिल्ली कोर्ट ने कहा-ऑस्ट्रेलियाई 'प्रॉपर्टी सेटलमेंट' भारतीय कानूनों के खिलाफ**

## एक्स-वाइफ को दिया 5 .72 करोड़ लौटाने का आदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**



पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन को दिल्ली के पटियाला हाउस फैमिली कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। जज देवेंद्र कुमार गर्ग ने सोमवार को फैसला सुनाते हुए धवन की पूर्व पत्नी आयशा मुखर्जी को लगभग 5.72 करोड़ रुपये (ऑस्ट्रेलियाई डॉलर में AU$812,397.50 AU$82,000) वापस करने का निर्देश दिया।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि ऑस्ट्रेलिया के फैमिली कोर्ट द्वारा दिए गए ''प्रॉपर्टी सेटलमेंट'' के आदेश भारत में लागू नहीं होंगे, क्योंकि यह भारतीय कानूनों के हिसाब से खासकर हिंदू मैरिज एक्ट के विपरीत है।

### कोर्ट के मुख्य आदेश

- आयशा को प्रॉपर्टी बिक्री से मिली कुल रकम (AU$812,397 .50 AU$82,000) धवन को लौटानी होगी।
- इस राशि पर मुकदमा दायर करने की तारीख से अंतिम भुगतान तक 9% सालाना ब्याज भी देना होगा।
- आयशा की ओर से ऑस्ट्रेलियाई आदेश के आधार पर Rs 16 .9 करोड़ की मांग को खारिज किया गया।
- मामला एकतरफा चला क्योंकि आयशा ने दिल्ली कोर्ट में जवाब दाखिल नहीं किया।

### कैसे शुरू हुआ विवाद?

धवन और आयशा (ऑस्ट्रेलियाई नागरिक) की शादी 2012 में हुई थी, लेकिन 2021 में अलगाव के बाद 2023 में दिल्ली कोर्ट ने ''क्रूरता'' के आधार पर तलाक दे दिया। तलाक के बाद ऑस्ट्रेलियाई फैमिली कोर्ट ने ''प्रॉपर्टी सेटलमेंट'' के तहत धवन को ऑस्ट्रेलिया में दो प्रॉपर्टी (बेरविक और क्लाइड नॉर्थ) की बिक्री से मिली रकम का बड़ा हिस्सा आयशा को देने का आदेश दिया था। भारतीय कानून में ऐसी संपत्ति का ''मैरिटल पूल'' बनाकर 60% तक पत्नी को देने का कोई प्रावधान नहीं है। धवन ने दिल्ली कोर्ट में याचिका दायर कर कहा कि ऑस्ट्रेलियाई कोर्ट में वे अपनी मर्जी से नहीं, बल्कि पूर्व पत्नी की धमकियों के कारण पेश हुए थे। आयशा ने धमकी दी थी कि अगर उन्होंने सहयोग नहीं किया तो करियर-बर्बाद करने वाला मटेरियल फैलाया जाएगा। कोर्ट ने माना कि यह सहमति जबरदस्ती, धोखे और धमकी से ली गई थी, इसलिए वह फाइनेंशियल एग्रीमेंट रद्द है।

### जज ने कहा:

"ऑस्ट्रेलियाई फैमिली लॉ एक्ट, 1975 के तहत ''प्रॉपर्टी सेटलमेंट'' का कॉन्सेप्ट भारतीय पब्लिक पॉलिसी, हिंदू मैरिज एक्ट, ट्रांसफर ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट और अन्य कानूनों के खिलाफ है। विदेशी आदेश भारत में स्वत: लागू नहीं होते, खासकर जब वे भारतीय मैट्रिमोनियल लॉ से मेल नहीं खाते।

## भारतीय बधिर टीम ने पहला एडीसीए टी-20 एशिया कप जीता

**कटक, एजेंसी।** भारतीय बधिर क्रिकेट टीम ने बुधवार को यहां श्रीलंका को छह विकेट से हराकर पहला एशिया कप टी20 टूर्नामेंट जीत लिया। भारतीय टीम ने इससे पहले प्रतियोगिता के पहले मैच में श्रीलंका को चार विकेट से हराया था और फिर नेपाल पर 10 विकेट से शानदार जीत दर्ज की थी।श्रीलंका ने टूर्नामेंट के तीसरे मैच नेपाल के खिलाफ छह विकेट से हराया था।

श्रीलंका ने फिर उलट मुकाबले में नेपाल को 157 रन से हराया जबकि भारत को एक रन से करीबी जीत के लिए कड़ी मेहनत करवाई। भारत ने अपने अगले मैच में नेपाल को नौ विकेट से हराकर फाइनल में जगह पक्की कर ली।

फाइनल में साई आकाश को 14 गेंद में 27 रन बनाने के साथ दो विकेट लेने के लिए ''प्लेयर ऑफ द मैच'' चुना गया।